RNI No-DELHIN/2017/75336
www.uttambharatnews.com
email:- uttambharat05@gmail.com
आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत, 2082
वर्ष : 09 अंक : 268
नई दिल्ली
मंगलवार, 14 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ : 12
मूल्य ₹ 3.00
@uttambharatofficial @uttambharat

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत



"सत्य, निष्पक्ष, भारत"
नई दिल्ली, हरियाणा से प्रकाशित एवं चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित

03 दक्षिणी दिल्ली जल संकट गहराया: तीन शीर्ष...
06 जातिवाद का जहर और दलित उत्पीड़न...
12 जब तक भाजपा सत्ता में है और मेरी उम्र है, लड़ते रहेंगे ...

## संक्षिप्त सार

### आईआरसीटीसी मामला में लालू, राबड़ी, तेजस्वी सहित कई लोगों पर आरोप तय



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को कथित भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और कई अन्य के खिलाफ कई आपराधिक आरोप तय कर दिए। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश (पीए एक्ट) विशाल गोगने ने आज मामले की सुनवाई की। इसमें बिहार के पूर्व रेल मंत्री पर भ्रष्टाचार, आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं। उनकी पत्नी राबड़ी देवी और पुत्र तेजस्वी यादव पर भी षड्यंत्र और धोखाधड़ी सहित कई आरोप तय हुये हैं। सभी आरोपियों ने अदालत से कहा कि वे इस मामले में निर्दोष हैं।

### पूर्व आईएएस अधिकारी कन्नन गोपीनाथन कांग्रेस में हुए शामिल



नई दिल्ली। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद चर्चा में आए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी कन्नन गोपीनाथन सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्हें पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा, जिग्नेश मेवाणी और कन्हैया कुमार भी मौजूद रहे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कन्नन गोपीनाथन उन साहसी अफसरों में से हैं, जिन्होंने हमेशा वंचितों और हाशिये पर खड़े लोगों के लिए आवाज उठाई। गोपीनाथन का कांग्रेस में आना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो न्याय और समानता की विचारधारा पर कायम है। गोपीनाथन ने 2019 में इस्तीफा दिया था, लेकिन आज तक वह स्वीकार नहीं किया गया है।

### शाह पहुंचे जयपुर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया स्वागत



जयपुर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के जयपुर आगमन पर सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एयरपोर्ट पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं आत्मीय अभिनंदन किया। शाह नए आपराधिक कानूनों के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित 6 दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करने जयपुर पंहुचे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, पूर्व विधायक सतीश पूनियां, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित गणमान्य-जन उपस्थित रहे।

# मोदी ने किसानों के लिए 35,000 करोड़ से अधिक की योजनाओं का किया शुभारंभ

नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक भव्य कृषि कार्यक्रम में देश भर के किसानों के साथ सीधा संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने किसान कल्याण और कृषि आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 35,440 करोड़ रुपए की दो महत्वाकांक्षी योजनाओं का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व सफलता हासिल करने वाले किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए दो प्रमुख योजनाओं, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भर मिशन की घोषणा की। प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना में 24,000 करोड़ रुपए का परिव्यय रखा गया है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और कृषि पद्धतियों में सुधार करना है। वहीं, दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन में 11,440 करोड़ रुपए के बजट के साथ यह मिशन देश को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित है। इन योजनाओं के अलावा, प्रधानमंत्री ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी 5,450 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। हरियाणा के हिसार जिले के एक चार्टर्ड अकाउंटेंट किसान ने बताया कि वे काबुली चने की खेती के साथ-साथ मूल्य संवर्धन पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने 'दुगारी वाले' ब्रांड के नाम से चना, लहसुन और पापड़ जैसे उत्पाद बनाने के लिए 20 महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया है। उनके उत्पाद जीएएम पोर्टल के माध्यम से सेना को भी बेचे जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने छोटे किसानों को समूह बनाकर खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसका एक सफल उदाहरण साझा करते हुए एक किसान ने बताया कि लगभग 1200 एकड़ भूमि पर अवशेष-मुक्त काबुली चने की खेती की जा रही है, जिससे बेहतर बाजार पहुंच और आय सुनिश्चित हुई है। गुजरात के अमरेली जिले के एक एफपीओ

### पीएम 15 को कार्यकर्ताओं से करेंगे सीधा संवाद

पटना/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 15 अक्टूबर को 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' अभियान के तहत बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। इसी कार्यक्रम के साथ बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा अपने प्रचार अभियान की औपचारिक शुरूआत कर देगी। बिहार में कुल 243 विधानसभा सीटों के लिये मतदान दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को होगा। चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही राज्य में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संवाद कार्यक्रम भाजपा की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक संदेश साझा करते हुये लिखा है कि, ह्यबिहार में भाजपा- राजग गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिये कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ काम कर रहे हैं। मुझे 15 अक्टूबर को ऐसे ही समर्पित कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' अभियान से जुड़ने और अपने सुझाव साझा करने की अपील भी की है।

## मास्टर प्लान देश की 'विकसित भारत' की यात्रा में एक आधारशिला : पीयूष



● केंद्रीय मंत्री गोयल ने लिखा, 'निर्बाध कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता को बढ़ावा देते हुए, पीएम गति शक्ति, विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा में एक आधारशिला है

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान (एनएमपी) के चार वर्ष पूरे होने की सराहना करते हुए कहा कि यह प्लान 2047 में 'विकसित भारत' की यात्रा में आधारशिला के रूप में सामने आया है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम गति शक्ति को एक गेमचेंजिंग पहल बताया। केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'पीएम गति शक्ति के 4 वर्ष पूरे होने पर यह प्रधानमंत्री मोदी की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसने 'संपूर्ण सरकार' दृष्टिकोण के माध्यम से भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर योजना को बदल दिया है।'
उन्होंने आगे लिखा, 'मंत्रालयों, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और क्षेत्रों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इंटीग्रेट कर इस प्लान ने परियोजना निष्पादन में गति, तालमेल और सस्टेनेबिलिटी लाने का काम किया है।' केंद्रीय मंत्री गोयल ने लिखा, 'निर्बाध कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता को बढ़ावा देते हुए, पीएम गति शक्ति, विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा में एक आधारशिला है।' पीएम मोदी ने 13 अक्टूबर 2021 को नई दिल्ली में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए गति शक्ति-नेशनल मास्टर प्लान का शुभारंभ किया था। डिजिटल प्लेटफॉर्म गति शक्ति इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स के लिए योजना के कार्यान्वयन के लिए कॉर्डिनेशन और इंटीग्रेटेड प्लानिंग के लिए रेलवे और सड़क मार्ग मंत्रालय सहित कई मंत्रालयों को एक साथ लाता है। अब 58 मंत्रालय/विभाग और सभी 36 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश इसमें शामिल हो चुके हैं, उनकी डेटा लेयर्स इंटीग्रेट हो चुकी हैं और उन्हें अपना स्वयं का भू-स्थानिक नियोजन पोर्टल दिया गया है। पीएम गति शक्ति योजना ने निर्बाध, मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और त्वरित आर्थिक विकास की नींव सफलतापूर्वक रखी है। इस योजना ने भारत में बड़े पैमाने की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित किया है।

## योगी ने हर फरियादी को दिया न्याय का भरोसा



● जनता दर्शन में इस बार 50 से अधिक फरियादी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास खुद गए, प्रार्थना पत्र लिया और संबंधित अफसरों को कार्रवाई का आदेश दिया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने नियमित 'जनता दर्शन' में एक बार फिर वह हर फरियादी से मिले। उन्होंने उनकी जनसमस्याएं को सुनकर अपनी प्राथमिकता को साबित किया प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों की समस्याएं मुख्यमंत्री ने स्वयं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हर शिकायत का निस्तारण तय समय सीमा के भीतर हो और समाधान के बाद पीड़ित से फीडबैक भी लिया जाए। सीएम योगी ने कहा कि 'जन-जन की सेवा, सुरक्षा और सम्मान ही हमारी सरकार का ध्येय है।'
जनता दर्शन में इस बार 50 से अधिक फरियादी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री हर पीड़ित के पास खुद गए, प्रार्थना पत्र लिया और संबंधित अफसरों को कार्रवाई का आदेश दिया। लोगों ने पुलिस, बिजली, आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य, आवास और जमीनी विवाद जैसे मुद्दों से जुड़ी शिकायतें रखीं। बुलंदशहर निवासी एक सीआरपीएफ जवान ने जमीन विवाद की समस्या बताई, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आप निश्चिंत होकर ड्यूटी कीजिए, न्याय दिलाना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि पूरे प्रकरण की जांच कर न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेताया कि किसी भी फरियादी को परेशान करने या फाइलों में लटकाने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दर्शन के जरिए सरकार एक बार फिर यह संदेश देने में सफल रही कि जनता की आवाज सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंच रही है, और समाधान भी उसी स्तर से तय हो रहा है। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री का मानवीय रूप भी सामने आया। फरियादियों के साथ आए बच्चों से उन्होंने आत्मीयता से बात की, उनके सिर पर हाथ फेरकर दुलार किया और चॉकलेट-टॉफी भी दी। बच्चों से कहा खूब पढ़ो, जमकर खेलो और माता-पिता का नाम रोशन करो।

## राजग में बिहार पर बनी सहमति, भाजपा और जद (यू) 101-101 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव



इस सहमति की घोषणा घटक दलों के नेताओं ने सोसल मीडिया के माध्यम से की। जानकारी के अनुसार सोमवार को पटना में इन दलों की बिहार इकाई के नेता संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संधोधित करेंगे जिसमें घोषित किया जाएगा कि कौन-कौन सा दल किस किस सीट पर उम्मीदवार उतारेगा।
समझौते की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा के बिहार के लिए चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर एक पोस्ट में दी। इससे पहले बिहार के उप मुख्ममंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने एक्स पर इस समझौते की सूचना सार्वजनिक कर दी थी।
प्रधान ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, हम राजग के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया। उन्होंने कहा कि राजग के सभी दलों के कार्यकर्ता और नेता इस सीट बंटवारे हर्षपूर्वक स्वागत करते हैं। श्री प्रधान ने अपने पोस्ट में लिखा बिहार है तैयार, फिर से राजग सरकार।

नई दिल्ली/पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर सत्तारूढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के बीच रविवार शाम को सहमति बन गयी जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल यूनाइटेड (जद यू) को एक बराबर 101-101 सीटें आवंटित की गयी हैं। पटना और दिल्ली में घटक दलों के नेताओं की करीब एक सप्ताह तक चली बैठकों के बाद बनी इस सहमति के तहत लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) एलजेपी (आर) -29, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (आरएलमो) - 06 और हिंदुस्तानी अवामी मोर्चा (हम) - 06 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेंगी। इसके साथ ही घटक दल अब प्रत्याशियों की घोषणाएं शुरू कर सकते हैं।
इस सहमति की घोषणा घटक दलों के नेताओं ने सोसल मीडिया के माध्यम से की। जानकारी के अनुसार सोमवार को पटना में इन दलों की बिहार इकाई के नेता संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संधोधित करेंगे जिसमें घोषित किया जाएगा कि कौन-कौन सा दल किस किस सीट पर उम्मीदवार उतारेगा।
समझौते की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री और भाजपा के बिहार के लिए चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर एक पोस्ट में दी। इससे पहले बिहार के उप मुख्ममंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने एक्स पर इस समझौते की सूचना सार्वजनिक कर दी थी।
प्रधान ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, हम राजग के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया। उन्होंने कहा कि राजग के सभी दलों के कार्यकर्ता और नेता इस सीट बंटवारे हर्षपूर्वक स्वागत करते हैं। श्री प्रधान ने अपने पोस्ट में लिखा बिहार है तैयार, फिर से राजग सरकार। बिहार विधान सभा की 233 सीटों के लिए छह और 11 नवंबर को होने वाले चुनावों के लिए सीट बंटवारे को लेकर राजग के घटकों के बीच कई दिनों में कई दौर की बैठक दिल्ली और बिहार में हुई थीं और गतिविधियों से लग रहा था कि सहमति में कठिनायी हो रही है। लेकिन आज राजग दलों में आपसी सहमति बन गयी कि कौन सा दल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा।
इससे पहले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार शाम में राष्ट्रीय चुनाव समिति एवं संसदीय बोर्ड की बैठक बुलायी थी। वहीं लोजपा के आधिकारिक एक्स हैंडल लोजपा(आर) से सीट बंटवारे की आधिकारिक जानकारी देते हुए लिखा कि ह्यराजग है तैयार, जीतने को बिहार। वहीं रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने अपने एक्स हैंडल सीट बंटवारे को शेयर करते हुए लिखा कि राजग साथियों ने मिल-बैठकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूरा किया। हम पार्टी के प्रमुख जीतनराम मांझी ने सीट बंटवारे की आधिकारिक घोषणा से पहले ही एक्स पर एक पोस्ट में यह साफ कर दिया था कि वह राजग सहयोगी के तौर पर चुनाव में उतरने जा रहे हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था, अभी मैं पटना निकल रहा हूँ वैसे एक बात बता दूँ मैंने पहले भी कहा था और आज फिर से कह रहा हूँ मैं जीतन राम मांझी अपने अंतिम साँस तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रहूँगा।

## धामी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट के इन फैसलों से महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं, प्रशासनिक व्यवस्था और विकास कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। कैबिनेट ने उत्तराखंड महिला एवं बाल विकास अधीनस्थ सुपरवाइजर सेवा नियमावली-2021 में संशोधन को मंजूरी दी। अब सुपरवाइजर के पदों पर 50% पदोन्नति कोटा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए रहेगा। पहले 40% पद आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और 10% मिनी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए सुरक्षित थे। भारत सरकार के निदेर्शानुसार सभी मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनवाड़ी केंद्रों में उच्चीकृत किया जा रहा है। रायपुर क्षेत्र में फ्रिज जोन में कैबिनेट ने राहत दी है। रायपुर के जिस क्षेत्र में विधानसभा परिसर प्रस्तावित है, उस रायपुर क्षेत्र के फ्रिज जोन में अब छोटे मकान (लो डेंसिटी हाउस) और छोटी दुकानों के निर्माण की अनुमति दी गई है। निर्माण के मानक आवास विकास विभाग तय करेगा। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अब 5 वर्ष की संतोषजनक सेवा के बाद अपने जीवनकाल में एक बार पारस्परिक स्थानांतरण कर सकेंगे। साथ ही, पर्वतीय से पर्वतीय व मैदानी से पर्वतीय जिलों में स्थानांतरण की व्यवस्था भी की जाएगी। समान नागरिक संहिता (वउउ) के तहत ऑनलाइन विवाह पंजीकरण प्रक्रिया में संशोधन को मंजूरी दी गई है। अब आधार कार्ड के अलावा नेपाल, भूटान और तिब्बती मूल के नागरिक अपने देश के नागरिकता प्रमाण पत्र या भारत में निवास से संबंधित वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर विवाह पंजीकरण करा सकेंगे। राज्य कर्मचारियों की अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण से संबंधित नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई है, जिससे कर्मचारियों को पदोन्नति में राहत मिलेगी। राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित करने की तिथि निर्धारण के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है।

**स्थापना दिवस** | **आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए हुए प्रयासों को प्रमुखता से करें प्रदर्शित**

## उद्योग और रोजगार वर्ष की थीम पर मनाया जाए प्रदेश का स्थापना दिवस : मुख्यमंत्री



● एक नवम्बर को राज्य उत्सव के रूप में मनेगा स्थापना दिवस
● राजधानी के साथ संभाग और जिला स्तर पर भी हों भव्य कार्यक्रम

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 1 नवंबर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस उद्योग एवं रोजगार वर्ष की थीम पर मनाया जाए। आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश को लेकर हुए नवाचारों और विशेष गतिविधियों का प्रभावी रूप से प्रस्तुतीकरण किया जाए। 'रोजगार के मंदिर हैं उद्योग' की थीम के साथ कौशल उन्नयन, तकनीकी शिक्षा, उद्यमशीलता के विकास सहित युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने वाली सभी गतिविधियों का स्थापना दिवस संबंधी कार्यक्रमों में प्रभावी और आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया जाए। साथ ही प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन गतिविधियों से अर्थव्यवस्था में आई गतिशीलता पर भी प्रस्तुतीकरण हों। स्थापना दिवस पर बीते दो वर्षों में हुए नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाए। स्थापना दिवस को राज्य उत्सव के रूप में मनाया जाए। भोपाल में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ सभी जिला और संभागीय मुख्यालयों पर भी भव्य कार्यक्रम आयोजित हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1 नवंबर मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के संबंध में मंत्रालय में सोमवार को हुई बैठक में यह निर्देश दिए। प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल एक नवम्बर को देंगे प्रस्तुति बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस 1 नवंबर को भोपाल में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रसिद्ध पार्श्व गायक जुबिन नौटियाल प्रस्तुति देंगे। लाल परेड ग्राउंड में होने वाले इस कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के भक्ति पदों की प्रस्तुति के साथ ही विरासत से विकास की थीम पर ड्रोन-शो होगा। साथ ही आतिशबाजी भी होगी। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर दो और तीन नवंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाल परेड ग्राउंड पर महानाट्य -सम्राट विक्रमादित्य की प्रस्तुति होगी। साथ ही दो एवं तीन नवम्बर को सुगम संगीत की प्रस्तुतियां भी होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्थापना दिवस समारोह की गतिविधियों में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के हितग्राहियों को भी शामिल किया जाए। उनके सम्मेलन और रैलियां आयोजित हों। साथ ही जिलों में प्रमुख उद्योगपतियों और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले व्यक्तियों और समूहों की उपलब्धियों को भी शामिल किया जाए। प्रदेश के सभी अंचलों में समान रूप से गतिविधियां हों, हर जिला अपनी प्रगति और उपलब्धियां जिला स्तर पर प्रस्तुत करे। साथ ही स्व-सहायता समूह और आईटीआई, पॉलिटेक्निक सहित अन्य संस्थाओं द्वारा युवाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों, कृषक संगठनों द्वारा किसान कल्याण के लिए संचालित गतिविधियों के प्रदर्शन को भी समारोह का हिस्सा बनाया जाए। बैठक में बताया गया कि स्थापना दिवस पर जननायकों के जीवन और अवदान पर भोपाल और जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

## लघु वनोपजों से आत्मनिर्भरता की राह:मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने तय किया हरित विकास का रोडमैप



● कलेक्टरझ्रडीएफओ कॉन्फ्रेंस: राज्य में वन धन केंद्रों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित कलेक्टरझ्रडीएफओ संयुक्त कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के वन प्रबंधन, तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित, लघु वनोपजों के मूल्य संवर्द्धन (वैल्यू एडिशन), ईको-टूरिज्म, औषधीय पौधों की खेती और वनों से जुड़ी आजीविका के विविध आयामों पर विस्तृत चर्चा हुई।
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक हितग्राहियों की संख्या आज 12 लाख से अधिक हो चुकी है, जो हमारे सामूहिक प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आवश्यकता इस बात की है कि हम वन उपज का अधिकतम वैल्यू एडिशन करें। उन्होंने कहा कि राज्य में वन धन केंद्रों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है, ताकि ग्रामीणों को अधिक आय के साधन मिल सकें और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि प्रदेश में अब 46 प्रतिशत वन आवरण हो चुका है, जो लगभग दो प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में कैम्पा योजना और 'एक पेड़ मां के नाम' जैसी अभिनव पहल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कॉन्फ्रेंस में जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को भुगतान सात से पंद्रह दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही भुगतान की जानकारी एसएमएस के माध्यम से सीधे संग्राहकों के मोबाइल पर भेजी जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में बताया गया कि लगभग 15 लाख 60 हजार संग्राहकों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज हो चुकी है और सभी भुगतान बैंक खातों के माध्यम से किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने तेंदूपत्ता संग्रहण प्रक्रिया के पूर्ण कंप्यूटरीकरण की पहल को और तेज करने के निर्देश दिए। कॉन्फ्रेंस में औषधीय पौधों की खेती के विस्तार हेतु प्रचार-प्रसार गतिविधियों को बढ़ाने और इसके लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अमले की सहायता लेने पर भी चर्चा की गई।

P-02:28 paga09_jhn.qxd 10/13/2025 9:38 PM Page 1



# वक्फ संपत्तियों की डिजिटल सुरक्षा हेतु वक्फ को ऑर्डिनेटरो की बैठक

*** सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने वक्फ संपत्तियो को ऑर्डिनेटर द्वारा उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने के दिए निर्देश**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** जिला मथुरा की वक्फ को ऑर्डिनेटरो की एक महत्वपूर्ण बैठक वक्फ कोऑर्डिनेटर जेड हसन की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान चंदनवन ए एच एम स्कूल की लाइब्रेरी में आयोजित की गई, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड से नियुक्त किए गए कोऑर्डिनेटर शामिल हुए बैठक में नियुक्त किए गए वक्फ को ऑर्डिनेटरों ने जिला मथुरा की वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराने का निर्णय लिया और सभी मुतवल्लियों को बताया कि वक्फ संपत्तियों को केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई उम्मीद पोर्टल पर सभी दस्तावेजों के साथ कॉर्डिनेटर द्वारा या उनसे सम्पर्क कर दिसंबर माह के अंत तक रजिस्ट्रेशन कराए।

बैठक में उपस्थित वक्फ कोऑर्डिनेटर डॉ. शबनम कुरैशी ने बताया कि उम्मीद पोर्टल भारत सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है इसके उद्देश्य देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाब देही को बढ़ाना है उम्मीद सेंट्रल पोर्टल वक्फ संपति डेटा को प्रबंधन करने के लिए एक केंद्रीय क्रिप डिजिटल प्लेटफॉर्म की पेशकश एक महत्वपूर्ण कदम है जो की वक्फ संशोधन अधिनियम 8 अप्रैल 2025 से पूरे भारत में प्रभावी हो चुका है उम्मीद पोर्टल पंजीकरण सत्यापन कानूनी ट्रैक के रूप में काम करेगी। अब वक्फ की संपत्तियों पर कोई अवैध कब्जा नहीं कर सकेगा। वक्फ संपत्तियों को खरीदने और बेचने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और ना ही कोई वक्फ किरायेदार अपनी मनमानी कर सकेगा।

वक्फ संपत्ति में रह रहे किराएदार उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के आदेश अनुसार वक्फ अधिनियम कंट्रोल रेंट एक्ट 72 के तहत सर्किल रेट किराया अदा करेगा। मीटिंग में उपस्थित वक्फ कोऑर्डिनेटर जेड हसन, डॉ .शबनम कुरेशी ,सैयद मशहूर अली, खालिद अली सिराज शाह आदि ने सहमति जताई।

# युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल सामग्री वितरण समारोह का हुआ सजीव प्रसारण

*** मथुरा में दस मंगल दल के युवा-युवतियों को विधायक ने वितरित की सामग्री किट**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल सामग्री का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 13 अक्टूबर सोमवार जुपिटर हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा उत्सव-2025, यूथ पार्लियामेंट-2025 के विजेता प्रतिभागियों का सम्मान, सांसद-विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ, विकासखंड स्तर पर संचालित युवा संवर्धन केंद्रों का शुभारंभ, सर्वोत्कृष्ट क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र वितरण आदि किया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट मथुरा स्थित एनआईसी में किया गया, जिसको विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी प्रेम शंकर गौतम, छेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रवि बाबू शर्मा, नरेंद्र सिंह, स्वाति पाण्डेय, तरुण गौतम, कनिष्ठ सहायक राहुल कुलश्रेष्ठ तथा मंगल दल के प्रतिनिधियों द्वारा देखा गया। जनपद मथुरा में विधायक बलदेव पूरन प्रकाश ने 10 मंगल दल के युवाओं एवं युवतियों को प्रोत्साहन सामग्री किट का वितरण किया गया। प्रोत्साहन सामग्री किट में परुषों को 5 फुटबाल, 5 वॉलीबाल, 1 वॉलीबाल नेट, 1 चेस्ट एक्सपेंडर, 1 एयर पंप आदि का वितरण किया गया। प्रोत्साहन सामग्री किट में महिलाओं को 5 फुटबाल, 5 वॉलीबाल, 1 वॉलीबाल नेट, 2 स्किपिंग रोप, 1 एयर पंप आदि का वितरण किया गया।

# संत प्रेमानंद महाराज स्वास्थ लाभ के लिए डा. शेख ने की सभी धर्मों के लोगों से प्रार्थना करने की अपील

**उत्तम भारत संवाददाता**





**मथुरा।** वंचितसमाज इंसाफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब डॉ शेख ने कहा कि अभी कुछ दिन से मथुरा वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज अस्वस्थ चल रहे है डॉ शेख ने कहा कि वी आई पी पार्टी सभी धर्मों के लोगों से अपील करती है कि भगवान से उन के स्वास्थ लाभ की कामना ओर प्राथना करे डॉ शेख ने कहा कि में मुस्लिम समुदाय से भी अपील करता हूं कि संत प्रेमानंद महाराज के जल्दी ठीक होने के लिए अल्लाह पाक से दुआ करे। डॉ शेख ने कहा कि आज हिंदुस्तान ही नहीं पूरी दुनिया में संत प्रेमानंद महाराज को। सभी धर्म के लोग पसंद करते हैं आज के नफ़रत भरे माहौल में संत प्रेमानंद महाराज ने हमेशा देशभक्ति भाईचारे आध्यात्मिक मार्गदर्शन नैतिक शिक्षा और प्रेम के साथ लोगों को ईश्वर के स्वरूप ओर धर्म की सच्ची परिभाषा को समझने में मदद करते है ओर साथ में देश प्रेम ओर विनम्रता और क्षमा जैसे गुणों को बढ़ावा देते हैं जिस से लोगों को आत्मज्ञान मिलता है डॉ शेख ने कहा कि ऐसे संत सभी धर्मों को लाभ पहुंचा ते है उधर श्री शेख ने कहा कि उनकी पार्टी सनातन धर्म के नाम पर सी जे आई गवाई पर जूता फेंकने पर कड़े शब्दों में निंदा करती है और साथ ही यह मांग करती है ऐसे अधिवक्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। डॉ शेख ने कहा कि संत प्रेमानंद महाराज से मिलने का समय लेने की कोशिश करूंगा, अगर मिलने का समय मिलता है तो जरूर संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने जरूर जाऊंगा।

# संस्कृति विवि में महिला सशक्तिकरण पर हुई चर्चा

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति चरण 5.0 के अंतर्गत, ÷आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण÷ विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रो. एम. बी. चेट्टी ने राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर ज़ोर दिया। मुख्य अतिथि, जिला रोजगार अधिकारी, सुश्री सुगंधा जैन ने एक सारगर्भित व्याख्यान के साथ उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए बनाई गई विभिन्न सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तीकरण से जुड़े सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और कानूनी मुद्दों पर संवेदनशीलता और सरोकार व्यक्त किया जाता है। सशक्तीकरण की प्रक्रिया में समाज को पारंपरिक पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के प्रति जागरूक किया जाता है, जिसने महिलाओं की स्थिति को सदैव कमतर माना है। वैश्विक स्तर पर नारीवादी आंदोलनों और यूएनडीपी आदि अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने महिलाओं के सामाजिक समता, स्वतंत्रता और न्याय के राजनीतिक अधिकारों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। महिला सशक्तीकरण, भौतिक या आध्यात्मिक, शारिरिक या मानसिक, सभी स्तर पर महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। उनके सत्र में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के बारे में जागरूकता और महिलाओं के विकास और उद्यमिता को समर्थन देने वाले कई प्रोत्साहन-आधारित कार्यक्रम भी शामिल थे। कार्यक्रम का समापन सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा के विशेष संबोधन के साथ हुआ, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और छात्राओं को समाज में महिलाओं की आत्मनिर्भरता और नेतृत्व को मजबूत करने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम से प्रतिभागियों को व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए सरकारी योजनाओं और अवसरों का पता लगाने के लिए प्रेरणा मिली। कार्यक्रम की समनव्यक संस्कृति स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एवं आईटी विभाग की डॉ रीना रानी थी।

# 01 वारण्टी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**



**खजुरिया।** थाना खजुरिया,रामपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी तौफीक पुत्र मौ0 नवी ग्राम सिसौना थाना खजुरिया जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद स0 1436/25 मु0अ0स0 34/25 धारा 126(2),115(2),351(2),35 2 बीएनएस को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

# विशेष अभियान चलाया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**




**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह के निर्देश पर आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) 11/ अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा 11 से 13 अक्टूबर, 2025 तक विशेष अभियान चलाया गया।

विशेष छापामार अभियान में मिलक स्थित मनोज स्वीट हाउस से बूंदी मिठाई का तथा बन्द्रा स्वीट के हेमराज चन्द्रा से सोनपापड़ी का 01-01 नमूना लिया गया और लगभग 10 किग्रा0 दूषित मिटाई (अनुमानित कीमत 1200/-) को नष्ट कराया। मौके पर पायी गयी अस्वास्थ्यकर एवं अस्वच्छकर परिस्थितियों के पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 की धारा 32 के अन्तर्गत सुधार सूचना निर्गत की जायेगी।

# हाकी प्रतियोगिता का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** पं0 दीन दयाल जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जूनियर बालक हाकी प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स सींगन खेड़ा में किया गया जिसमें जनपद की 08 टीमों, राजकीय वाकर इं.का., स्मार्ट इण्डियल मॉडल स्कूल, सिम्स वलब, ग्लोबल इण्टरनेशनल स्कूल, आईडेन्टटी स्कूल, उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपूर कला उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंगनखेड़ा बालक हॉकी छात्रावास रामपुर की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद् घाटन वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री रणजीत सिंह के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाडियों को खेल भावना से खेलने की प्रेरणा भी दी तथा ग्रामीण से निकलने वाली प्रतिमा को भी बताया। इस प्रतियोगिता का पहला मैच बालक हाकी छात्रावास एवं राजकीय वाकर इण्टर कालेज के मध्या खेला गया। जिसमें छात्रावास की टीम ने राजकीय वाकर इण्टर कालेज की टीम को 6-2 से पराजित किया। छात्रावास की टीम के मानवेन्द्र ने 4 गोल तथा पूजन ने 1 गोल आकाश पटेल गोल तथा राजकीय वाकर इण्टर कालेज के सानिध्य आर्येन कनौजिया ने 1-1 गोल किया।

# महिलाओं को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सैफनी।** नगर में जनता इंटर और सरसैयद इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति 5.0 फेज के अंतर्गत साइबर अपराध और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

इसी क्रम में, ग्राम रूपपुर थाना सैफनी क्षेत्र में थाना प्रभारी अजय मिश्रा के नेतृत्व में चौपाल लगाकर विशेष महिला सुरक्षा दल द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, जैसे वृद्धा/विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर चर्चा की गई। साथ ही, उन्हें महिला हेल्पलाइन्स 1090 (महिला पावर लाइन), 112 (पुलिस), 102 (स्वास्थ्य/जच्चा-बच्चा) और 108 (एम्बुलेंस) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज़ उठाने और उनके अधिकारों के बारे में बताया गया।

एस आई नरेश उपाध्याय और एल सी पूजा सिंह ने छात्राओं को मोबाइल से पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया से होने वाली परेशानियों और साइबर अपराधों से बचाव के गुर सिखाए। पुलिस टीम ने महिलाओं को मारपीट व छेड़छाड़ से बचाव के तरीके बताए और पंपलेट वितरित किए। महिला सुरक्षा दल ने रास्ते में आती-जाती महिलाओं और युवतियों को भी सुरक्षा के टिप्स दिए।

# छापामार कार्यवाही एजेंसीयों के लिए रूटीन का हिस्सा लेकिन विरोधी फैलाते रहे अफ्वाह

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मीट कारोबारी के यहां हुई छापामार कार्यवाही से क्षेत्र मे तरह तरह की अफ्वाहें होती रही। इस छापामारी से मीट कारोबारियों के विरोधियों को अफ्वाहें फैलाने का मौका मिल गया। जबकि इनकम टैक्स डिर्पाटमेंट और उसकी सहयोगी ऐंजसियां इस तरह की कार्यवाहियां शिकायत मिलने पर अमल मे लाती रहती हैं, यह कोई बड़ी बात नही है। वित्त मंत्रालय द्वारा शिकायत मिलने पर इस तरह की छापेमारी का होना कोई बड़ी बात नहीं हैं क्योंकि देश की नामचीन व्यवसाय करने वाली हस्तियां रूटीन की चैकिंग का हिस्सा बनती रहती हैं। जिसमे से एक सम्भल जनपद के मीट कारोबारी भी हैं। इस छापामारी को विरोधियों ने तरह तरह की अफ्वाहें फैलाकर हवा देने का प्रयास किया लेकिन वह नाकाम रहे।

# जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से की अपील

*** विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान में जनपद प्राप्त करे सर्वोच्च स्थान - जिलाधिकारी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जिला पंचायत अध्यक्षों, सदस्यों, ब्लॉक प्रमुखों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों, नगर निकायों के अध्यक्ष व सदस्यों, ग्राम प्रधानों एवं सदस्यों के साथ किये गये संवाद के क्रम में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जनपदवासियों से अधिकतम सहभागिता की अपील की। उन्होने कहा कि जनपदवासी क्यूआर कोड या वेबसाइट के माध्यम 31 अक्टूबर तक अपना बहुमूल्य सुझाव अवश्य दें। श्री बंसल ने कहा कि मंथन गोष्ठियों के लिए जारी रोस्टर के अनुसार संबंधित सभी अधिकारी अपने दायित्वों का पूर्ण निर्वहन सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों, नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं एवं नगर निगम के वार्डो में अधिकतम जनसहभागिता के साथ आमजनों को संवेदीकृत करना सुनिश्चित करें। गोष्ठी जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में वृहद रूप से आयोजित करते हुए फीडबैक दिलाना सुनिश्चित किया जाए। जनपद फीडबैक देने के संबंध में सर्वोच्च स्थान पर रहे। प्रयास किया जाए कि प्रत्येक घर से फीडबैक आए। इसमें सभी वर्गो के लोग सम्मिलित हों। पुरूष, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, संभ्रान्तजन, सेवानिवृत्त व्यक्ति शामिल हों जिससे विचारों में समग्रता रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि शताब्दी मिशन अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति एवं जीवन शक्ति की थीम पर चिन्हित 12 सैक्टरों कृषि एवं सम्बद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी एवं इमर्जिंग टैक्नोलोजी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम विकास, देकर विजन डाक्यूमैंट बनाने में सहयोग दें।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति अभियान में छात्राओं को किया जागरूक

*** कोई भी घटना होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर पर दे सूचना.. .सिद्धार्थ वर्मा**

*** लगन व मेहनत से शिक्षा हासिल कर, माता पिता की अपेक्षाओं को करें पूरा...सुरेन्द्र चौहान**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था दिल्ली पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा संचालित योजनाओं व कानूनो की जानकारी देने के साथ ही साइबर क्राइम के प्रति भी जागरूक किया गया।

स्थानीय दिल्ली रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एस.पी. ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान, साइबर क्राइम थाना प्रभारी संजय कुमार,महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर ,स्कूल की प्रिन्सिपल आदेश सिसोदिया एवं कोऑर्डिनेटर सोनम अत्री ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य छात्राओ को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। ताकि कानूनों की जानकारी होने पर किसी भी तरह की घटना के खिलाफ कार्रवाई कराई जा सके। उन्होंने छात्राओ को शासन की योजनाओं व कानूनों की जानकारी प्रदान करते हुए बेखोफ होकर अपने साथ होने वाली किसी घटना का विरोध करने का आहवान किया।

प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि सभी बच्चे अपना लक्ष्य निर्धारित कर लगन व मेहनत के साथ शिक्षा हासिल करे तथा अपने माता पिता को अपेक्षाओ को पूरा करे उन्होंने कहा कि लाइसेंस बनने तक बच्चे वाहन न चलाये क्योंकि दुर्घटना होने पर उसका खामियाजा परिवार को पूरे भुगतना पड़ता है

महिला थाना प्रभारी बबीता तोमर ने छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों,हेल्पलाइन नम्बर व शासन की कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी तथा किसी भी परिस्थिति में न घबराकर अपना बचाव करने की अपील की

साइबर क्राइम थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि आज साइबर अपराधी ठगी के नये नये तरीके अपना रहे है इसलिए किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओ टी पी न बताये तथा व्हाट्सअप पर आने वाले किसी भी अनजान लिंक को न खोले तथा कोई भी घटना होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दे।

स्कूल की प्रधानाचार्य आदेश सिसोदिया ने सभी अतिथियों का आभार जताया तथा बच्चों से अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस दौरान महिला थाना की उपनिरीक्षक अर्शिया कुरेशी, थाना साइबर क्राइम प्रभारी संजय कुमार व उपनिरीक्षक आशीष चौधरी के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# ऑपरेशन सवेरा से खेलों को जोड़ने के लिए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने किया नवाचार

***13 से 19 अक्टूबर ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारम्भ**

**उत्तम भारत संवाददाता**




**सहारनपुर।** जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल के निर्देशों के अनुपालन में ऑपरेशन सवेरा के तहत ग्रामीण युवाओं को खेलों के प्रति आकृषित करने एवं युवाओं में नशे की लत से बचाने के दृष्टिगत ग्रामीण स्तर पर 13 से 19 अक्टूबर तक खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी की पहल से प्रतिभागियों सहित ग्रामवासियों में काफी उत्साह देखने को मिला एवं सभी ने इस पहल की सराहना की।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी बच्चों एवं युवाओं को 4ह्व1ड्डह्यड्डह्लद्धद्ध.द्वठ्ठ पोर्टल पर पंजीकरण करते हुए अधिकाधिक संख्या में खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए कहा। उन्होने कहा कि आयोजित होने वाले खेलों में एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, जूडो में प्रतिस्पर्धा होंगी। विजयी टीम एवं खिलाडी ÷माननीय सांसद एवं माननीय विधायक खेल स्पर्धा÷ में प्रतिभाग करेंगे। उन्होने कहा कि खेल प्रतिस्पर्धा होने से सभी बेहतर खिलाडियों को प्रोत्साहन मिलता है साथ ही खेल के प्रति रूचि जागृत होती है। वर्तमान जीवनशैली एवं स्वस्थ रहने के लिए खेल जीवन का अहम हिस्सा है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। जनपद की 120 ग्राम पंचायतों में आज खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी जिनमें 15 हजार से अधिक खिलाडियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विजयी टीम एवं खिलाडियों को पुरस्कार दिये गये। खेल प्रतियोगिताओं के समय दर्शकों की काफी भीड़ रही। बच्चों ने खेलों में बढ-चढ कर हिस्सा लिया।

जिलाधिकारी ने इस संबंध सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन रणनीति बनाते हुए भव्य रूप से कराया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में खेल को प्रोत्साहित करने वाली प्रतियोगिताएं हों।

# प्रदेश में नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित कार्यक्रम आयोजित

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** मुख्यमंत्री, उ0प्र0 योगी आदित्य नाथ द्वारा प्रदेश में नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित ÷मिशन शक्ति-5.0÷ का शुभारम्भ किया गया है, जिसके अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को और अधिक सुरक्षित एवं सशक्त बनाने के लिए प्रदेश के प्रत्येक थाने में ÷मिशन शक्ति केन्द्र÷ की स्थापना की गयी है। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा सहारनपुर जनपद के अधिकारियों को ÷मिशन शक्ति-5.0÷ के सफल क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम मे थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर की मिशन शक्ति केन्द्र टीम को जानकारी हुई कि तीन लड़के भोगपुर पुलिया मुजफ्फराबाद पर आने जाने वाली महिलाओ/लड़कियो पर अश्लील फब्तियां कस रहे है। इस सूचना पर मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर तीनो लड़को में रितिक पुत्र रवि निवासी ग्राम धारकी थाना रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर, विशाल पुत्र यशपाल हाल निवासी मकान नं. 511 स्ट्रीट नं0 7 डा0 अम्बेडकर नगर माडल टाउन लुधियाना पंजाब शिवम पुत्र महिपाल निवासी ग्राम धारकी थाना रामपुर मनिहारान जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया तथा थाना फतेहपुर पर तीनो लड़को के विरूद्ध मु0अ0स0 278/25 धारा 296 बीएनएस पंजीकृत कर चालान किया गया। पुलिस के इस कार्य की लोगो द्वारा प्रसंशा की जा रही है।

# डीआईजी ने सुना आमजनमानस की शिकायतों को तथा त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए आदेश

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सहारनपुर।** शासन द्वारा निर्गत आदेशों-निर्देशों के क्रम में आज पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान डीआईजी ने आमजनमानस की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना तथा समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर महोदय द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से किया जाए और शिकायतकर्ता को उसकी प्रगति से अवगत कराया जाए।

# छठ घाट पर होगा छठ पूजा का भव्य आयोजन

*** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने किया छठ घाट का निरीक्षण**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सहारनपुर।** गंगोह रोड़ स्थित बड़ी नहर पर छठ पूजा का त्यौहार भव्य रुप से आयोजित किया जायेगा। इसके लिए महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज निगम अधिकारियों के साथ छठ पूजा घाट का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि आज गंगोह रोड स्थित छठ पूजा घाट पर पहुंचे और छठ पूजा की तैयारियों को लेकर जायजा लिया। नदी पर पुल निर्माण कार्य चलने के कारण व्यवस्थाओं में थोड़ा परिवर्तन किया गया है। पूर्वांचल समिति के पदाधिकारियों के सुझाव पर घाट तक पहुंचने के लिए पुल से रैम्प बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने नदी एवं घाटों की साफ सफाई कराकर रंगाई-पुताई के साथ उसका पूरा सौंदर्यीकरण करने पर भी जोर दिया। नगरायुक्त ने श्रद्धालुओं के स्वागत को गंगोह रोड पर शुगर मिल पुलिस चौकी व महाड़ी सहित पांच भव्य गेट बनवाने, दीपोत्सव की तरह घाट व आसपास प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

महापौर ने नदी में जगह-जगह इकट्ठा हुई मिट्टी को निकालकर घाट के किनारों का मिट्टी से भराव कराकर समतल करने, घाट पर भव्य मंच बनाने, श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ लगाने तथा आस पास श्रद्धालुओं का स्वागत करने वाले फलेक्स लगवाने आदि की व्यवस्था के सम्बंध में निर्देश दिए। पूर्वांचल समिति के पदाधिकारियों हरिशरण तिवारी, संदीप रावत, रमाशंकर सिंह, राकेश राणा, सोनू सिंह, मातम यादव, राजा यादव, अनिल गिरि, अभिषेक सिंह, भारत यादव, अवधेश तिवारी, दीपक कुमार, ठाकुर प्रिंस सिंह, संतोष चौहान, हेमंत यादव आदि द्वारा दिए गए सुझावों पर नगरायुक्त ने अधिकारियों को व्यवस्थाओं के सम्बंध में और भी कई निर्देश दिए।

इस दौरान अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह व आलोक श्रीवास्तव, जेडएसओ राजीव चौधरी के अलावा पार्षद नीरज शर्मा, वीरेंद्र उपाध्याय, समीर अहमद, पार्षद प्रतिनिधि राकेश कल्याण आदि शामिल रहे।

# गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में अभियुक्त को 02 वर्ष का कठोर कारावास

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में सशक्त पैरवी के चलते माननीय न्यायालय अपर-सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 जनपद सहारनपुर द्वारा गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में अभियुक्त को 02 वर्ष का कठोर कारावास व 05 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। उल्लेखनीय है कि हरेन्द्र सिंह थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर द्वारा कुशपाल पुत्र सोमपाल निवासी आर के पुरम थाना सदर बाजार,अमरदीप पुत्र ताहर सिंह नि0 ताहरपुर थाना को0देहात व अंकित पुत्र हुकम सिंह नि0 उपरोक्त जनपद-सहारनपुर द्वारा सुसंगठित गैंग बनाकर अवैध सम्पत्ति अर्जित कर जनता मे भय व आंतक व्याप्त करने की सूचना पर मु0अ0स0-531/2021 धारा 2/3 गैग0 एक्ट थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर पर पंजीकृत कराया गया। जिसमें उपरोक्त विवेचना अभियोग एसटी नं0-1639/2022 पर माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में OPERATION CONVICTION में चिन्हित मॉनिटरिंग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासो के चलते माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-05 जनपद सहारनपुर द्वारा आज अभियुक्त कुशपाल पुत्र सोमपाल निवासी आर0के0 पुरम थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर को अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# सीएआरएएच महिला फाउंडेशन ने नगर निगम (पश्चिमी क्षेत्र) और शिक्षा विभाग, पश्चिमी दिल्ली के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह मनाया

उत्तम भारत संवाददाता,नई दिल्ली । सीएआरएएच महिला फाउंडेशन ने दिल्ली नगर निगम (पश्चिम क्षेत्र) और शिक्षा विभाग के सहयोग से 13 अक्टूबर 2025 को सर्वोदय कन्या विद्यालय, विकास पुरी में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में और लड़कियों के नेतृत्व और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया।यह कार्यक्रम वैश्विक थीम 'मैं जो लड़की हूँ, मैं जो बदलाव लाऊँगी: संकट के मोर्चे पर लड़कियाँ' के अंतर्गत आयोजित किया गया था और इसमें भारत सरकार के अभियान 'स्वस्थ नारी: सशक्त परिवार' को बढ़ावा दिया



- तीन प्रसिद्ध मॉल्स में परिचालन ठप होने का खतरा
- 70% शौचालय बंद, रेस्तरां स्वच्छता बनाए रखने में विफल
- लाखों का कारोबार और हजारों रोजगार दांव पर

गया। इसमें लड़कियों की शक्ति, लचीलेपन और नेतृत्व का जश्न मनाया गया, संकट से निपटने और स्वस्थ, अधिक समतामूलक समुदायों के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया, साथ ही हर लड़की को बदलाव का नेतृत्व करने की अपनी शक्ति पर विश्वास करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन एमसीडी (पश्चिम क्षेत्र) के डिप्टी कमिश्नर कर्नल विनोद अत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में किया और इसमें एमसीडी दिल्ली के अतिरिक्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. पी. अहीर, सीएआरएएच महिला फाउंडेशन के तकनीकी सलाहकार और एनसीडीसी के पूर्व निदेशक डॉ. सुजीत सिंह और शिक्षा उपनिदेशक डॉ. सुधा सिंह के साथ-साथ स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षकों सहित गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। अपने संबोधन के दौरान, कर्नल अत्री ने लड़कियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, आपमें से कुछ असाधारण रूप से प्रतिभाशाली और दृढ़ हैं—आप हमेशा चुनौतियों का डटकर सामना करती हैं। अगर आपको नजरअंदाज किया जाए, तो अपनी आवाज जोर से और साफ तौर पर उठाएँ। कभी यह न कहें कि आप यह नहीं कर सकतीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लड़कियों के बिना दुनिया बेरंग और अधूरी होगी। एक निजी उदाहरण देते हुए, उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपनी बेटी में बहुत छोटी उम्र से ही बहादुरी का गुण विकसित किया। तकनीकी सत्रों में किशोर स्वास्थ्य, स्वच्छता, लैंगिक संवेदनशीलता, प्रजनन स्वास्थ्य और समुदाय-आधारित रोग निवारण जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। इनका नेतृत्व डॉ. जयंती सिंह, डॉ. बी.एन. नागपाल, श्रीमती गुणमृत कौर और डॉ. (कैप्टन) एन.आर. तुली, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, एमसीडी (पश्चिम क्षेत्र) सहित विशेषज्ञों ने किया। अपने स्वागत भाषण में, CARAH महिला फाउंडेशन की संस्थापक और प्रबंध निदेशक डॉ. रूप कुमारी ने शिक्षा, स्वास्थ्य और नेतृत्व के माध्यम से लड़कियों को सशक्त बनाने पर जोर दिया और कहा कि 'जब लड़कियां आगे बढ़ती हैं, तो राष्ट्र चमकता है।' जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने 30 वर्षों के अनुभव का उपयोग करते हुए, उन्होंने रोग नियंत्रण, स्वास्थ्य शिक्षा और महिला सशक्तिकरण में सरकारी प्रयासों को मजबूत करने हेतु एक सहयोगी मंच के रूप में उअफ्श्ल महिला फाउंडेशन की स्थापना के पीछे अपने दृष्टिकोण को साझा किया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला से लूटपाट के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने महिला से लूटपाट के मामले का खुलासा करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बिट्टू (33) और शिशपाल उर्फ लीलू (35) के रूप में हुई है। दोनों हिसार (हरियाणा) के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटी गई रकम 45,000 रुपए, शिकायतकर्ता का कैनरा बैंक एटीएम कार्ड और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि शिकायतकर्ता इंद्राज कॉलोनी, बावाना निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 3 अक्टूबर को कुछ लोगों ने उसका एटीएम कार्ड जबरन बदल लिया और उसके खाते से 60,000 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने महिला के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

### दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 6 अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

नई दिल्ली। बाहरी जिले की पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे छह अफ्रीकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई निहाल विहार थाना क्षेत्र में की गई। पुलिस की गश्ती टीम ने सतर्कता दिखाते हुए सभी को मौके पर पकड़ लिया। बाद में सभी को कानूनी प्रक्रिया के तहत विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया है ताकि उनके निर्वासन की कार्रवाई पूरी की जा सके। बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने सोमवार को बताया कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए अभियान तेज किया गया है। निहाल विहार थाने की टीम ने 10 अक्टूबर को चंदर विहार इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि कुछ विदेशी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के एक मकान में रह रहे हैं। सूचना मिलते ही टीम ने छापा मारा। पुलिस को देखकर छह विदेशी नागरिक भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया।

### नकली सिगरेट बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की पूर्वी रेंज-कअपराध शाखा ने नकली और प्रतिबंधित सिगरेट की बिक्री में शामिल चार व्यापारियों के एक बड़े गिरोह का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई के दौरान, पुलिस ने लगभग 2.40 नकली और प्रतिबंधित सिगरेट बरामद की हैं। दिल्ली पुलिस की पूर्वी रेंज-1 अपराध शाखा को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध सिगरेट बेचने के लिए आए हुए हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए, एसीपी सुनील श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर लिछमन और एसआई जितेंद्र के नेतृत्व में अपराध शाखा की एक टीम ने निलोठी एक्सटेंशन, दिल्ली में छापा मारा। छापेमारी के दौरान पवन गुप्ता और दिलीप यादव को एक टेंपो के साथ पकड़ा गया, जिसमें नकली आईटीसी गोल्ड फ्लेक सिगरेट के 14 कार्टन थे। जांच में कार्टन के अंदर लगभग 1.6 लाख सिगरेट रखी हुई थी। इसके बाद मेसर्स आईटीसी लिमिटेड के प्रतिनिधि ने मौके पर ही नकली होने की पुष्टि की।

### मां दुर्गा के बंगाल में महिलाएं असुरक्षित हैं: बांसुरी स्वराज

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ गैंगरेप के मामले को लेकर सियासत गरमा गई है। इसी कड़ी में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि मां दुर्गा के बंगाल में महिलाएं असुरक्षित हैं। दुर्गापुर मेडिकल कॉलेज सामूहिक बलात्कार मामले पर भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, मां दुर्गा के बंगाल में महिलाएं असुरक्षित हैं। मैं एक बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा करने आई हूं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि ममता बनर्जी के बंगाल में महिलाएं असुरक्षित हैं। समाज के लिए यह और भी दर्दनाक और शर्मनाक है कि राज्य की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पीड़ितों को शर्मिंदा करने और उन्हें ही दोषी ठहराने में लगी हैं, और सारा दोष पीड़ितों पर ही मढ़कर असंवेदनशीलता का परिचय दे रही हैं।

## हमारा ध्यान केवल समस्याओं के समाधान पर

# आशीष सूद ने जनकपुरी में तीन करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

- उत्तर नगर में पुरानी पानी की लाइन बदलने का कार्य, दयाल सर रोड से शुक्र बाजार तक सीवर सुधार कार्य का शुभारंभ किया

लिशा शर्मा

नई दिल्ली। दिल्ली के शिक्षा मंत्री एवं स्थानीय विधायक आशीष सूद ने सोमवार को जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से कई प्रमुख कार्यों का शुभारंभ किया।



इसमें सीतापुरी में पुरानी सीवर लाइन का प्रतिस्थापन, महावीर एन्क्लेव में सीवर लाइन बदलने का काम, जीवन पार्क क्षेत्र में नई एचडीपीई पानी की लाइन बिछाने का कार्य, उत्तर नगर में पुरानी पानी की लाइन बदलने का कार्य, दयाल सर रोड से शुक्र बाजार तक सीवर सुधार कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सूद ने कहा कि रेखा सरकार के नेतृत्व में दिल्ली में जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जनकपुरी में आधारभूत सुविधाओं को सशक्त बनाना हमारी प्रतिबद्धता है ताकि हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर जीवन सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि पिछले करीब दस वर्षों से जनकपुरी विधानसभा में रखरखाव के नाम पर सीवर और पानी की लाइनों पर कोई काम नहीं हुआ था, लेकिन अब हमारी सरकार जनता को स्वच्छ पानी और बेहतर सीवर व्यवस्था देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सूद ने कहा कि जनकपुरी में पिछले 27 वर्षों में विशेष रूप से पिछले एक दशक में विकास और जन-सुविधाओं के क्षेत्र में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पिछली सरकार के कार्यालय में जनकपुरी उपेक्षा का शिकार रहा है। हमें विरासत में टूटी सड़कें, जर्जर सीवर लाइन, पीने के पानी किल्लत, बिजली की अनियमितता और अव्यवस्थित तारों का जाल मिला, लेकिन हमारी सरकार दोषारोपण में विश्वास नहीं करती। हमारा ध्यान केवल समस्याओं के समाधान पर है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व दिल्ली के सभी क्षेत्रों में विकास के कई स्तरों पर काम किया जा रहा है। इसके साथ ही मंत्री ने उत्तम नगर, बाल उद्यान रोड पर मोबाइल वैन में बैठ कर लोगों की समस्याओं को सुन कर उनको रजिस्टर में लिखा। उन्होंने कह कि सभी क्षेत्रीय समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के निवासी जो विधायक कार्यालय आने में असमर्थ हैं, उनके लिए यह मोबाइल वैन उनके दरवाजे पर भेजने की भी व्यवस्था की गई है। सूद ने कहा कि मोबाइल वैन को जनता के द्वार तक पहुंचाना दिल्ली की किसी भी विधानसभा में नया प्रयोग है। इससे न केवल जनता विधायक से अपना जुड़ाव महसूस करती है बल्कि लोगों को अपनी समस्या का शीघ्र समाधान भी मिल जाता है।

### ठगी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार



नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिले की साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान मोहम्मद अकबर (32) और रूपेंद्र कुमार (36), दोनों दिल्ली निवासी, के रूप में हुई है। आरोपित नकली वेबसाइट और फर्जी जॉब कंसल्टेंट बनकर लोगों से पैसे ऐंठते थे। बाहरी उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्तहरेश्वर स्वामी ने सोमवार को बताया कि रोहिणी सेक्टर-28 निवासी शिकायतकर्ता एक महिला ने बताया था कि उन्हें एक व्यक्ति ने स्टेप्स 4 कैरियर.कॉम के नाम से नौकरी दिलाने का झांसा दिया और पैनल एडवोकेट की पोस्ट के लिए 39,498 रुपये विभिन्न शुल्कों के रूप में वसूले, लेकिन भुगतान के बाद न तो नौकरी मिली, न पैसा लौटा। शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर गोविंद सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी के जरिये पता लगाया कि ठगी की रकम एक्सिस बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के खातों में ट्रांसफर की गई थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अकबर और रूपेंद्र को दिल्ली से गिरफ्तार किया, जबकि तीसरा आरोपित प्रद्युमन पांडे अब भी फरार है। जांच में सामने आया कि प्रद्युमन पांडे मुख्य मुख्य आरोपित है, जो दूसरों के बैंक खातों का इस्तेमाल ठगी की रकम जमा करने के लिए करता था। रूपेंद्र मध्यस्थ की भूमिका निभाता था, जो अकबर और अन्य स्थानीय लोगों के खातों की व्यवस्था करता था। बदले में वह 10 प्रतिशत कमीशन लेता था।

### 'तांत्रिक' बनकर इंस्टाग्राम पर ठगी करने वाला साइबर ठग गिरफ्तार



नई दिल्ली। नई दिल्ली जिले की साइबर थाना पुलिस टीम ने एक ऐसे साइबर ठग को गिरफ्तार किया है, जो इंस्टाग्राम पर खुद को ऑनलाइन ह्यतांत्रिकह्ल बताकर लोगों से लाखों रुपये की ठगी कर रहा था। पकड़े गए आरोपित की पहचान झुंझुनूं राजस्थान निवासीराहुल (20) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपित सोशल मीडिया पर लोगों के भय और आस्था का गलत फायदा उठाकर उन्हें ठगता था। नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने सोमवार को बताया कि मामला तब सामने आया जब चाणक्यपुरी निवासी एक महिला ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उन्होंने इंस्टाग्राम पेज पर एक ह्यस्पिरिचुअल हीलरह्ल का अकाउंट देखा था, जो यह दावा करता था कि वह विशेष पूजा-पाठ और तंत्र-मंत्र के जरिए लोगों की निजी समस्याओं को दूर करता है। आरोपित ने महिला को यह कहकर डराया कि उनके घर में आत्माओं का साया है और विशेष अनुष्ठान करने के लिए पैसे मांगे। महिला ने भरोसा कर 1,14,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। रुपये मिलने के बाद आरोपित ने संपर्क तोड़ दिया। शिकायत के आधार पर नई दिल्ली जिले की साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित के इंस्टाग्राम अकाउंट, मोबाइल नंबर और बैंक ट्रांजेक्शन की पड़ताल की। पता चला कि ठगी की रकम राहुल और उसके परिजनों के खातों में गई थी। आरोपित लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था, लेकिन पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस की मदद से उसे झुंझुनूं (राजस्थान) से दबोच लिया।

### भाकियू क्रांति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम पी यादव जी का जन्मदिन धूमधाम से बनाया गया



गौतमबुद्ध नगर। इस मौके पर परविंदर यादव प्रदेश अध्यक्ष, विनोद यादव युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , सोनू यादव प्रदेश संगठन मंत्री, प्रेमसिंह यादव प्रदेश महासचिव, दीपक यादव प्रदेश सचिव, मोदी नागर जी, नवीन नागर, नीरज कुमार शुक्ला, ललित गुज्जर, विपिन यादव, दिनेश पाल, मोहित यादव सिंगल स्टेप, जगत यादव गढ़ी चौखंडी, सत्यम, चंद्रप्रकाश प्रजापति, नरेश यादव ,आकाश यादव, रवि नंबरदार,बंटी ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

## दिवाली-छठ पर रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए प्रशासन सख्त

- 7,000 यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया तैयार



नई दिल्ली। दिवाली और छठ के मौसम में नई दिल्ली और अन्य प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अगले कुछ दिनों में भीड़भाड़ शुरू हो जाएगी। इसे संभालना रेल प्रशासन के लिए एक चुनौती होगी। इसके समाधान के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। प्लेटफॉर्म पर भीड़भाड़ कम करने के लिए नई दिल्ली में 7,000 यात्रियों की क्षमता वाला एक स्थायी होल्डिंग एरिया बनकर तैयार है। आनंद विहार टर्मिनल पर भी एक अस्थायी होल्डिंग एरिया बनाया जा रहा है। जनरल टिकट वाले यात्रियों को होल्डिंग एरिया में रोका जाएगा और ट्रेन आने पर ही उन्हें प्लेटफॉर्म पर भेजा जाएगा। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) और वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों की संख्या बढ़ा दी गई है। व्यस्त समय के दौरान निगरानी के लिए प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशेष ड्यूटी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद, प्लेटफॉर्म पर ट्रेनें आते ही अक्सर भीड़ बेकाबू हो जाती है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन सबसे अधिक भीड़भाड़ वाला स्टेशन है। इसे ध्यान में रखते हुए, आरक्षित और अनारक्षित टिकट वाले यात्रियों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाए जा रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल पर लगभग 1,400 अतिरिक्त आरपीएफ कर्मी और 300 वाणिज्यिक विभाग के कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। नई दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल और पुरानी दिल्ली स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधा की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें सभी विभागों के कर्मचारी तैनात होंगे। इसके अतिरिक्त, एक विशेष ड्यूटी अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।

## पीड़ितों की संख्या से अपराध की गंभीरता कई गुना बढ़ी, कोर्ट ने खारिज की चैतन्यानंद की जमानत

- आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पीड़ितों की संख्या के कारण अपराध गंभीर है






नई दिल्ली। पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने चैतन्यानंद की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि पीड़ितों की संख्या के कारण अपराध की गंभीरता कई गुना बढ़ गई है।

चैतन्यानंद 17 छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में न्यायिक हिरासत में है। अदालत ने पुलिस से मामले की अगली स्टेटस रिपोर्ट तलब की और जांच की प्रगति पर विस्तृत जानकारी मांगी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दीप्ति देवेश ने याचिका को 27 अक्टूबर तक के लिए स्थगित करते हुए कहा कि इस चरण में वैधानिक जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता। सोमवार को आरोपित की ओर से पेश वकील ने स्थगन की मांग की थी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। आरोपी की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल को झूठा फंसाया गया है और पीड़ित लड़कियों को धमकाकर और उन्हें यह लालच देकर कि उनकी छात्रवृत्ति वापस ले ली जाएगी, उनके खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है। जिस पर न्यायाधीश ने कहा कि मामले में कई पीड़िताएं हैं। एक, दो, शायद तीन को भी बहकाना संभव है, लेकिन सभी को कैसे राजी किया जा सकता है। चैतन्यानंद के वकील ने दलील दी कि बीएनएस की धारा 232 (किसी व्यक्ति को झूठी गवाही देने के लिए धमकाना) को छोड़कर सभी अपराध जमानत योग्य हैं और यह अपराध, जिसे बाद में जाच के दौरान जोड़ा गया था, अधिकतम तीन साल की सजा का प्रावधान है।

उन्होंने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल को अपराधों से जोड़ने वाला कोई सुबूत नहीं है और इस मामले में बीएनएस की धारा 232 नहीं बनती है। कहा कि उनके मुवक्किल पर आरोप है कि उन्होंने होली पर अपने शिष्यों पर रंग डाला और हाथ मिलाया। लेकिन यह कोई यौन अपराध नहीं है। जिस पर कोर्ट ने कहा कि सभी 16 पीड़िताओं के बयान, क्या वे ठोस सबूत नहीं हैं? वहीं, निजी प्रबंधन संस्थान की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि चैतन्यानंद के दुष्कर्म के बारे में भारतीय वायु सेना की एक महिला ग्रुप कैप्टन से ईमेल मिलने के बाद इस मामले का पदार्फाश हुआ। सुनवाई के दौरान पुलिस की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि चैतन्यानंद जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। जांच अधिकारी (आईओ) ने सोमवार को अदालत को सूचित किया कि शिकायतकताओं के वॉट्सएप चैट उपलब्ध नहीं थे, क्योंकि उनके मोबाइल फोन में गायब संदेश (डिसअपीयरिंग मैसेज) सुविधा चालू थी और केवल चैट के स्क्रीनशॉट ही उपलब्ध थे।

पुलिस का आरोप है कि अब तक 16 पीड़िताओं के बयान दर्ज किए जा चुके हैं, जिनके फोन से कई आपत्तिजनक संदेश और स्क्रीनशॉट मिले हैं। आईओ ने कहा कि इसमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने छात्रों पर चैट डिलीट करने का दबाव बनाया। अदालत द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या तीनों महिलाओं को गिरफ्तार किया गया था?, आईओ ने कहा कि उन्हें केवल पाबंद रखा गया था। इससे पहले प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने जमानत अर्जी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दीप्ति देवेश की अदालत में सुनवाई के लिए भेजा था। वहीं, न्यायाधीश अतुल अहलावत ने बीते बृहस्पतिवार को इस मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था।

## जल संकट | दक्षिणी दिल्ली जल संकट गहराया:

# तीन शीर्ष विलासिता मॉल बंद होने के कगार पर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के दक्षिणी दिल्ली में जल संकट की स्थिति गंभीर हो गई है, जिसके चलते तीन प्रतिष्ठित और अत्यधिक लोकप्रिय शॉपिंग मॉल्स के संचालन पर अस्थाई रोक लगने का खतरा मंडरा रहा है। दिल्ली जल बोर्ड की ओर से जलापूर्ति सामान्य होने की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दिए जाने के कारण, मॉल प्रबंधन के सामने अपने दैनिक परिचालन को जारी रखने का संकट आ खड़ा हुआ है। दक्षिण दिल्ली के तीन सबसे विख्यात और हाई-प्रोफाइल खरीदारी केंद्र (डीएलएफ प्रोमेनेड, डीएलएफ एम्पोरियो और वसंत कुंज स्थित एम्बिएंस मॉल) वर्तमान में अभूतपूर्व जल संकट से जूझ रहे हैं। यह राजधानी में पहली बार हुआ है कि ये भव्य शॉपिंग गंतव्य, जो हस्तियों, विदेशी



पर्यटकों और उच्च-वर्गीय खरीदारों को समान रूप से आकर्षित करते हैं, पानी की गंभीर कमी के कारण ठप पड़ने की कगार पर हैं। प्रबंधन इस स्थिति से निपटने के लिए इन मॉल्स को अस्थायी रूप से बंद करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों मॉल्स के प्रबंधन ने पुष्टि की है कि दिल्ली जल बोर्ड से पानी की आपूर्ति कई दिनों से बाधित है, जिसके कारण उनके भंडारण टैंक लगभग पूरी तरह खाली हो चुके हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लगभग 70 प्रतिशत शौचालय बंद करने पड़े हैं। इसके अतिरिक्त, मॉल्स के अंदर संचालित रेस्तरां और खान-पान केंद्र (फूड आउटलेट्स) बुनियादी स्वच्छता (हाइजिन) बनाए रखने के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। बर्तन धोने से लेकर ग्राहकों को पीने का पानी उपलब्ध कराने तक, कई दुकानों को अपनी सेवाएं सीमित करनी पड़ी हैं या उन्हें अस्थाई रूप से बंद करना पड़ा है। एक मॉल के भीतर रेस्तरां चलाने वाले एक संचालक ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, हमारे पास सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं है। ऐसी स्थिति में ग्राहकों को समुचित सेवा प्रदान करना असंभव होता जा रहा है। व्यापक आर्थिक परिणाम लाखों का कारोबार और हजारों रोजगार दांव पर मॉल प्रशासन ने इस गंभीर स्थिति से उत्पन्न संभावित परिणामों को लेकर स्पष्ट चेतावनी जारी की है।

## सामूहिक आस्था और एकता का प्रतीक है छठः मिश्रा

नई दिल्ली। इस साल छठ के मौके पर दिल्ली बदली नजर आएगी। इस साल दिल्ली में 1000 जगहों पर छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'छठ पूजा 2025' के आयोजन के लिए स्थानों के चयन एवं तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। सीएम ने कपिल मिश्रा को बड़ी जिम्मेदारी दी है।

उन्होंने कला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा को इस समिति का अध्यक्ष नामित किया है। यह समिति दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में छठ पूजा के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान, सुविधाओं की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, परिवहन और श्रद्धालुओं की सहूलियत से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत करेगी। समिति में 4 माननीय विधायक सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं जिसमें अभय कुमार वर्मा, विधायक, लक्ष्मी नगर; चंदन कुमार चौधरी, विधायक, संगम विहार; संदीप सेहरावत, विधायक, मटियाला और दीपक चौधरी, विधायक, बादली शामिल हैं। समिति का अध्यक्ष नामित किए जाने पर कपिल मिश्रा ने कहा कि छठ पूजा ना केवल पूर्वांचल वरन दिल्ली की भी सांस्कृतिक पहचान है। यह हमारी सामूहिक आस्था और एकता का प्रतीक है। पिछली सरकार ने जानबूझकर लाखों-करोड़ों लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया। कपिल मिश्रा ने कहा कि इस बार दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि हर श्रद्धालु को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में पूजा करने का अवसर मिले। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, रोशनी और चिकित्सा सुविधाएं सर्वोत्तम स्तर पर हों।

### दिल्ली के मुस्तफाबाद में अंधाधुंध फायरिंग, इलाके में फैली सनसनी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में नेहरू विहार डी2 के आसपास सोमवार रात दो स्कूटी सवार बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। चार राउंड गोलियां चलाने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना दयालपुर के एसएचओ परमवीर दहिय्या और पुलिस अधिकारी आनंद कुमार मौके पर पहुंचे। क्राइम टीम ने घटनास्थल से तीन खोखे और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि स्कूटी पर सवार संदिग्ध तेजी से आए और गोलीबारी के बाद फरार हो गए। इलाके में सन्नाटा छा गया और लोगों ने घरों के दरवाजे बंद कर लिए थे। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में पता चला है कि इलाके में दहशत बनाने के लिए बदमाशों ने हवाई फायरिंग की थी। एसएचओ दहिय्या ने बताया, हम आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर रहे हैं। सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने घटना की निंदा की और इलाके में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। पुलिस ने आसपास के थानों को अलर्ट कर दिया है। रशीद ने बताया कि अपराधियों ने रात को कॉलोनी में आकर गोलीबारी की।

# सेक्टर-51 में आगे-आगे बनाई जा रही, पीछे-पीछे उखड़ रही है सड़कः राजेश यादव

- कांग्रेस नेता राजेश यादव बादशाहपुर ने सड़क निर्माण में सामग्री की गुणवत्ता पर उठाए सवाल



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर-51 में आगे-आगे सड़क बनाई जा रही है और पीछे-पीछे उखड़ती जा रही है। इस सड़क के निर्माण में गुणवत्ता पर सवाल खड़े करते हुए बादशाहपुर से कांग्रेस के नेता राजेश यादव ने कहा कि इसमें तारकोल नाम की चीज ही नहीं है। सडक निर्माण के तुरंत बाद ही उखड़ी सड़क पर खड़े होकर वीडियो उन्होंने बनाया। वह वीडियो जारी करके राजेश यादव ने कहा कि सेक्टर-51 में यह कैसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। कहीं पर तारकोल नजर नहीं आ रहा। बनते-बनते ही सड़क उखड़ रही है तो आगे और क्या हाल होगा। उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि कुल बजट में से कितना पैसा निर्माण पर लग रहा है और कितना ट्रिपल इंजन सरकार के फ्यूल टैंक में जा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार के कारनामे जनता के सामने हैं। खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। ठेकेदार बेखौफ है। उसे अफसरों का डर नहीं है। अफसरों को विधायक, मंत्री का डर नहीं है। विधायक, मंत्री को जनता का डर नहीं है।

राजेश यादव ने कहा कि गुडगांव में 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के फ्लैट मिल रहे हैं। लेकिन उनके लिए सुविधाएं नहीं हैं। बेहतर सडकें नहीं हैं। ट्रिपल इंजन की सरकार का यह नया फामुर्ला है कि एक रुपये में से 15-20 पैसे खर्च करो बाकी के डकार जाओ। ऐसा नहीं करेंगे तो सरकार के नेता प्रॉपर्टी कहां से बनाएंगें। उन्होंने कहा कि जिस तरह का विकास हो रहा है, उस पर आम जनता सरकार से, जनप्रतिनिधियों से सवाल करे कि यह कैसा विकास है। जनता को खुद आगे आना होगा।

# सुमित राजपूत का कद बढ़ा गए कृष्णपाल गुर्जर और हर्ष कुमार




**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन, सुरेंद्र तेवतिया।** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और पूर्व सिंचाई मंत्री चौधरी हर्ष कुमार ने हथीन नगरपालिका के पूर्व चेयरमेन सुमित राजपूत के सर पर हाथ रखकर कहा कि सुमित यारो का यार है, पुलिस द्वारा चलाई गई डायल 112 को आने में 5 मिनट का समय लगता है लेकिन सुमित राजपूत का फोन नंबर डायल करने के बाद महज दो मिनट का समय लगता है, सुमित राजपूत जिसके साथ लगता है उसका साथ तन मन ओर धन से निभाता है। छोटी उम्र में बड़े नेताओं का दिल जीतना सुमित राजपूत का अब बड़ी बात नहीं है आपको बता दें कि नगर पालिका हथीन में लगभग 12 करोड़ 21 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया, मंत्री ने जिन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया उनमें नगर पालिका हथीन में विभिन्न स्थानों की मुख्य सडकों पर पोल सहित नई एलईडी लाइटें लगवाने, विभिन्न स्थानों पर खंभों पर तिरंगा एलईडी लाइटों की स्थापना, एमसी हथीन के वार्ड नं. 10 में सामुदायिक केंद्र का निर्माण, वार्ड नंबर 12 में गुलाब शाह चौक से बस स्टैंड तक आरएमसी रोड का निर्माण, वार्ड नं. 5 में पुस्तकालय का निर्माण, शमशान घाट से गोच्छी ड्रेन एमसी हथीन तक आरएमसी रोड रास्ता का निर्माण, वार्ड नं. 12 में सडक और नाली का निर्माण व वार्ड नंबर 12 गुलाब शाह चौक से बस स्टैंड तक नाली का निर्माण, नगर पालिका हथीन में विभिन्न चौपालों में मौजूदा कार्यो की मरम्मत और शेष कार्यों को पूरा करना, नगर पालिका हथीन में आईपीबी रोड का निर्माण, सामुदायिक केंद्र का निर्माण, साहब जी सामुदायिक केंद्र, एमसी हथीन का नवीनीकरण, बालाजी वाटिका के पास विभिन्न गलियों और नालियों का निर्माण, एमसी हथीन में कम्युनिटी सेंटर का निर्माण, एमसी हथीन में वाल्मिकी चौपाल का निर्माण, लोहार सामुदायिक केंद्र का निर्माण भूमिया सामुदायिक केंद्र का निर्माण, वार्ड नंबर 1 में राजकीय बाल विद्यालय की चारदीवारी, हॉल, शौचालय का निर्माण तथा सडक का निर्माण व चारदीवारी, हॉल का पुनर्निर्माण शामिल हैं। कार्यक्रम में पहुंचने पर लोगों ने केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके साथ संवाद किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार, पूर्व विधायक केहर सिंह रावत, पूर्व विधायक प्रवीण डागर, नगर परिषद पलवल के चेयरमैन यशपाल, एसडीएम बलिना, हथीन नगर पालिका की चेयरपर्सन रेनू लता, रश्मि सहरावत, भगत सिंह घुघेरा, हथीन मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमेनलेखराज सहरावत, योगेंद्र सहरावत सहित आस-पास के गांवों के पंच सरपंच, हथीन नगर पालिका के पार्षद व अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, अनिल मोहनियां।** साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नूंह साइबर क्राइम टीम को एक बार फिर सफलता मिली है। टीम ने वर्क फ्रॉम होम और पेंसिल पैकिंग जॉब दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले एक शातिर साइबर अपराधी साहाजत अली पुत्र युनुस निवासी अकबरपुर थाना पिनगवा जिला नूंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से साइबर ठगी के माध्यम से लोगों से पैसे हड़प रहा था और अपनी पहचान छुपाने के लिए फर्जी सिम कार्ड और सोशल मीडिया अकाउंट का उपयोग करता था।

साइबर टीम पिनगवां क्षेत्र में गश्त पर थी। उसी दौरान सूचना मिली कि अकबरपुर-गंगवानी रोड पर बने एक मकान के बाहर बैठा एक युवक मोबाइल फोन के जरिए साइबर ठगी कर रहा है । सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंची, जहां आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन उसे तुरंत काबू कर लिया गया । आरोपी युवक की तलाशी लेने पर में उससे एक मोबाइल फोन बरामद हुआ,जिसमें एक सिम लगी हुई थी । जांच में पाया गया कि यह सिम हरिश पुत्र खुर्शीद निवासी बीसरू के नाम पर जारी थी और इसका उपयोग ठगी करने में किया जा रहा था । मोबाइल की तकनीकी जांच में दो व्हाट्सऐप अकाउंट, फर्जी फेसबुक और इंस्टाग्राम आईडी, फोनपे ट्रांजैक्शन स्क्रीनशॉट,बार कोड और संदिग्ध चैट मिले। जांच के दौरान साइबर अपराध पोर्टल पर आरोपी के मोबाइल नंबर के खिलाफ पहले से 21 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज थी। आरोपी वर्क फ्रॉम होम और पेन्सिल पैकिंग जॉब के नाम पर फर्जी विज्ञापन डालता था और लोगों से एडवांस फीस वसूलकर पैसे हड़पता था। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। आरोपी ऑनलाइन अपनी पहचान छुपाकर ठगी करता था और ठगी की रकम बैंक खातों और ऑनलाइन वॉलेट में मंगवाकर आगे भेज देता था । संदेह है कि आरोपी किसी बड़े साइबर गिरोह का हिस्सा हो सकता है । इस मामलें में अन्य सहयोगियों की पहचान और गिरफ्तारी अभी बाकी है। इस मामलें में साइबर थाना नूंह ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है । नूंह पुलिस की लोगों से अपील है कि किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन जॉब ऑफर या लिंक पर भरोसा न करें और साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# नूंह कांग्रेस का आईपीएस वाई पूरन कुमार को न्याय के लिए प्रदर्शन




**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के सुसाइड मामले में बढ़ते विवाद के बीच कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को नूंह जिला मुख्यालय पर बड़े पैमाने पर रोष प्रदर्शन किया और बीजेपी सरकार मुदार्बाद के नारे लगाए। इस प्रदर्शन में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए, जो सरकार पर जातिगत भेदभाव और न्याय में देरी का आरोप लगाते हुए अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। प्रदर्शन में नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद के साथ जिला अध्यक्ष चौधरी शहीदा खान पूर्व विधायक, फिरोजपुर झिरका विधायक चौधरी इंजीनियर मामन खान, पुनहाना विधायक चौधरी मोहम्मद इलियास के पुत्र जावेद खान, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अख्तर हुसैन काठपुरी आदि मौजूद थे। विधायक आफताब अहमद ने आरोपियों पर कार्रवाई करने और परिवार को न्याय दिलवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि वाई पूरण कुमार बहुत सीनियर अधिकारी थे। बहुत ज्यादा प्रताड़ना सहने के बाद उन्हें मजबूरी में आत्म हत्या का कदम उठाया। बता दें कि एडीजीपी पूरण कुमार ने आत्महत्या करने से पहले लिखे सुसाइड नोट में डीजीपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के नाम लिख कर नाजायज तंग करने के आरोप लगाए हैं। सरकार को वाई पूरण कुमार आत्महत्या मामले की जांच निष्पक्ष तरीके के करनी चाहिए ताकि परिवार को संतुष्टि मिल सके। पूरे देश की नजरें अब इस हत्याकांड पर है और न्याय के लिए सभी हरियाणा सरकार की तरफ देख रहे हैं इसलिए जांच किसी भी संदेह से परे हो ताकि पीड़ित परिवार को इंसाफ मिल सके। आफताब अहमद ने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था शून्य है और अब ये साफ हो गया है कि दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक उच्च पदों पर रहने के बावजूद भेदभाव के कारण अपने विवेक से कार्य नहीं कर पा रहे हैं।

# तीन दिवसीय पोलियो अभियान जारी, बीते दो दिनों में तीन लाख 34 हजार 223 बच्चों ने गटकी पोलियो की खुराक

- डीसी अजय कुमार की अपील, अपने बच्चों को अवश्य दिलवाए पोलियो की खुराक
- तीन दिनों में 3 लाख 97 हजार 265 बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिले में रविवार से आरंभ हुआ तीन दिवसीय सब-नेशनल इम्यूनाइजेशन डे (एसएनआईडी) पोलियो अभियान सोमवार को भी जारी रहा। जिला में जारी अभियान के तहत पहले दो दिनों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए 1673 बूथों व घर घर जाकर शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के 3,34,223 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा चुकी है। जबकि 14 अक्टूबर को भी स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर बच्चों को यह दवा पिलाएंगे ।डीसी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान मंगलवार को भी जारी रहेगा।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार मेहनत और जागरूकता के कारण भारत तथा हरियाणा पोलियो मुक्त राज्य बने हुए हैं। लेकिन विश्व के कुछ हिस्सों में अब भी पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं, इसलिए हमें सतर्क रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष के सभी पात्र बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दी जानी चाहिए। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस जन-आंदोलन में भाग लेकर अपने तथा अपने परिचितों के बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स अवश्य पिलवाएं, ताकि कोई भी बच्चा छूट न जाए।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि जिले में 3 लाख 97 हजार 265 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से 1673 बूथों, 49 ट्रांजिट टीमों और 147 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि विभाग के 5137 स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा बूथों के अलावा घर-घर जाकर भी बच्चों को दवा पिलाने का कार्य मंगलवार को भी जारी रहेगा । साथ ही चौक-चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर भी टीमों द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 24 जवानों को मिला प्रशस्ति पत्र व नगद ईनाम



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने पुलिस लाइन पलवल के परेड़ ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक जनरल परेड में सलामी लेकर परेड़ का निरीक्षण किया। जनरल परेड़ के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने अपराध एवं अपराधियों तथा मादक पदार्थ गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कारगर ढंग से अंकुश लगाने व जनहित कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 4 ईआरवी पर तैनात 24 जवानों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले पुलिस जवानों ईआरवी 498 पर तैनात इसआई बृजपाल, सिपाही प्रदीप,एसपीओ पीतांबर, इएएसआई सतबीर, एसपीओ मोहम्मद इकबाल एवं एसपीओ कन्हैया, ईआरवी 504 पर तैनात ईएचसी नरेंद्र, सिपाही अमित, एसपीओ राकेश, ईएएसआई सुंदर, हाकमुद्दीन एवं एसपीओ बीरेंद्र, ईआरवी 514 पर तैनात ईएसआई अमी चंद , सिपाही अमित,एसपीओ संदीप, दीनदयाल, सिपाही नवीन कुमार एवं एसपीओ ओमवीर सिंह तथा ईआरवी515 पर तैनात रक इमरत सिंह, ईएचसी मुबारक, एसपीओ धर्मवीर, ओम कुमार, सिपाही आसिम खान एवं एसपीओ मोहनलाल का नाम मुख्य रुप से शामिल है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी बाइक राइडर्स व इंआरवी डायल 112 पर तैनात पुलिस कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों का फिडबैक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस बाइक राइडर्स व ईआरवी डायल 112 पर तैनात कर्मचारियों को अपने थाना क्षेत्र के इलाकों में ज्यादा से ज्यादा गश्त व पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए, ताकि असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें जा सके। उन्होंने कहा कि समाज में बच्चों, महिलाओं तथा बुजगों को सुरक्षित माहौल प्रदान करना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाइक राइडर्स व ईआरवी डायल 112 पर तैनात कर्मचारियों को अपने थाना अधिकार क्षेत्र में आने वाले एटीएम, बैंक, स्कूल, कॉलेज तथा सरकारी बिल्डिंग के बारे में जानकारी होनी चाहिए ताकि किसी प्रकार की अनहोनी घटना हो तो बिना किसी देरी के समय पर पंहुच कर निदान किया जा सक।

# दीवाली मिलन समारोह में पहुंचो, केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और पूर्व सिंचाई मंत्री हर्ष कुमार



**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन।** सरपंच एसोसिएशन हथीन द्वारा दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित दिवाली मिलन समारोह क्षेत्र की जनता, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के सौहार्दपूर्ण मिलन का सुंदर अवसर बना। यह कार्यक्रम न केवल दीपावली के पावन पर्व की उमंग और उल्लास का प्रतीक रहा, बल्कि आपसी एकता, सहयोग और विकास के संकल्प को भी मजबूती प्रदान करने वाला रहा।

सरपंच संगठन द्वारा आयोजित इस दिवाली मिलन समारोह में आए सभी अतिथियों का पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया हथीन सरपंच एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस दिवाली मिलन समारोह में केंद्र मंत्री कृष्णापाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि के बतौर शिरकत की।

इस मौके पर उनके साथ पूर्व सिंचाई मंत्री चौधरी हर्ष कुमार, भाजपा के पलवल जिला अध्यक्ष विपिन बैसला सहित दर्जनों भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सरपंच एसोसिएशन को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब बोए कांटे बाबुल के तो फूल कहां से आएंगे इन शब्दों में वह वाणी नजर आई , जो हथीन विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने विधानसभा चुनावों में कर दिखाई और हथीन विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक चुना गया। केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि हथीन क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और विकास कार्य करवाने के लिए विकास राशि भरपूर तरीके से दिए जाएगी। केंद्र व प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास और पूर्ण विश्वास के साथ काम कर रही है।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज करेंगे नूंह जिले की लगभग 40 करोड़ से अधिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व शिलान्यास

- राज्य स्तरीय महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव कार्यक्रम में होंगे मुख्य अतिथि
- वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ करेंगे भोजन




**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 14 अक्टूबर को नूंह जिले में आयोजित राज्य स्तरीय महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला वासियों को अपना संबोधन देंगे और वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ भोजन भी करेंगे। इस अवसर पर जिले की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ एवं शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री सैनी 13 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे, जिनकी कुल लागत लगभग 40 करोड़ रुपये से अधिक है। इन परियोजनाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्र से संबंधित कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जीएमएसएसएसएस तावडू, जीएमएसएसएसएस नगीना तथा जीएमएसएसएसएस फिरोजपुर झिरका में स्कूल भवनों के निर्माण कार्य का उद्घाटन करेंगे इनमें प्रत्येक स्कूल के भवन पर 339.74 लाख रुपए की राशि खर्च हुई है।

197.80 लाख रुपए की लागत से स्कूलों में 40 इंटरएक्टिव डिजिटल बोर्ड की स्थापना का उद्घाटन करेंगे 218.00 लाख की लागत से 41 विद्यालयों के खेल मैदानों का विकास कार्य का शिलान्यास करेंगे।

मेवात विकास एजेंसी के अंतर्गत सीईओ, एमडीए के निवास भवन का निर्माण का शिलान्यास करेंगे जिस पर 224.86 लाख रुपए की राशि खर्च होगी।

मुख्यमंत्री 17 सरकारी स्कूलों में ऑफ-ग्रिड सोलर प्लांट की स्थापना का उद्घाटन करेंगे जिस पर 120.36 लाख रुपए खर्च हुए हैं।

मुख्यमंत्री सैनी स्कूलों में 40 इंटरएक्टिव डिजिटल बोर्ड्स की स्थापना का उद्घाटन करेंगे जिन पर 197.80 लख रुपए की राशि खर्च हुई है। 17 पीएचसी/6 सीएचसी में ग्रिड-बैटरी हाइब्रिड सोलर प्लांट (10 डश्अ व 15 डश्अ) की स्थापना का शिलान्यास करेंगे जिन पर 533.68 लाख रुपए खर्च होंगे।

5000 से अधिक जनसंख्या वाले गांवों में लाइब्रेरी भवनों का निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे जिन पर 303. 77 लाख रुपए खर्च होंगे। 150.51 लख रुपए की लागत से न फिरोजपुर झिरका शाहपुर नागली व कामेडा में स्पोर्ट्स स्टेडियम के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। 1545.94 लाख रुपए की लागत से जिला पुस्तकालय कम एक्सीलेंस सेंटर, नूंह के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे।

मेवात क्षेत्र के छात्रों के लिए मढ़ी में स्थापित एनईईटी व आईआईटी-जेईई कोचिंग सेंटर की स्थापना का उद्घाटन करेंगे जिस पर वित्त वर्ष 2025- 26 के लिए 1.5 करोड रुपए की राशि खर्च की जाएगी तथा अगले 2 वर्ष के लिए प्रत्येक वर्ष 1.2 करोड़ की लागत से संचालित होगी। मिनी सचिवालय नूंह परिसर में 292.89 लाख रुपए की लागत से 133 सीसीटीवी कैमरा सिस्टम की स्थापना का उद्घाटन होगा।

मुख्यमंत्री द्वारा इन परियोजनाओं के शुभारंभ से जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे।

## समाचार

# आईटीआई नूंह में स्थान पर ही प्रवेश की अंतिम तिथि 17 अक्तूबर तक बढ़ाई गई

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नूंह में नए प्रशिक्षण सत्र हेतु प्रवेश प्रक्रिया को और अधिक सुगम व पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से स्थान पर ही प्रवेश (ऑन द स्पॉट एडमिशन) की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 17 अक्तूबर तक कर दिया गया है। अब इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक सीधे संस्थान में उपस्थित होकर विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश की यह सुविधा विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए लाभकारी है, जो किसी कारणवश पूर्व निर्धारित समयावधि में आवेदन या प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे। इस अवसर पर संस्थान में डीएसटी सहित अन्य व्यवसायों में सीमित सीटों पर प्रवेश उपलब्ध है। अतः पात्र अभ्यर्थी शीघ्र अपने नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को अपने सभी आवश्यक शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र, पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों सहित संस्थान में उपस्थित होना अनिवार्य है। सभी पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित समय सीमा में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। प्रधानाचार्य सुधीर कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण से जोडड़ा है, ताकि वे भविष्य में रोजगार एवं स्व-रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं तथा समय पर संस्थान में पहुंचकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

# पूरन सिंह को न्याय दिलाने की मांग, नगीना में सैंकड़ों लोगों ने निकाला कैंडल मार्च

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** एडीजीपी वाई पूरन सिंह की संदिग्ध आत्महत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर नूंह जिले के कस्बा नगीना में आज सैंकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च निकाला। यह मार्च संत शिरोमणि रविदास मंदिर से शुरू होकर बाल्मीकि मंदिर, खटीक मंदिर होते हुए गोहरवाली चौक तक निकाला गया। कार्यक्रम का आयोजन बामसेफ, भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, डॉ. अम्बेडकर युवा संगठन नगीना सहित




कई सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से किया। प्रतिभागियों ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत अधिकारी को श्रद्धांजलि दी और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई। कैंडल मार्च में शामिल प्रमुख सामाजिक कार्यकताओं में पूर्व कमांडेंट रघुवीर बौद्ध, डॉ. रामकिशन नांगल, सुमित बंचारी, राजीव सागर नगीना, शंकर लाल नगीना, रविंदर नगीना, सुभाष चन्द्र, धर्मवीर' करणसिंह, इंसाफ मोहम्मद, बरकत अली और महेंद्र पूर्व सरपंच, जलालपुर फिरोजपुर शामिल रहे। संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि एडीजीपी वाई पूरन सिंह की मौत जातिगत मानसिकता का परिणाम है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो प्रदेशभर में बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। मार्च के दौरान 'वाई पूरन सिंह को न्याय दो', 'जातिवाद मुदार्बाद और न्याय नहीं तो आंदोलन' जैसे नारे लगाकर लोगों ने विरोध दर्ज कराया। नगीना की सड़कों पर देरशाम तक न्याय की मांग की गूंज सुनाई देती रही। कैंडल मार्च में अखिल भारतीय शहीदाने मेवात सभा, गालिब मौजी फाउंडेशन व अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# फिरोजपुर झिरका में एक निजी स्कूल में 10 वर्षीय छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका उपमंडल के गांव अगोन स्थित एक निजी स्कूल सारिखा इंटरनेशनल स्कूल में पहली कक्षा में पढ़ने वाले 10 वर्षीय छात्र जैद पुत्र सलीम के साथ टीचर द्वारा बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र के परिजनों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार पीड़ित छात्र जैद सारिखा इंटरनेशनल स्कूल में पिछले 2-3 महीनों पहले दाखिला कराया जो भीमसीका के रहने वाला है यहीं स्कूल में हॉस्टल में ही रहता है। परिजनों का आरोप है कि स्कूल के एक शिक्षक ने छात्र को लोहे के स्केल से पीटा, यहां तक कि उसकी टाई से पैर बांधकर उसके ऊपर बैठकर भी मारपीट की गई। छात्र के गाल और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटों के निशान हैं। पीड़ित छात्र के चाचा ने बताया कि घटना के वक्त बच्चे ने स्कूल स्टाफ से मदद की गुहार भी लगाई, लेकिन किसी ने उसकी सहायता नहीं की। इतना ही नहीं, छात्र ने स्कूल के अन्य स्टाफ से अपने घर फोन करने की अनुमति भी मांगी, लेकिन उसकी बात को अनसुना कर दिया गया। घटना की जानकारी तब सामने आई जब छात्र की फूफी स्कूल में मिलने पहुंची। जब उन्होंने जैद के चेहरे पर चोट के निशान देखे और पूछताछ की, तो बच्चा फूट-फूटकर रोने लगा और पूरी घटना का खुलासा किया। इसके बाद परिजन स्कूल पहुंचे, जहां आरोप है कि स्कूल प्रशासन ने मामले को दबाने की कोशिश की। परिवार का कहना है कि स्कूल में दाखिला लेते समय 40,000 रुपये फीस ली गई थी। परिजनों ने कहा कि यह केवल उनके बच्चे का मामला नहीं है, कल को किसी और बच्चे के साथ भी ऐसी घटना हो सकती है। इसलिए प्रशासन को इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। फिलहाल परिजनों द्वारा पुलिस में औपचारिक शिकायत नहीं दी गई है, लेकिन उन्होंने जल्द ही मेडिकल करवाकर शिकायत दर्ज कराने की बात कही है।

P-05:28 paga09_jhn.qxd 10/13/2025 8:20 PM Page 1



# द हेज़लमून स्कूल में इंटर हाउस साइंस क्विज एवं डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** हेज़लमून स्कूल में साइंस अराउंड अस विषय पर इंटर हाउस साइंस क्विज प्रतियोगिता (III-V) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा VI-B की छात्रा गौरी चौधरी ने किया। इस प्रतियोगिता में कॉर्नेलियन हाउस से आरुष गुप्ता (III B), रोली तोमर (V A), मेघज गोयल (IV C), मिष्ठी अहलावत (IV B)

सिट्रीन हाउस से तनिष्का (IV A), वैभव पाल (IV C), अन्वी (V A), सत्यांक यादव (V B)

एमरल्ड हाउस से युक्ति चौधरी (III A), शिवांशी सिंह (V B), कुंज चौधरी (IV A), उमामा यूसुफ (V A)

सफायर हाउस से लक्ष्य यादव (III A), अरीज़ अहमद (IV C), लावण्या सिसौदिया (IV C), आध्या अग्रवाल (IV A) ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विज्ञान के प्रति अपनी जिज्ञासा व ज्ञान का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में एमरल्ड हाउस ने प्रथम स्थान,कॉर्नेलियन हाउस ने द्वितीय स्थान तथा सिट्रीन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त कक्षा VI - VIII तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर हाउस डिबेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसका विषय था टेक्नोलॉजी मेकिंग अस लेज़ियर। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागी थे - सफायर हाउस से देवेशी (VIII A), स्वास्तिक अग्रवाल (VII B),सिट्रीन हाउस से हमजा, शौर्य (VIII A), फायज़ा (VIII B),एमराल्ड हाउस से रूहानी मलिक (VIII A), धनंजय तोमर (VIII A),कॉर्नेलियन हाउस से निमिषा आर्या (VIIIA), पावनी गुप्ता (VIII A) ने अपने- अपने विचार प्रस्तुत किये।




इस प्रतियोगिता में सिट्रिन हाउस ने प्रथम ,एमेरल्ड हाउस ने द्वितीय और कॉर्नेलियन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किये

विद्यालय की निर्देशिका शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। प्रतियोगिता में हार या जीत से ज़्यादा महत्वपूर्ण होता है आपका प्रयास और लगन। हर प्रतियोगिता हमें कुछ नया सिखाती है और हमारे अंदर आत्मविश्वास बढ़ाती है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सफलता का असली अर्थ अपनी योग्यता को पहचाना और उसे निखारना है।इस तरह की प्रतियोगिताएँ हमारी बोलने और बातचीत करने की क्षमता को बढ़ाती हैं। ये हमें कक्षा और किताबों से बाहर निकलकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर देती हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओ व बालिकाओं को किया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत 12 अक्टूबर 2025 को महिला आरक्षी 87 प्रीति तोमर द्वारा ग्राम बाबरपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा

*1. महिला हेल्प लाइन नंबर 181*
*2. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090*
*3. आपातकालीन नंबर 112*
*4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102*
*5. एंबुलेंस नंबर 108*
*6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098*
7. *साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना * के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।



महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने , सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने , अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया , महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं महिलाओं को जागरूक किया गया।

# भाकियू लोक शक्ति द्वारा बैठक कर दिया ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति संगठन की एक बैठक तहसील में हुई। बैठक में जलीलपुर ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह काकरान ने कहा कि चांदपुर बास्टा रोड को तुरंत बनवाया जाए, शकीलउर रहमान के मदरसे के सामने यूकेलिप्टस का पेड़ जल्द से जल्द कटवाया जाए एवं पृथ्वीपुर निवासी योगेंद्र के खेत पर पड़ा पेड़ भी साथ-साथ कटवाया जाए, आवारा पशुओं वह गुलदारों को जल्द से जल्द पकड़वाया जाए, गंगा के बाढ़ द्वारा किसानो की नष्ट हुई फसलों का मुआवजा जल्द से जल्द मिलाया जाए, गन्ने का सीजन शुरू होने से पहले गन्ने का रेट ज़500 घोषित किया जाए, किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ किया जाए,

किसानों के विभिन्न समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया को दिया

उप जिलाधिकारी द्वारा सभी समस्याओं का समय रहते समाधान कराने का आश्वासन दिया।





दूसरी और पंचायत में निर्णय लिया गया कि अगर 15 अक्टूबर 2025 तक शकीलउर रहमान के मदरसे के सामने के रास्ते का यूकेलिप्टस का पेड़ नहीं कटवाया गया तो 16 अक्टूबर 2025 को चांदपुर जलीलपुर मार्ग वन विभाग कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की स्वयं होगी।

बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह काकरान और संचालन नईम अहमद द्वारा किया

बैठक मुख्य रूप से जलीलपुर ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह काकरान नगर अध्यक्ष नईम अहमद जिला संगठन मंत्री ओमकार सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष सतवीर सिंहटिल्लू भैया सोनू कुमार नाथू यादव नाथू हरिजन भूदेव यादव राजेश कुमार नीरज कुमार बिजेंद्र प्रधान कन्हैया कमल सिंह धीरेंद्र त्यागी मनोज कुमार सुभाष दयाराम सिंह सरिता वर्मा नीरज देवी बालू सिंह सैनी योगेंद्र सिंह गजेंद्र सिंह केहर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मीट कारोबारी निवास समेत कई स्थानो पर छापामारी से मचा हड़कम्प

*** सम्भल और बरेली जैसे जनपदों मे पहुंची टीमें, सुबह 06 बजे से देर रात तक डटी रहीं टीमे, पुलिस बल रहा तैनात**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**संभल।** मीट कारोबारी के यहां सोमवार की सुबह छापमार कार्यवाही से क्षेत्र मे हड़कम्प मच गया। सुबह से देर शाम तक टीमें दस्तावेज़ आदि को लेकर जानकारियां करती रही। छापामारी टीम के अधिकारियों ने मीडिया से दूरी बनाये रखी। बताया जाता है कि आईटी, ईडी और सीबीआई के अधिकारी छापामारी के दौरान मौजूद रहे। यह छापामारी किस कारण हुई इसको लेकर भी किसी अधिकारी की तरफसे मीडिया को नहीं बताया गया।

मीट कारोबारी के अलावा उनके कई रिश्तेदारों और फैक्ट्री मे काम करने वाले कर्मचारियों के यहां भी छापामारी की गई थी। साथ मे पुलिस के जवान भी छापामारी वाले स्थानो पर मुस्तैद नज़र आये। छापामार को लेकर क्षेत्र मे तरह तरह की चर्चाये होती रही लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो सका की यह छापामारी वित्त मंत्रालय मे हुई शिकायत के बाद हुई थी या फिर बैंक खातों मे आयी रकम को लेकर यह तमाम सवाल अभी पर्दे के पीछे हैं जिनके बारे मे अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। छापामारी सरायतरीन के भूड़ा मौहल्ले मे ही नहीं बल्कि सरायतरीन के पीला खदाना, चमन सराय, चौधरी सराय और चिमयावली की मीट फैक्ट्री और दूसरे जनपद जैसे बरेली मे भी होना बताया जाता है। न तो किसी को बाहर आने की इजाजत थी और न किसी को अन्दर आने की। सिर्फछापामारी करने वाले ही अधिकारी आ जा सकते थे। जिन्होंने मीडिया से खुद को बचाये रखा। यह छापामारी सुबह 06 बजे से देर शाम तक चलती रही।

# जोरदार टक्कर से घायल

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडावर।** सोमवार की सुबह मंडावर बिजनौर रोड पर अचार फैक्ट्री के पास एक विधुत विभाग की सरकारी गाडी पिकअप वैन बिजनौर की तरफ से आ रही थी। जिसमे बिजली का ट्रांसफार्मर रखा हुआ था।उसने बाइक सवार युवक चेतन पुत्र सोमपाल ग्राम जमालपुर पठानी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मंडावर पुलिस ने



घायल को सरकारी एंबुलेंस108 की मदद से जिला अस्पताल भर्ती कराया। थाना प्रभारी सुमित राठी ने बताया की गाडी को थाने लाया गया है। अभी कोई तहरी नहीं मिली। अगली कार्रवाई तहरीर मिलने पर की जायगी।

# रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन ने मनाया दीवाली दीपोत्सव कार्यक्रम




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन के तत्वाधान में डायमंड बैंक्वेट हॉल में दिव्य दिवाली दीपोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अध्यक्ष डॉ प्रशांत वार्ष्णेय ने दीप प्रज्वलन कर लक्ष्मी गणेश वंदना से की और बताया कि यह त्योहार लोगों को एक-दूसरे के करीब लाता है, प्रेम और सम्मान के बंधन को मजबूत करता है, और खुशियाँ फैलाने के लिए प्रेरित करता है। मंच संचालन डॉ उर्वशी वार्ष्णेय और राधिका अग्रवाल ने किया .सर्वप्रथम पंक्चुअलिटी का उपहार नीरज भारद्वाज को मिला, लकी कपल खेल में गौरव और शिल्पी वार्ष्णेय को प्रथम स्थान मिला, बच्चों के खेल में प्रज्ञा अग्रवाल ने बाज़ी मारी, उसके बाद दिवाली का विशेष महालक्ष्मी का ताज सुरभि टण्डन को क्लब की प्रथम लेडी डॉ उर्वशी ने पहनाया, इसके बाद कई डांस कार्यक्रम हुए। जिसमें मनोज और निशा वार्ष्णेय ने चार चांद लगा दिए। गायन और संगीत कार्यक्रम में अमित गुप्ता ने सबका मन मोह लिया,इसके बाद अल्पना आर्य और गरिमा मोंगिया ने तंबोला खेल खिलाया। इस प्रोग्राम की मुख्य थीम फैशन रैम्प वॉक थी जिसमें क्लब की सभी महिलाओं और पुरुष सदस्यों ने एकल और कपल श्रेणी में भारतीय शास्त्रीय परिधानों में आत्मविश्वास और शालीनता के साथ फैशन रैम्प वॉक की प्रस्तुति दी. रैम्प वॉक में बच्चों की कैट वॉक ने खूब तालियां बटोरी, इसके बाद बच्चों ने आतिशबाज़ी का आनंद लिया और अंत में दिवाली के पकवानों का सभी सदस्यों ने भरपूर लुत्फउठाया। कार्यक्रम में अवधेश वार्ष्णेय, सुमित अग्रवाल, प्रिय रत्न आर्य, शिवांश अग्रवाल, आलोक गुप्ता, विशाल मोंगिया, चंद्रेश आर्य, प्रभात रस्तोगी, वेद प्रकाश चहल, टिंकू टण्डन, निखिल शर्मा, मनीष अग्रवाल मनोज वार्ष्णेय, प्रियांशु वार्ष्णेय, प्रवीण वर्मा, सुमित वार्ष्णेय, अमन वार्ष्णेय, सचिन अग्रवाल, पराग आर्य, पंकज ठाकुर, शुभम वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

# आज़म और मोहिबुल्ला पर बोली सांसद रूचिवीरा हमे भाजपा से लड़ना है आपस मे नहीं

*** पूर्व मंत्री शाहिद मन्ज़ूर बोले आयोगों का नाम भाजपा के इशारे पर काम करना रह गया है**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सपा नेता के यहां शाही कार्यक्रम मे कई नामचीन हस्तियों ने अपनी उपस्थित दर्ज कराते हुए मीडिया से मुखातिब होकर भाजपा, बसपा पर निशाना साधा।



मुरादाबाद की सांसद रूचीवीरा एवं क्षेत्रिय सपा सांसद ज़ियाउर्रहमान बर्क व शहर विधायक इकबाल महमूद एवं पूर्व मंत्री एवं विधायक शाहिद मन्ज़ूर समेत कई राजनीतिक हस्तियां सपा के वरिष्ठ नेता फ़िरोज़ खां के बेटे के रिसेप्शन कार्यक्रम मे शामिल होने नूरी पैलेस सम्भल पहुंचे। यहां पर मुरादाबाद की सांसद रूचीवीरा ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बसपा सुप्रीमों मायावती द्वारा सपा को दलालों की पार्टी कहे जाने पर कहा कि वोह भाजपा की तारिफकर रही है खुद अंदाजा लगा सकते हैं क्या मायने हैं। 09 साल से कोई रैली नहीं की वह खुद कह रहीं है सारा इंतेज़ाम बीजेपी ने किया है योगी जी की तारिफ कर रही हैं। मौलाना मोहिबुल्ला नदवी और आज़म खां की तकरार पर कहा कि आज़म साहब संरक्षक और फाउंडर मेम्बर हैं कोई तकरार नहीं है बड़े होने के नाते कुछ कह दिया तो कोई बात नहीं है हम लोग छोटे हैं हम उस पार्टी से सांसद बने हैं जिसको खून पसीने से सींचा है हम कोई गैर मुनासिब बात करने की ज़रूरत नहीं है। मौलाना को नहीं जानते के सवाल पर कहा कि जेल मे थे न अखबार था, न मोबाईल और न टेलिविज़न उनको क्या मालूम। गुटबाजी पर कहा कि रिश्ते अच्छे होने चाहिए हमे लड़ाई भाजपा से लड़नी है आपस मे नहीं। कोई शिकायत है तो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी से करे। आज़म साहब देश के बड़े नेता हैं। जयाप्रदा, बेग़मनूर बानो, आकाश सक्सैना और मौलाना मोहिबुल्ला से ठनने के सवाल पर कहा कि मीडिया ज्यादा बाते करता है। उन पर 114 मुकदमे लगे हैं परिवार तकलीफमे हैं। जयाप्रदा को लेकर कहा कि 20 साल पुरानी बातो से कुछ हासिल नहीं होगा। आने वाले वक्त मे हम सरकार बनायेंगे हमस ब मिलकर पार्टी को मज़बूत करेंगे। पूर्व मंत्री शाहिद मन्ज़ूर ने कहा कि हिन्दुस्तान की आवाम का जो रूख है भाजपा के खिलाफहैं किसान मजदूर को लेकर जो जुम्ले कहे थे उसको पूरा नहीं किया। बिहार मे भाजपा को नाकार कर जनता सबक सिखायेंगी। बिहार मे बुर्का हटाकर वोट डालने के सवाल पर कहा कि चुनाव आयोग हो या कोई और आयोग है इनका काम खत्म हो गया सरकार के इशारे पर काम करने का रह गया है।

# उदया तिथि अमावस्या 21 अक्टूवर मंगलवार को ही मनाना चाहिए शुभ दिपावली महापर्व: श्रीमाली

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत सोमवारीय साप्ताहिक भगवान श्रीगोरखनाथ व महाकालेश्वर यज्ञ के बाद समिति कैम्प कार्यालय दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय स्थित अठरादेव अठराक्षरी जाप के बाद अमरोहा ईकाई समिति अध्यक्ष आनंद कुमार सैनी के प्रश्न दीपावली कब मनाये का उत्तर देते आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली ने कहा की दीपावली महापर्व पर इस वर्ष भी दो दिन दीपावली मनाने को असमंजस की स्तिथि उत्पन्न हुई हैं। क्योंकि सौर मंडल मे ग्रहचाल गति और मानव देह में जलवायु परिवर्तन से श्वास प्रश्वास की गति के चलते अधिकांश तिथियाँ सूर्योदय के बाद या मध्यकाल में पड रही है। जिससे त्योहारों व महापर्वो के सही निर्धारण करने में असमंजस उत्पन्न हो जाता है। और इतना ही नहीं इसके लिए विद्वान आचार्य भी दो भागो में बंटे दिखाई देते हैं। जबकि श्रीगोरख पत्रा ज्योतिषत्बांक पं जियालाल पंचाग आदि में सूर्योदय के समय उपस्थित तिथि ही रात्रि पर्यन्त तक मान रखती है। ऐसा हमारे तमाम ऋषि मुनियों धर्माचार्यो ने भी कहा है। उदयातिथि के अनुसार कार्तिक शुदी कृष्ण पक्ष अमावस्या 21 अक्टूबर मंगलवार की है। तो शुभ दीपावली महापर्व 21 अक्टूबर को ही मनाना उचित जान पड़ता है। शुभ दिपावली पूजन शुभ महुर्त इमावस्या, प्रदोषकाल, और वृषभ स्थिर लग्न अर्थात तीनो के समावेश का समय सांय 07-18 बजे से 20-15 बजे तक का समय अति श्रेष्ठ है। इस समय में पूर्वाचार्यो के सूत्रानुसार ष्प्रदोषसमये राजन् कर्त्तव्या दीपमलिकाष् इस समय दीपावली पूजन करना समस्त ग्रहस्थियों के लिए सर्वश्रेष्ठ उत्तम फल देने बाला रहेगा पूजन कार्य स्वयं करे या अथवा आचार्यो से करवाये वर्ष भर माता महालक्ष्मी का आर्शीवाद बना रहेगा किन्तु सात्विक विधि विधान उपवास धारण करके पूजन करना फलदायी है। निशीथे लक्ष्मादि पूजनं कृत्यं शुभम्भ सूत्रानुसार यह समय भी महालक्ष्मी पूजन को सर्वोत्तम कहा गया है। मध्यरात्रि में महानिशिथकाल रात्रि 11-40 बजे से 12-31 बजे तक रहेगा इस समय में शुभ व अमृत के चौघडिया का समावेश होने से पूजन करने को अति उत्तम समय सिद्ध होगा। डॉज़ सुरेश चन्द्र सैनी, रामवीर शर्मा, कैलाश चन्द्र, कृष्णा मोहन, समिति जिलाध्यक्ष नरेश सैनी, जिला सचिव ज्वालेश श्रीमाली, आनंद सैनी, पार्थ शर्मा, भीकम सरन, लाला भूकनलाल, किसन आर्य, लक्ष्मन सिंह, राकेश सैनी, जितेन्द्र गुप्ता सहित समिति सभी पदाधिकारी व महिला मंडल रुकमनी देवी, सुनिता देवी, नीरज श्रीमाली, लक्ष्मी श्रीमाली, आरती श्रीमाली, रिया श्रीमाली, आरती वंदना, महामंत्र आज योगी देवांश मोहन, श्रीमाली द्वारा सम्पन्न कराये गये सदस्य व साधक साधिकाए उपस्थित रहे।

## आज आयेंगे लंदन के मेहमान

**संभल।** इंग्लैंड की राजधानी लंदन की टाउन काउंसिल वैलिंगबोरो के मेयर राज मिश्रा 14 अक्टूबर को श्री कल्कि धाम में आकर शिला पूजन करेंगे, श्री मिश्रा दोपहर 1.00 बजे श्री कल्कि धाम पहुंचेंगे और निर्माणाधीन श्री कल्कि धाम में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्थापित शिला के दर्शन करेंगे, शिला दर्शन के पश्चात श्री मिश्रा श्री कल्कि धाम निर्माणार्थ शिला पूजन कर शिला दान भी करेंगे।

# पुलिस ने पंचायत भवन पर चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मिशन शक्ति फेज़ 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी रायसत्ती मय एंटी रोमियो टीम/मिशन शक्ति टीम व चौकी प्रभारी रायसत्ती के द्वारा ग्राम सदीरनपुर में पंचायत भवन पर चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं/बच्चों को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि मुख्यमंत्री के द्वारा शुरू की गई। इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है एवं उनको महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान थाना रायसत्ती पुलिस मौजूद रही।




# भारत को सामाजिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की राष्ट्रीय पहल: गुलाब देवी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** भारतीय जनता पार्टी, जिला कार्यालय एकता विहार कालोनी, सम्भल पर आत्मनिर्भर भारत अभियान विषय पर प्रेस कांफ्रेंस की गई। प्रेस वार्ता माध्यमिक शिक्षा मंत्री प्रदेश सरकार गुलाब देवी एवं चौधरी हरेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष द्वारा की गई उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान भारत को सामाजिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की राष्ट्रीय पहल है इसका उद्देश्य है हर नागरिक को आत्मनिर्भर के संकल्प से जोड़ना, हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी, की भावना को सशक्त करना और वोकल फार लोकल का संदेश जन जन तक पहुंचाना है। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। जिला एवं मंडल की अभियान समिति का गठन 1033 जिलों में से 938 जिलों और 17702 मंडलों में से 15675 मंडलों में अभियान की समितियों का गठन सफलतापूर्वक हो चुका है 28 सितंबर को बूथ स्तर पर मन की बात कार्यक्रम के दोरान देश भर में स्वदेशी उपकरणों को बढावा देने का संकल्प अभियान आयोजित किया गया। जिसमें नागरिकों द्वारा स्वदेशी संकल्प पत्र भरे गये प्रेंस वार्ता में परमेश्वर लाल सेनी, मुकुल कुमार रस्तोगी, प्रभात शर्मा, मनोज जीमतपलं, विपिन गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, सनी चौधरी आदि उपस्थित रहे।




# बिजनौर पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** दनांक 11.10.2025 को वादी मौ0 सफी पुत्र हबीबुर्रहमान निवासी मौ0 काजीजादगान थाना चांदपुर जनपद बिजनौर द्वारा थाना चांदपुर पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त साहिल पुत्र सलीम निवासी मौ0 चाहसंग थाना चांदपुर जनपद बिजनौर द्वारा अपने पाकिस्तानी फॉलोवर अभियुक्त आतिफ अहमद भट्ट के माध्यम से वादी के मोबाईल पर व्हाटसएप के माध्यम से धमकी भरे मैसेज ÷हां भाई काम हो गया, बंम रख दिया चांदपुर पर, मकसद याद रखना.. आदि÷ मैसेज भेजे गए है।

जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त साहिल पुत्र सलीम निवासी मौ0 चाहसंग थाना चादपुर जनपद बिजनौर द्वारा दिनांक 21.09.2025 को ढाली बाजार स्थित शंकर मूर्ति मन्दिर के इतिहास के बारे मे अपनी इस्टाग्राम आईडी ह्यडुद्धद्वद्य डुद्यद्ध से अपलोड की थी। उसी वीडियो के विरोध मे मौ0 सफी द्वारा अपनी इन्स्टाग्राम आईडी cafe habibi chandpur से दिनांक 11.10.2025 को वीडियो अपलोड कर दी गयी।

इसी बात से क्षुब्द होकर अभियुक्त साहिल उपरोक्त द्वारा अपने इन्स्टाग्राम फॉलोवर आतिफ अहमद भट्ट निवासी



पाकिस्तान से इन्स्टाग्राम पर वादी मौ0 सफी के विरुध्द फाल्स इन्फोर्मेशन की रिपोर्ट करने के लिए कहा गया। अभियुक्त आतिफ अहमद भट्ट ने शिकायतकर्ता की इन्स्टाग्राम आईडी पर अपलोड वीडियो को नकारात्मक संदेश किये गये तथा दिनांक 11.10.25 को आतिफ द्वारा मौ0 सफी उपरोक्त के व्हाटसअप नं0 पर ÷हा भाई काम हो गया बंम रख दिया चांदपुर पर मकसद याद रखना आदि÷ मैसेज भेजे गये। मैसेज के स्क्रीन शाट भी आतिफ द्वारा साहिल को भेजे गये है, जो साहिल उपरोक्त के फोन से उपलब्ध हुए है।

इस संबंध थाना चादंपुर पर मु0अ0सं0 580/25 धारा 61 (2)/351(4)/56/152 बीएनएस पंजीकृत किया गया।

# महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित विभिन्न प्राविधानों का किया गया प्रचार-प्रसार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा0 विदुषी सिंह के आदेशानुसार व प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी आदित्य सिंह के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत आर.एस. इण्टर कॉलेज चंदौसी, जनपद संभल में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित विभिन्न प्राविधानों का प्रचार-प्रसार किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने एसिड अटैक, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, बाल विवाह निषेध, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही निःशुल्क विधिक सेवा हेल्पलाइन 15100 की जानकारी भी दी गई तथा अन्य अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिलाओं व बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहनें व किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु जागरूक किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल संभल संजीव कुमार, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल संभल चंद्रपाल सिंह, असिस्टेंट मयंक गोयल, प्रधानाध्यपक दिनेश पाल सिंह, पीएलवी अतुल कुमार, अंशुल, रमाकान्त आदि उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** नगर के एमजीएम पीजी कॉलेज संभल में सोमवार को मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इसमें डॉक्टर निलेश कुमार ने छात्र छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि आपको अपने स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए खासकर महिलाओं को उसके लिए आपको समय समय पर अपना चेकअप कराना चाहिए द्य आपको विटामिन डी की विशेष आवश्यकता होती है जो आपको धूप में बैठने से भी मिल जाती हैद्य आपको योग को भी अपने जीवन में स्थान देना होगा। योग भी अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत आवश्यक है। डॉ रितु भटनागर ने भी छात्र छात्राओ को स्वास्थ्य संबंधी टिप्स दिये।



P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/13/2025 5:11 PM Page 1



## सम्पादकीय

# जातिवाद का जहर और दलित उत्पीड़न

हरियाणा में आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कु मार का अंतिम संस्कार इन पंक्तियों के लिखे जाने तक नहीं हो पाया है, वहीं हरियाणा सरकार के दो मंत्री, मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव जैसे बड़े अधिकारी पूरन कुमार के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें अंतिम संस्कार और पोस्टमार्टम के लिए मनाने में जुटे हुए हैं। इस मामले में हरियाणा सरकार ने रोहतक के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया को हटा दिया है। आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की पत्नी ने उन पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था।

बता दें कि पूरन कुमार का शव 7 अक्टूबर मंगलवार को उनके घर पर मिला था। पुलिस ने इसे आत्महत्या बताया। अपनी मौत से पहले दिवंगत अधिकारी ने एक नोट छोड़ा है, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जातिगत प्रताड़ना और अपमान के आरोप उन्होंने लगाए। पूरन कुमार ने लिखा कि 2020 में तत्कालीन डीजीपी मनोज यादव ने मेरा उत्पीड़न शुरू किया, हरियाणा कैडर के अन्य अधिकारी आज भी प्रताड़ित कर रहे, तत्कालीन एसीएस गृह राजीव अरोड़ा ने मुझे छुट्टियां नहीं दी। मैं अपने बीमार पिता से मिलने तक नहीं जा सका। वर्षों तक मुझे मानसिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ा। मेरे खिलाफ छद्म नामों से दुर्भावनापूर्ण शिकायतें की गईं। सार्वजनिक रूप से मुझे अपमानित और शर्मिंदा किया गया। अपने उत्पीड़न की एक लंबी फेरहिस्त देते हुए पूरन कुमार ने लिखा कि–मैं और अधिक प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं कर सकता, इसीलिए मैंने सब कुछ खत्म करने का निर्णय लिया है। यकीन करना मुश्किल है कि 21 वीं का चौथाई हिस्सा निकल गया है और भारत में दलित उत्पीड़न खत्म ही नहीं हो रहा है। कहा जाता है कि कमजोर वर्गों को शिक्षा की शक्ति से लैस किया जाए, तो उनकी स्थिति में सुधार आएगा। लेकिन यहां ये तर्क भी नाकाम दिख रहा है। रायबरेली में गरीब हरिओम वाल्मिकी को पीट–पीट कर मारना, देश के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर जूता फेंकना और फिर सोशल मीडिया पर उसे सही ठहराया जाना और एक पुलिस सेवा के एक वरिष्ठ लेकिन दलित अधिकारी का उत्पीड़न के कारण आत्महत्या करना या उससे पहले वैज्ञानिक बनने की चाह रखने वाले छात्र रोहित वेमुला का आत्महत्या करना, तमाम मामले इस बात की गवाही चीख–चीख कर दे रहे हैं कि दलितों की स्थिति में तब तक सुधार नहीं आ सकता, जब तक इस देश से मनुवादी सोच का पूरी तरह खात्मा नहीं हो जाता। लेकिन अभी तो हाल ये है कि मनुस्मृति को ही धर्म बताकर संघ और भाजपा के समर्थकों का बड़ा हिस्सा उसे संविधान में तब्दील करने की तैयारी में है। राहुल गांधी ने इस बारे में संसद से ही देश को चेतावनी दे दी थी कि भाजपा मनुस्मृति को लागू करना चाहती है, संविधान को नहीं।

लेकिन उनकी बात को राजनीति कहकर टालने की कोशिश सरकार कर रही है। हालांकि देश देख रहा है कि राहुल गांधी एक बार फिर सही साबित हो रहे हैं। पूरन कुमार की आत्महत्या मामले में आरोपियों को बचाने की कोशिशें हुईं, लेकिन उनकी पत्नी अमनीत पी. कुमार जो कि खुद 2003 बैच की आईएएस अधिकारी हैं, उन्होंने इसके खिलाफ आवाज उठाई और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि, 'पुलिस की एफआईआर में नाम हटाए गए और एससी एसटी एक्ट के सेक्शन कमजोर किए गये।' अमनीत कुमार खुद प्रशासन और कानून की बारीकियों से वाकिफ हैं, इसलिए वे समझ गईं कि आरोपियों को बचाने की कैसी चालाकी चल रही है। अगर उनकी जगह आईपीएस अधिकारी की पत्नी साधारण पृष्ठभूमि की होतीं या इस बात को नहीं समझ पातीं तो शायद इस मामले में पीड़ित को ही दोषी बताकर मामला दबा दिया जाता।

## विशेष

# किसानों को सहायता के बाद सक्षम बनाना भी आवश्यक

अतिवृष्टि के बाद महाराष्ट्र में किसानों की सहायता के लिए राज्य सरकार पूरे जोश के साथ सामने आई है। उसने ज्यादा वर्षा के कारण फसलों के नुकसान के लिए अनेक प्रकार की आर्थिक मदद दी। दिवाली के पास आसमानी संकट से मराठवाड़ा, विदर्भ और पश्चिम महाराष्ट्र का एक बड़ा क्षेत्र प्रभावित हुआ है। बरसात के अलावा बांधों का पानी संकट का कारण इतना बना कि फसलें तो गिरीं ही, साथ ही साथ कई स्थानों पर खेतों की मिट्टी तक बह गई। इसी स्थिति को देखते हुए सरकार ने व्यापक सर्वेक्षण के आधार पर सहायता घोषित की है। आशा की जा रही है कि वह दीपोत्सव आरंभ होने के पहले किसानों तक पहुंच जाएगी, जो कुछ समय के लिए वर्षा प्रभावितों को राहत पहुंचाएगी। कुछ आंकड़े बताते हैं कि राज्य में वर्ष 2025 के शुरूआती 3 महीनों में 767 किसानों ने आत्महत्या की। पिछले दिनों मराठवाड़ा के आंकड़ों में बताया गया कि परिक्षेत्र में बीते 6 महीनों में 543 किसानों ने जान दी।

अब यदि आत्महत्या के प्रमुख कारणों को जानने की कोशिश की जाए तो वे फसल की खराबी, बारिश की कमी या कभी अतिवृष्टि, सूखा, कर्ज का बोझ और साहूकारों का दबाव मिलते हैं। इसके अलावा भी कृषि जगत की अनेक समस्याएं किसानों के जीवन की मूल समस्याएं हैं। कभी फसल का अधिक और कभी कम होना दोनों ही स्थितियां परेशान करने वाली हैं।

बाजार की आवश्यकता और कृषि उत्पादन के बीच कोई तालमेल जुड़ नहीं पाया है। भंडारण के समुचित उपाय न होना अलग दिक्कत बनी हुई है। इनके बीच किसानों को आर्थिक सहायता और ऋण माफी को समस्याओं का हल मान लिया जाता है। किंतु उन्हीं की बार–बार आवश्यकता पड़ने की वजह पर विचार नहीं किया जाता है।

कपास और गन्ना जैसी नकदी फसलों पर निर्भरता किसानों के बीच संकट का मुख्य कारण माना जाता है। इनके अलावा दालें, फल–सब्जी भी नकद राशि का लाभ पहुंचाती हैं। किंतु ऐसी फसलों के लिए बड़े निवेश और विपणन की आवश्यकता होती है, जिससे किसान साहूकारों पर निर्भर रहने को मजबूर होते हैं। बाद में फसलों की विफलता किसानों के आत्मविश्वास को तोड़ देती है। दरअसल नकद फसलों का संबंध सीधे बाजार से होता है, जहां जमा और जरूरत के आधार पर उनकी खरीद–बिक्री होती है। यहीं पैसा फंसने से किसान संकट में फंस जाता है। एक तरफ जहां साहूकार उसे दुःख–सुख का साथी बता कर उत्पाद को रख लेता है, वहीं किसान की मजबूरी रकम मिलने का इंतजार करती रहती है।

वास्तविक रूप में किसान और उसके उत्पाद का बाजार से व्यावहारिक संबंध बनाया जाना चाहिए, जिससे वह अपनी क्षमता का उपयोग उतना ही करे, जितनी उसे कीमत दिला सकती है। दुर्भाग्य से किसानों के आंसू पोंछने के बाद दोबारा आंखें नम न होने के प्रयास नहीं किए जाते हैं। इसलिए सरकार को केवल आर्थिक आंकड़ों में न उलझते हुए किसानों को सक्षम बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे, जिससे भविष्य में किसानों को सहायता की आवश्यकता ही न पड़े।

# बिहार: वोट खरीद की विद्रूपता के भरोसे एनडीए!

–सत्येन्द्र रंजन–

फिलहाल यही नजर आता है कि बिहार में 6 और 11 नवंबर को होने जा रहे मतदान एक सामान्य चुनाव का हिस्सा होंगे। इसमें कोई ऐसा नया तत्व नहीं है, जो मतदाताओं में नई आशाएं पैदा करे। प्रशांत किशोर नया तत्व जरूर हैं, मगर अरविंद केजरीवाल की यादें अभी इतनी ताजा हैं कि उनका नयापन कोई उम्मीद पैदा नहीं करता। तो कुल मिलाकर सूरत यह बनती है कि चुनावबाज दल, नेता, और मीडियाकर्मी (हर चुनाव की तरह) इस चुनाव को लेकर जितने उत्साहित नजर आते हैं, वैसे उत्साह की कोई वजह आम जन को शायद ही नजर आती होगी !बिहार के सबसे नए राजनीतिक उद्यमी प्रशांत किशोर को इसका श्रेय देना होगा कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले सत्ताधारी एनडीए को सुशासन के दावे और भ्रष्टाचार के मुद्दे से वंचित कर दिया है। वरना, लालू–राबड़ी के कथित जंगल राज का हौव्वा खड़ा करना हर चुनाव में एनडीए की खास रणनीति रहती थी। ये दीगर बात है कि इस बार जंगल राज की याद दिलाने की सबसे ज्यादा कोशिश प्रशांत किशोर कर रहे हैं ! किशोर ने एनडीए नेताओं सम्राट चौधरी, अशोक चौधरी, दिलीप जायसवाल आदि पर गंभीर इल्जामों की झड़ी लगा रखी है। इससे ना सिर्फ एनडीए को कठघरे में खड़ा दिखा है, बल्कि इस कारण सत्ताधारी गठबंधन की अंदरूनी दरारें भी सामने आई हैं। परिणाम यह हुआ है कि भाजपा–जनता दल (यू)–एलजेपी–हिंदुस्तानी आवाम पार्टी का गठबंधन अब पूरी तरह वोट खरीदङ और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पर निर्भर हो गया है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण भाजपा की चुनावी रणनीति में मौजूद स्थायी तत्व है। पार्टी नेता कभी इसे पृष्ठभूमि में रखते हैं, तो कभी जरूरत के हिसाब से उसे उग्र रूप देते हैं। कई राज्यों में सिर्फ यही तत्व भाजपा को चुनाव जिताने में कारगर रहता आया है। मगर बिहार में अभी तक इसके निर्णायक होने का भरोसा शायद भाजपा नेतृत्व को नहीं है। इसीलिए नीतीश कुमार के मुखौटे की जरूरत उसे अभी भी है। नीतीश ढलान के दौर में हैं। बार–बार पाला बदलने से उनकी पुरानी छवि नष्ट हो चुकी है। सुशासन का नकाब उतर चुका है। उनकी सेहत को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं हैं। फिर भी भाजपा उन्हें मुखौटा बनाए रखने पर मजबूर है, तो उसकी वजह अपनी ताकत पर पार्टी नेताओं का अविश्वास ही है। नीतीश कुमार ने जो गंवाया है, उसकी चुनावी भरपाई उन्होंने मुक्त हाथ से सरकारी पैसा बांट कर करने की कोशिश की है। लगभग डेढ़ करोड़ परिवारों में महिलाओं के खाते में दस हजार रुपये का ट्रांसफर, लाखों युवाओं को दो साल तक हर महीने एक हजार रुपये का बेरोजगारी भत्ता, वृद्धावस्था एवं विकलांग पेंशन में भारी बढ़ोतरी, होमगाड्र्स के भत्तों में इजाफा, राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते की नई किस्त आदि जैसी कई घोषणाएं हैं, जिन्हें सीधे तौर पर वोट खरीद– योजना की श्रेणी में रखा जा सकता है। भारत में अब इस योजना का आम चलन हैं। मगर नीतीश सरकार इसे एक नई ऊंचाई और नई विद्रुपता तक ले गई है। चुनावों के संदर्भ में ऐसी योजनाएं कारगर रहती आई हैं। वैसे तो इनका चलन पहले भी था, लेकिन केंद्रीय सत्ता में आने के बाद नरेंद्र मोदी सरकार इसे जो नीतिगत रूप दिया, वह अभूतपूर्व है। मोदी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रह्मण्यम ने इसे कल्याण संबंधी नई सोच कहा है। मतलब यह कि समाज एवं अर्थव्यवस्था के निर्माण की दीर्घकालीन योजनाओं में निवेश के बजाय पैसा सीधे लोगों के हाथ में दिया जाए। इससे लोगों को महसूस होता है कि सरकार/सत्ताधारी नेता ने उनके लिए कुछ किया है। दीर्घकालीन योजनाओं का लाभ सीधे किसी को महसूस नहीं होता–इसलिए चुनावी लिहाज से वे ज्यादा फायदेमंद नहीं होतीं !भाजपा का आकलन है कि 2024 में लोकसभा चुनाव में हार के बाद महाराष्ट्र में विधानसभा का चुनाव उसने ऐसी ही योजनाओं–खासकर लाड़ली बहन योजना–के जरिए पलट दिया। अब वही पैटर्न बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए ने अपनाया है। शुरूआती रिपोर्टों के मुताबिक इस दांव का अच्छा असर हुआ है। क्या यह निर्णायक होगा, यह जानने के लिए हमें 14 नवंबर का इंतजार करना होगा, जिस रोज वोटों की गिनती होगी। चुनाव नतीजों को तय करने में संभवतः एक फैक्टर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का भी होगा। किशोर ने अपना यह उद्यम लॉन्च करने के बाद से कुछ ऐसी ध्वनियां पैदा की हैं, जिनकी झंकार दूर तक गई है। हालांकि किशोर अपनी पार्टी की अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी से तुलना पसंद नहीं करते, मगर उनकी ध्वनियां और कार्यसूची काफी कुछ केजरीवाल से मेल खाती हैं। मीडिया इंटरव्यूज में किशोर ने कहा है कि आंदोलन और क्रांति में उनका भरोसा नहीं है, इसलिए अन्ना आंदोलन की कोख से निकली आम आदमी पार्टी से जन सुराज की तुलना नहीं की जानी चाहिए। मगर दो बातें इन प्रयोगों को एक जगह खड़ी करती हैः आम आदमी पार्टी के आरंभिक दिनों में योगेंद्र यादव जैसे इसके सिद्धांतकार यह खुलेआम कहते थे कि इस नई पार्टी की कोई विचारधारा नहीं है–यह समाधान उन्मुख पार्टी है। पार्टी विचारधारा में बिना बंधे लोगों की समस्याओं का समाधान निकालना चाहती है। दिल्ली में दस वर्ष के शासनकाल में आम आदमी पार्टी ने बिजली, पानी शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में लोक–लुभावन पहल को अपनी खास पहचान बनाने की कोशिश की। जन सुराज ने अपना मुख्य एजेंडा बिहार में स्कूली शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करना और पलायन रोकना बताया है। पार्टी का दावा है कि यही बिहार की मुख्य समस्याएं हैं, जिसका समाधान वह पेश करेगी। जन सुराज भी किसी खास विचारधारा की बात नहीं करती। इस रूप में संभवतः वह भी खुद को समाधान उन्मुख पार्टी ही मानती है। ?जन सुराज के बैनरों पर महात्मा गांधी और भीम राव अंबेडकर की तस्वीरें नजर आती हैं। पंजाब में कामयाब होने से पहले तक आम आदमी पार्टी ने भी इन्हीं दो तस्वीरों का सहारा लिया था। पंजाब में उसने गांधीजी की जगह भगत सिंह की तस्वीर को दे दी। एक अन्य समानता केजरीवाल और प्रशांत किशोर की अपनी पृष्ठभूमियां हैं। दोनों सुविधा–संपन्न और पेशेवर समूह से आए हैं और दोनों के डिस्कोर्स मध्य वर्गीय रंग लिए रहे हैं। अन्ना आंदोलन के जरिए केजरीवाल ने दिल्ली में अपनी सियासी जमीन तैयार की थी। प्रशांत किशोर ने बिहार में दो साल की पदयात्राओं के जरिए अपनी जमीन बनाने की कोशिश की है। केजरीवाल ने पुराने राजनीतिक दलों को एक जैसा (सब आपस में मिले हुए हैं) बता कर खुद पर दांव लगाने के लिए मतदाताओं को उत्प्रेरित किया था। इसमें वे सफल रहे। प्रशांत किशोर का भी सारा दांव इस आकलन पर है कि बिहार में मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा लालू और नीतीश में से एक को चुनने की मजबूरी से तंग आ चुका है। अतः नया विकल्प सामने होगा, तो वे मतदाता उस पर दांव लगाएंगे। क्या ऐसा होगा ? इस विधानसभा चुनाव के संपन्न होने तक यह सवाल महत्त्वपूर्ण बना रहेगा। फिलहाल यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जन सुराज पार्टी की उपस्थिति दर्ज होगी। किस हद तक–यह कहना अभी कठिन है। जन सुराज का दांव एनडीए और महागठबंधन–दोनों से वोट छीनने पर टिका है। इस सिलसिले में उसकी ध्वनियों का प्रभाव देखा गया है। मगर मतदान का निर्णय अंततः कई अन्य पहलुओं से तय होता है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से प्रभावित मतदाताओं का भाजपा के साये में खुद को सुरक्षितङ महसूस करना इस वक्त ऐसा एक पहलू है। संविधान और सामाजिक सद्भाव बचानेङ के लिए भाजपा को किसी कीमत पर हराना एक दूसरा पहलू है। बिहार में गुजरे तीन दशकों से लालू समर्थन और विरोध भी ऐसे पहलू रहे हैं। ऐसे सामाजिक वर्गों के मतदाता बड़ी संख्या में मौजूद हैं, जो लालू राज के दौरान हुए अपने सशक्तीकरणङ को याद रखे हुए हैं। क्या प्रशांत किशोर की ध्वनियां इन तमाम पहलुओं को मात दे पाएंगी ? या उन ध्वनियों का असर सीमित रहेगा, नतीजतन जन सुराज वोट कटवा अधिक भूमिका नहीं निभा पाएगी ? वह सबसे ज्यादा किसके वोट काटेगी ? क्या बिहार में बदलाव चाहने वाले मतदाताओं के एक हिस्से को आकर्षित कर यह सत्ताधारी गठबंधन की मददगार बनेगी ?

# किसी भी संस्थान में ईमानदारी जरुरी है: एक हिंदी विज्ञान परिषद के पतन की कहानी

–संजय गोस्वामी–

यदि हम किसी संस्थान में काम करते हैं, तो ईमानदारी सबसे जरूरी है। आज हमें अपने बारे में नहीं, बल्कि संस्थान के हित और उसकी गरिमा के बारे में सोचना चाहिए। किसी भी चीज को तोड़ना आसान होता है, लेकिन उसे जोड़ना और बनाए रखना मुश्किल। इसी तरह की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना मेरी आँखों के सामने घटी, जिसका संबंध एक चैरिटेबल संस्था—'हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद'—से है।

यह संस्थान कभी हिंदी में विज्ञान के प्रचार–प्रसार के लिए सरकार से अच्छा–खासा फंड प्राप्त करता था। आज यह बंद होने के कगार पर है, एक "हैंगिंग अवस्था" में जी रहा है। सरकारी संस्था 'विज्ञान प्रसार' भले ही बंद हो गई, लेकिन हमारी परिषद अभी भी जिंदा है, मगर आंतरिक कलह और ईमानदारी की कमी ने इसे खोखला कर दिया है।

### कलह का आरंभ: कोरोना काल और 'बैग' का विवाद

2021 में, कोरोना संकट के दौरान, परिषद ने एक लोकल इंजीनियरिंग कॉलेज, विवेकानंद मैनेजमेंट कॉलेज, चेम्बूर, के साथ मिलकर एक राष्ट्रीय सेमिनार की तैयारी की थी। सेमिनार तो बंद हो गया, लेकिन उसकी पूरी तैयारी हो चुकी थी। यहीं से विवाद शुरू हुआ।

सचिव ने कोषाध्यक्ष से एक चेक लिया और खर्च कर देने का दावा किया। यह भी बताया गया कि सेमिनार के लिए आने वाले बैग आ गए हैं। लेकिन जब कोषाध्यक्ष ने बाद में बैग देखने की इच्छा जताई, तो उन्हें जवाब मिला कि बैग को 'डिस्पोजल' कर दिया गया। इस पर कोषाध्यक्ष ने पैसा गबन करने का आरोप लगाया और दोनों गुटों में जमकर खींचतान हुई।

मामले को सुलझाने के लिए ऑनलाइन आमसभा बुलाई गई, जिसमें अधिकतर लोगों ने यह मान लिया कि बैग डिस्पोजल हो गया। लेकिन यह घटना संगठन में अविश्वास की नींव डाल चुकी थी, जिसके परिणाम बाद के चुनावों में सामने आए।

### सत्ता की खींचातान और चुनाव का 'ड्रामा'

अध्यक्ष पद को लेकर शुरू हुए गुटबाजी के 'ड्रामा' में यह तय हो गया कि अगला चुनाव होना तय है। दरअसल, बहुत से लोगों की दिलचस्पी अब परिषद के काम से ज्यादा, बड़े लोगों के साथ उठने–बैठने और पद पर बने रहने में हो गई थी। 2016 में, परिषद में पहली बार चुनाव हुए, और इसमें खूब हंगामा हुआ। तीन टर्म तक कोषाध्यक्ष रहे एक उम्मीदवार की भरी सभा में बेइज्जती की गई, उनसे उसी पद पर दोबारा न खड़े होने को कहा गया। चुनाव अधिकारी ने भी नियमों का हवाला दिया। तब मैंने चुनाव अधिकारी से कहा, "कहने से नहीं होता, सबूत के आधार पर फैसला होता है।" अपनी कुर्सी का महत्व समझते हुए उन्होंने तीन टर्म तक रहने का सबूत माँगा, जो तुरंत जुटाना मुश्किल था। आमसभा ने अंततः उन्हें चुनाव में खड़े होने की अनुमति दी। अगले नाटकीय मोड़ में, सचिव पद के लिए खड़े होने वाले उम्मीदवार ने उसी व्यक्ति का समर्थन कर दिया जिसने कोषाध्यक्ष के खड़े होने पर सवाल उठाया था ! चुनाव में टाई हो गया, और अध्यक्ष ने अपने निर्णायक मत का प्रयोग कर कोषाध्यक्ष को पुनः चुना। लेकिन जिसने कोषाध्यक्ष के खिलाफ गरजा था, वह सचिव चुन लिया गया। परिषद में दो फाड़ हो गए, और यह कार्यकाल कष्टदायक रहा—क्योंकि जहाँ कलह होती है, वहाँ पतन होना तय है।

### अमर्यादित व्यवहार और इस्तीफे की पेशकश

कलह और अविश्वास का माहौल लगातार बना रहा। रायपुर में एक संगोष्ठी के दौरान कोषाध्यक्ष का नाम सूची से हटा दिया गया, जिससे उनका गुस्सा भड़का और वे चुनाव की तैयारी में जुट गए।

एक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना तब हुई जब एक वैज्ञानिक पत्रिका के डिस्पैच को लेकर विवाद हुआ। मैं व्यवस्थापक मंडल का सदस्य था। जब मैंने डिस्पैच की अनुमति माँगी, तो उस समय के सचिव महोदय को इतना बुरा लगा कि उन्होंने मेरे लिए "हरामी" जैसे अमर्यादित शब्द का प्रयोग किया। मैंने तुरंत इस्तीफे की पेशकश कर दी।

अध्यक्ष ने बीच–बचाव किया, लेकिन मेरे मन में यह बात बैठ गई। (यहाँ लेखक अपने व्यक्तिगत अनुभव और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का उल्लेख करते हैं कि कैसे उन्हें बाद में न्याय मिला।)

### नए नियम और अहंकार का पतन

2018 में चुनाव की तारीख तय होने पर एक नया नियम आयाः कोई भी उम्मीदवार खास पदों के लिए दो बार से अधिक नहीं खड़ा हो सकता। तब कोषाध्यक्ष ने सचिव पद के लिए नामांकन भर दिया, जिसके लिए वह योग्य नहीं थे। मैंने उन्हें जीत के लिए मेहनत करने को कहा और व्यक्तिगत रूप से सदस्यों से मिलने गया। परिणाम आया और वह सज्जन 35 वोटों से हार गए। टीम की जीत हुई, लेकिन पूर्व सचिव महोदय निचले पायदान पर आकर सदस्य बने और उनका घमंड टूटा।

### कोरोना में नियम–कानून की धज्जियां और संस्था का सत्यनाश

परिषद 2020 तक ठीक चली, लेकिन चुनाव के समय पूर्व सचिव ने फिर प्रेशर बनाया। कोरोना के बावजूद, चुनाव अधिकारी ने सारे नियम–कानून ताक पर रखते हुए चुनाव कराया। अध्यक्ष पद के लिए खड़े उनके विरोधी उम्मीदवार की बाईपास सर्जरी होनी थी। मानवता से बड़ा धर्म कुछ नहीं होता, इसलिए मैंने चुनाव रोकने के लिए कहा। लेकिन उन्होंने बीमारी का फायदा उठाकर चुनाव करवाया, और बीमार उम्मीदवार को पल–पल की खबरें मिल रही थीं। चुनाव कोविड नियमों के उल्लंघन में, बीमार उम्मीदवार की गैरहाजिरी में हुआ। चूँकि परिषद चैरिटी कमीशनर के दायरे में आती है, इसलिए विभाग ने इस चुनाव को मान्यता नहीं दी और इससे किनारा कर लिया।

### अनाधिकृत कब्जा और संस्था का फ्रीज खाता

एक और चालाकी हुई। त्यागपत्र दे चुके सचिव ने बड़ी चालाकी से हैंडओवर मीटिंग बुला ली। मेरे गुरूजी ने मुझे वहाँ जाने से मना किया। जब मैं टस से मस नहीं हुआ, तो मेरे बालकनी में बैग रखने का झूठा आरोप लगाया गया, जिस पर खुलकर लिखने के बाद गलती का अहसास हुआ और उन्होंने माफी माँगी। अंततः, एक उम्मीदवार ने अनाधिकृत तरीके से छल द्वारा खुद को अध्यक्ष चुन लिया, यह दावा करते हुए कि कोई और खड़ा नहीं हो रहा। यह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक और अवैध था, क्योंकि चुनाव अधिकारी केवल चुनाव करा सकता है, बिना वोट के किसी को चुन नहीं सकता। यह अधिकार केवल आमसभा को है, जिसे बुलाया ही नहीं गया। इस तरह परिषद का 'सत्यनाश' हो गया। खाते सील हो गए, और तीन साल बाद नई कार्यकारिणी बनाने की कोशिशों के बावजूद कोई खास प्रगति नहीं हुई।

### आगे की राह: ईमानदारी और सामूहिक प्रयास

अब स्थिति यह है कि केवल वॉट्सऐप ग्रुप चल रहा है। खाता फ्रीज होने के बाद कौन अपनी जेब से पैसा लगाएगा ?

अतः, सभी हिंदी प्रेमियों और विज्ञान लेखकों को यह समझना होगा कि संस्थान को कार्यक्रम जारी रखने के लिए अब ईमानदारी, निस्वार्थ सेवा और एकजुटता जरूरी है। संस्था की पत्रिका 'वैज्ञानिक' अभी भी निकल रही है (हाल ही में अप्रैल–जून '25 का अंक निकला है)। इसे निरंतरता और लोकप्रियता देने के लिए विज्ञान लेखकों का लेखन योगदान और सभी हिंदी विज्ञान प्रेमियों का एक मंच पर आना अनिवार्य है। संस्थान की पत्रिका में प्रकाशित लेखों में कोई भेदभाव नहीं होता है, और यह लेखकों के मान–सम्मान और नई तकनीक पर आधारित होते हैं, जो पाठकों के लिए रुचिकर हैं।

# गुरुहीन स्कूल, अधूरा भविष्य–शिक्षा व्यवस्था पर संकट की दस्तक

–डॉ. सत्यवान सौरभ–

हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था इस समय एक गहरे संकट से गुजर रही है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी ने न केवल पढ़ाई की गुणवत्ता को प्रभावित किया है, बल्कि बच्चों के भविष्य पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। हाल ही में आई रिपोर्टों के अनुसार प्रदेश में 12, 000 से अधिक शिक्षक पद रिक्त हैं। यह संख्या केवल एक प्रशासनिक आँकड़ा नहीं, बल्कि उन हजारों बच्चों की उम्मीदों का प्रतीक है जो अपने जीवन की दिशा तय करने के लिए इन स्कूलों पर निर्भर हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि कुछ जिलों में एक–एक शिक्षक पर 100 से अधिक बच्चों की जिम्मेदारी आ चुकी है।

हरियाणा जैसे शिक्षित और विकसित राज्य में यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। एक ओर सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य पूरे करने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर स्कूलों में ब्लैकबोर्ड तक खाली हैं। शिक्षक समाज की नींव होते हैं, वे केवल पढ़ाई नहीं कराते बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। जब इन स्कूलों में गुरुजी ही न हों, तो बच्चों का मनोबल, सीखने की क्षमता और भविष्य सभी खतरे में पड़ जाते हैं।

सरकारी आंकड़े बताते हैं कि राज्य के विभिन्न विभागों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया वर्षों से अधर में लटकी हुई है। बार–बार घोषणाएँ होती हैं, पदों का विज्ञापन निकलता है, लेकिन या तो चयन प्रक्रिया धीमी रहती है या फिर नियुक्तियाँ समय पर नहीं हो पातीं। नतीजा यह है कि हजारों स्कूल ऐसे हैं जहाँ या तो एक ही शिक्षक पूरी जिम्मेदारी उठा रहा है, या फिर अस्थायी आधार पर गेस्ट टीचर व्यवस्था से काम चलाया जा रहा है। यह स्थिति बच्चों के हित में नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि एक शिक्षक पर अधिकतम 30–35 विद्यार्थियों से अधिक का बोझ नहीं होना चाहिए। ऐसा इसलिए ताकि शिक्षक व्यक्तिगत ध्यान दे सकें और सीखने की प्रक्रिया को सार्थक बनाया जा सके। मगर नूंह, पलवल, महेंद्रगढ़ जैसे जिलों में यह अनुपात 1:100 तक पहुँच गया है। यह केवल एक शैक्षणिक समस्या नहीं बल्कि सामाजिक असमानता की कहानी भी कहता है। क्योंकि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे वही हैं जिनके माता–पिता निजी शिक्षा का खर्च नहीं उठा सकते। इस वर्ग के लिए सरकारी स्कूल ही एकमात्र आशा हैं, और जब इन स्कूलों की दशा ऐसी हो जाए, तो समाज का भविष्य ही संकट में पड़ जाता है। सरकार ने वर्ष 2024 में 14, 295 नए पदों पर भर्ती की घोषणा की थी। लेकिन जिस गति से प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, उसे देखकर लगता है कि यह लक्ष्य 2025 के अंत तक भी पूरा नहीं हो पाएगा। शिक्षकों की भर्ती के लिए लंबी प्रक्रिया, कोर्ट के केस, दस्तावेजी जाँच, रिजर्वेशन विवाद, और विभागीय सुस्ती — सब मिलकर स्थिति को और जटिल बना रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, जो शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनकी जगह तुरंत नई नियुक्ति नहीं की जा रही। इसका अर्थ यह हुआ कि रिक्तियों की संख्या समय के साथ बढ़ती ही जा रही है। हरियाणा के कुछ जिलों में हालात इतने खराब हैं कि स्कूलों में एक ही शिक्षक हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन सब कुछ पढ़ा रहा है। नतीजतन, बच्चों की समझ कमजोर होती जा रही है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में पास करवाना नहीं बल्कि सोचने, समझने और समाज में योगदान देने की क्षमता विकसित करना होता है। लेकिन ऐसी परिस्थितियों में बच्चों को केवल औपचारिक शिक्षा मिल रही है, वास्तविक ज्ञान नहीं।

शिक्षक केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज के विकास की रीढ़ हैं। उनके बिना कोई भी नीति, कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती। शिक्षक का होना ही विद्यालय की आत्मा का होना है। जब शिक्षकों की कमी होती है, तो स्कूल भवन तो रह जाते हैं, लेकिन शिक्षा का सार कहीं खो जाता है।

सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या लगातार घट रही है क्योंकि अभिभावक अब निजी स्कूलों की ओर झुक रहे हैं। लेकिन निजी स्कूल हर वर्ग के लिए सुलभ नहीं। ग्रामीण इलाकों में तो कई बार सरकारी स्कूल ही शिक्षा का एकमात्र माध्यम हैं। जब यहाँ संसाधन नहीं, शिक्षक नहीं और सुविधाएँ नहीं, तो शिक्षा केवल एक दिखावा बनकर रह जाती है।

राज्य सरकार ने कई बार दावा किया है कि शिक्षकों की भर्ती जल्द पूरी की जाएगी, लेकिन जमीनी स्तर पर बदलाव न के बराबर है। शिक्षा विभाग की फाइलें कार्यालयों में घूमती रहती हैं जबकि स्कूलों में बच्चे बिना पढ़ाई के दिन बिताते हैं। शिक्षा के इस संकट को दूर करने के लिए केवल घोषणाएँ काफी नहीं होंगी, बल्कि ठोस कार्ययोजना बनानी होगी।

सबसे पहले तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हर विद्यालय में विषयवार पर्याप्त संख्या में शिक्षक हों। साथ ही, जो पद लंबे समय से रिक्त हैं, उन्हें अस्थायी नहीं बल्कि स्थायी भर्ती के माध्यम से भरा जाए। गेस्ट टीचर व्यवस्था एक अस्थायी उपाय थी, लेकिन अब यह स्थायी समाधान बन गई है, जो कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए नुकसानदायक है। दूसरा, शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन में पारदर्शिता लाई जाए। कई बार होता यह है कि कुछ स्कूलों में शिक्षक अधिक होते हैं जबकि कुछ स्कूलों में एक भी नहीं। यह असमान वितरण भी एक बड़ी समस्या है। डिजिटल तकनीक की मदद से इस स्थिति को संतुलित किया जा सकता है।

तीसरा, शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जो शिक्षक सेवा में हैं, उन्हें समय–समय पर नई शिक्षण तकनीकों और पद्धतियों का प्रशिक्षण मिले ताकि वे बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ सकें। सरकार को यह समझना होगा कि शिक्षा खर्च नहीं बल्कि निवेश है। जब राज्य शिक्षा पर ध्यान देता है, तभी उसका सामाजिक और आर्थिक विकास संभव होता है। यदि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलेगी, तो आने वाले वर्षों में यह कमी देश की उत्पादकता, नवाचार और सामाजिक सद्भाव पर सीधा असर डालेगी। हरियाणा ने कई क्षेत्रों में प्रगति की है — उद्योग, खेल, कृषि और प्रशासन में राज्य की पहचान बनी है। लेकिन शिक्षा में यह कमी उस छवि को धूमिल कर रही है। हर बच्चा तभी सक्षम नागरिक बनेगा जब उसे बचपन से उचित मार्गदर्शन और शिक्षा मिलेगी। स्कूलों में शिक्षकों की कमी केवल एक प्रशासनिक गलती नहीं बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी का उल्लंघन भी है। शिक्षक ही वह कड़ी हैं जो समाज और ज्ञान को जोड़ती है। जिस दिन हम इस कड़ी को कमजोर कर देंगे, उसी दिन समाज में अंधकार फैलने लगेगा। बच्चे जब बिना शिक्षक के स्कूल जाते हैं, तो यह केवल एक शैक्षणिक विफलता नहीं बल्कि राष्ट्र की असफलता भी है।

अब समय आ गया है कि सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। केवल भवन बनाना, स्मार्ट क्लास लगाना या किताबें बांटना पर्याप्त नहीं है। इन सबका अर्थ तभी है जब हर कक्षा में शिक्षक खड़ा हो, बच्चों की आँखों में सवाल हों और उन सवालों के जवाब देने वाला कोई गुरु मौजूद हो।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी–85, नोएडा, सेक्टर–6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी–102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली–110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालयों में देखा गया प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण

*** विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण सामूहिक प्रयासों से ही संभव : जिलाधिकारी**

*** जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से कहा— आप भावी पीढ़ी के कर्णधार हैं**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025 के अंतर्गत सोमवार को जनपद अमरोहा के सभी माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स राजकीय इंटर कॉलेज, अमरोहा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप देश की भावी पीढ़ी के कर्णधार हैं। विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हम सभी के सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देकर तथा छोटे-छोटे उत्पादों की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर हम आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा ÷विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025÷ कार्यक्रम की शुरुआत 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से की गई है। इस अभियान के अंतर्गत देशभर के बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के दलों का पंजीकरण vbb.mic.gov.in पोर्टल पर कराया जा रहा है। प्रत्येक दल में 5 से 7 विद्यार्थी होंगे, जो अपने शिक्षक की मेंटरशिप में आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत जैसे विषयों पर विचार प्रस्तुत करेंगे।विद्यार्थियों को अपने विचारों का राइट-अप एवं 2 मिनट की वीडियो 31 अक्टूबर तक पोर्टल पर अपलोड करनी है। इस अभियान के तहत जनपद स्तर पर 1000, राज्य स्तर पर 100 और राष्ट्रीय स्तर पर 10 विजेताओं को कुल एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित विकसित भारत मेगा इवेंट का सीधा प्रसारण 13 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक सभी विद्यालयों में देखा गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रवेश कुमार (जिला विद्यालय निरीक्षक अमरोहा), देवेंद्र प्रताप सिंह, जयवीर सिंह, और मदनपाल सिंह (जिला समन्वयक समग्र शिक्षा) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तिगरी गंगा मेला स्थल का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

*** तैयारियों में तेजी लाने के निर्देश, घाटों की सुरक्षा पर विशेष जोर**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सोमवार को गंगा तिगरी मेला स्थल का निरीक्षण किया और चल रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र के प्रस्तावित ले-आउट का अवलोकन करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए ताकि इसके बाद विद्युत, प्रकाश, शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था समय पर की जा सके। उन्होंने बाढ़खंड के अधिकारियों को घाटों का निर्माण सुरक्षात्मक उपायों के साथ मजबूत बल्लियां लगाकर करने के निर्देश दिए। साथ ही, फ्लोटिंग बैरियर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने उपजिलाधिकारी धनौरा, जिला पंचायत राज अधिकारी, बीडीओ और नगर निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में स्थित गन्ने की फसल को दो दिनों के भीतर कटवाने की कार्रवाई करें, ताकि शेष कार्य सुचारू रूप से हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि तिगरी गंगा मेला को भव्य, सुरक्षित और आकर्षक रूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र को चौड़ाई के बजाय अधिक लंबाई में विस्तारित किया जा रहा है, जिससे भीड़ प्रबंधन बेहतर हो सके।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) गरिमा सिंह, उपजिलाधिकारी धनौरा विभा श्रीवास्तव, लोक निर्माण विभाग, बाढ़खंड के अधिकारी तथा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया 27वीं जनपदीय विद्यालयी क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

*** जीत-हार नहीं, अपना सर्वश्रेष्ठ देना ही असली सफलता है : डीएम**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** राजकीय मिनी स्टेडियम में सोमवार को 27वीं जनपदीय विद्यालयी क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी का स्वागत अंगवस्त्र, पट्टिका, कैप एवं बुके भेंट कर किया गया। तत्पश्चात उन्होंने ध्वजारोहण कर, गुब्बारे एवं शांति और खुशहाली के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत शर्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुई, वहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके अलावा अन्य विद्यालयों की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जिलाधिकारी ने मार्च पास्ट की सलामी ली और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विगत वर्ष की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जान्हवी यादव ने सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर सिख इंटर कॉलेज के छात्र लविश को उड़ीसा में आयोजित खेल प्रतियोगिता में 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने पर जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने 800 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया तथा विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में उतरते समय जीत या हार की नहीं, बल्कि अपना सर्वश्रेष्ठ देने की भावना रखनी चाहिए। टीम भावना के साथ खेलने पर सफलता निश्चित है। उन्होंने कहा कि मेहनत, ईमानदारी और लगन के साथ प्रयास करने से ही जीवन में ऊँचाइयाँ हासिल की जा सकती हैं। खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से न केवल परिवार बल्कि देश का भी नाम रोशन करते हैं। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाएं निखरती हैं और उनमें आत्मविश्वास का विकास होता है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी देशकान्त त्यागी, विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, अध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक में व्यापारियों के उत्पीड़न पर जताई चिंता



*** भाजपा शासन में व्यापारी, गरीब और पिछड़े वर्ग हो रहे परेशान : सर्वेश सैनी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय मे सोमवार को समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सर्वेश सैनी ने की। बैठक में व्यापारियों की समस्याओं एवं मौजूदा सरकार की नीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष सर्वेश सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में व्यापारी, गरीब और पिछड़ा वर्ग बुरी तरह से परेशान है। व्यापारियों के साथ आए दिन लूट, हत्या और अपहरण जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में ÷इंस्पेक्टर राज÷ चरम पर है और सरकारी विभागों द्वारा व्यापारियों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा, श्रम विभाग और वाट-माप विभाग के कुछ मनमाने अधिकारी छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी व्यापारियों, गुमटी धारकों और मध्यम वर्गीय उद्यमियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। दुकानों और गोदामों की जांच के नाम पर भ्रष्टाचार चरम पर है। वहीं केंद्र सरकार द्वारा लागू जीएसटी, नोटबंदी और कोविड-19 लॉकडाउन जैसी नीतियों से व्यापार पहले ही बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष विजयपाल सैनी ने कहा कि खुदरा व्यापार से देश की अर्थव्यवस्था को सहारा देने वाला व्यापारी वर्ग आज भी सरकारी नीतियों के कारण परेशान है। भाजपा सरकार केवल समाज में वैमनस्य फैलाने का काम कर रही है। सपा सरकार आने पर व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। बैठक का संचालन समाजवादी व्यापार सभा अमरोहा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अलीमुद्दीन ने किया।कार्यक्रम में आलोक भारती, चंद्रपाल सैनी, सन्तराम सिंह यादव, मुख्तार नकवी, राधेलाल रघुवंशी, तुषार रघुवंशी, अतीक अहमद, सुरेंद्र सिंह यादव, मुमताज खां, महेश यादव, सरफराज अनवर, फैय्याज अल्वी, ब्रजेश सैनी, राजवीर सिंह, विकिल चौधरी, राजेश सैनी, अमर सिंह, जमाल खां, सुभाष, सुमित कुमार, राजकमल, रविपाल चिकारा, अमीर हमजा, मोहम्मद कासिम, कपिल सैनी, अभिषेक, डॉ. अनीश अहमद, अशोक कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**गजरौला।** पुलिस ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म और धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी प्रवेज खान पुत्र अली जान, निवासी चमन बाग कॉलोनी, थाना गजरौला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ थाना गजरौला में मुकदमा संख्या 517/2025 धारा 65(1), 351(2) बीएनएस तथा धारा 3/4(2) पोक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत था। जानकारी के अनुसार12 अक्टूबर 2025 को एक महिला ने अपनी नाबालिग पौत्री के साथ दुष्कर्म और धमकी देने की तहरीर पुलिस को दी थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के पर्यवेक्षण में थाना गजरौला पुलिस की टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रवेज खान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी को आज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस गिरफ्तारी में अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह, हेड कांस्टेबल सरज कुमार और कांस्टेबल मोहित भाटी की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है, जिसके तहत गंभीर अपराधों में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# जनपद भर धूमधाम से मनाया गया अहोई अष्टमी का त्योहार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** जिले भर में भारतीय संस्कृति व पुरानी परंपराओं का प्रतीक अहोई अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। संतान सुख-समृद्धि की प्राप्ति के लिए आज महिलाओं ने अहोई अष्टमी उपवास रखकर अनुष्ठान किया। सुबह कई महिलाएं रोली, मोली, चावल व पूजा की अन्य सामग्री को लेकर मंदिरों में पहुंची और इष्ट देव के समक्ष संतान की सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा है। दोपहर में अहोई माता की कथा सुनकर बुजुर्गों का आशीर्वाद लेंगी। सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। अहोई अष्टमी पर महिलाओं ने बताया कि संतान की सुख समृद्धि व लंबी आयु की कामना के लिए कार्तिक मास कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि पर अहोई अष्टमी का व्रत किया जाता है। इस व्रत की विशेषता है कि जिस दिन अहोई अष्टमी होती है, अगले सप्ताह उसी दिन दीपावली मनाई जाती है। उन्होंने बताया कि इस व्रत में महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं। पूरे दिन बिना अन्न-जल ग्रहण किए दिन में अहोई माता की कथा कर रात को तारों को देखकर व्रत खोला जाता है। अहोई अष्टमी का पर्व संतान की सुख, समृद्धि और उनकी दीर्घायु के लिए मातृशक्ति निर्जला रहती है।

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** थाना क्षेत्र के श्रीराम किसान इंटर कॉलेज के गेट के पास देर रात दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से एक को मेरठ रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद पुलिस ने दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया। कस्बा नौगांवा सादात के मंगल का बाजार पुलिया के पास असगरीपुर जोया निवासी डॉ. मोहम्मद मिरसियान मिश्रा का शिफा क्लीनिक नाम से क्लीनिक है। वे प्रतिदिन अप-डाउन करते हैं। सोमवार की देर रात वह अपने क्लीनिक से हीरो एसपी 125 (UPwx AF 0139) से घर लौट रहे थे। इसी दौरान श्रीराम किसान इंटर कॉलेज, बादशाहपुर गेट के सामने उनकी बाइक की टक्कर अमरोहा दिशा से आ रही प्लैटिना बाइक (P23 AB 9577) से हो गई, जिसे चेतन यादव चला रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए चेतन यादव को मेरठ रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, डॉ. मिरसियान मिश्रा का उपचार एक निजी अस्पताल में जारी है। दुर्घटना के बाद पुलिस ने दोनों बाइकों को थाने में खड़ा कर दिया। हादसे की वजह से डॉ. मिश्रा का क्लीनिक बंद रहा।

# दीवार में कूमल लगाकर नकदी-जेवरात समेत लाखों का सामान किया चोरी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**डिडौली।** बेखौफ चोरों ने दीवार में कूमल काटकर नकदी-जेवरात समेत लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। गृहस्वामी को घटना की जानकारी सुबह में जागने पर हुई। सूचना पर पुलिस ने मौका-मुआयना किया। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चार अक्तूबर की रात की घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर गुर्जर की है। यहां किसान प्रिंस पंवार का परिवार रहता है। घटना वाली रात वह परिवार के साथ बरामदे में सोए हुए थे। पीछे से दीवार में कूमल काटकर चोर घर में घुस आए तथा कमरों को खंगालना शुरू कर दिया। चोरों ने अल्मारी में रखी सोने की छह अंगूठी, दो हार, मंगल सूत्र, टीका, कंठी, चांदी के सिक्के व अन्य जेवरात समेत 55 हजार रुपये नकदी चोरी कर ली। वारदात अंजाम देने के बाद चोर फरार हो गए। गृहस्वामी प्रिंस पंवार को घटना की जानकारी अगले दिन सुबह में जागने पर हुई। कमरों में सामान बिखरा हुआ था तथा नकदी-जेवरात गायब थे। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना का जल्दी ही खुलासा कर दिया जाएगा।

# सरयू घाट को जगमगाऐंगे निगम गौशाला के दिए



*** महापौर डॉ. अजय कुमार ने अयोध्या भेजने के लिए पशु चिकित्सा अधिकारी को सौंपे पांच हजार दीपक**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** दीपावली के पावन पर्व पर अयोध्या में सरयू घाट सहारनपुर नगर निगम की गौशाला के गोमय दीपों से भी जगमगायेंगे। इसके लिए नगर निगम ने पांच हजार गौमय दीपक अयोध्या भेजे हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज अयोध्या भेजने के लिए ये दीपक निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा को सौंपे। महापौर डॉ.अजय कुमार ने कहा कि जीएसटी दरों में कमी के बाद इस वर्ष दीपोत्सव को लेकर पूरे देश में उत्साह है। अयोध्या में भी इस वर्ष दीपावली पर्व और अधिक उत्साह से मनाया जा रहा है। इस दीपोत्सव में नगर निगम सहारनपुर भी साझेदारी करने के लिए गोबर से निर्मित पांच हजार दीपक अयोध्या भेज रहा है। ये गौमय दिए भी अयोध्या के सरयू तट को जगमगाऐंगे। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम की कान्हा उपवन गौशाला में निर्मित दीपों की धूम पूरे देश में है। गौशाला की वेबसाइट के अलावा अनेक ऑन लाइन प्लेटफॉर्म पर देशभर से इनकी मांग आ रही है। इसके अलावा भी अनेक उत्पाद निगम की गौशाला में बनाये जा रहे हैं, जिनके लिए निगम गौशाला को अनेक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। गौशाला प्रभारी डॉ.मिश्रा ने बताया कि गौशाला में निर्मित गौमय दीपों की एक विशेषता यह है कि ये पानी में भी तैरते है और उपयोग के बाद इन्हें खाद के रुप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इस दृष्टि से ये दीपक इको फ्रेंडली भी है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत अकबर उद्दीन को किया गया सम्मानित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** मिशन शक्ति के अंतर्गत हाशमी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज में 70 वर्षीय ताइक्वांडो एक्सपर्ट अकबर उद्दीन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक द्वारा उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान की सराहना की।श्री अकबर उद्दीन देशहित में निःशुल्क ताइक्वांडो क्लासेस प्रदान कर रहे हैं। उनके इस सामाजिक योगदान और सेवाभाव के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कॉलेज परिवार ने उनके समर्पण की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के दौरान हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सिराज उद्दीन हाशमी (एडवोकेट) ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ÷आज की लड़कियाँ किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं हैं। यह युग लड़कियों का युग है।÷ उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए आगे कहा कि ÷यदि संकल्प और आत्मविश्वास मजबूत हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। महिलाएँ आज हर क्षेत्र में अग्रसर हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।÷ इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ रिज़वाना कुलसूम, समस्त स्टॉफ, छात्राएँ मौजूद रहे।

# पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम को भेजा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थानाक्षेत्र के गांव शेरपुर में करीब छः माह पूर्व एक विवाहिता की हुई मौत के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। विवाहिता के भाई का आरोप है कि उसके ससुराल वालों ने उसकी बहन की हत्या की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बताते चल कि बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव वली पुर निवासी रवीना की शादी लगभग 7 वर्ष पूर्व धनौरा थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर निवासी शाहिद के साथ हुई थी। छः माह पूर्व रवीना ने एक बेटी को जन्म दिया था। डिलीवरी के बाद रवीना की मौत हो गई थी। उस समय मायके और ससुराल पक्ष ने बीमारी के चलते मौत बताकर शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया था। बाद में रवीना के भाई शफी पुत्र इतवारी को कहीं से जानकारी मिली कि रवीना की उसके ससुराल वालों ने हत्या की है। जिसके बाद उसने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। व सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया व थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार मय फोर्स के विवाहिता के शव को कब्र से निकलवाने के लिए कब्रिस्तान पहुंचे। जहां उन्होंने विवाहिता के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि मृतका के भाई शफी की और से कोर्ट के आदेश पर मृतका के ससुराल पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

कब्र को खुदवाकर मृतका के शव के कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# मातृशक्ति गृहलक्ष्मी के साथ ही हमारे समाज की रीढ़, प्रवीण अग्रवाल



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** सोमवार को नगर पालिका सभागार में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विषय पर आयोजित बैठक में पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा सहित सभासदों ने राज्य के विकास हेतु अपने विचार साझा किए। सतत विकास, नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और बेहतर नगरीय सेवाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और कदम है। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि भारत के अमृतकाल के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज नई सोच, नई ऊर्जा और नए संकल्पों के साथ एक विकसित, आत्मनिर्भर और भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उत्तर प्रदेश की इस विकास यात्रा में मेरे साथ हर नागरिक सहभागी है। मेरे लिए किसान केवल अन्नदाता नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत के अग्रदूत हैं। युवा मात्र विद्यार्थी नहीं बल्कि परिवर्तन के वाहक हैं। मातृशक्ति गृहलक्ष्मी के साथ ही हमारे समाज की रीढ़ हैं। और उत्तर प्रदेश केवल प्रदेश नहीं बल्कि प्रतिभा परंपरा और प्रगति की प्रयोगशाला है। यह बदलाव की कहानी का एक पड़ाव मात्र है। अभी तो अनेक अवसर, अनगिनत योजनाएं और अगाध संकल्प शेष हैं। जिन्हें अनेक प्रयासों से सिद्धि तक पहुंचाना है। हमारा लक्ष्य विकसित उत्तर प्रदेश है प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ही नहीं बनाना है बल्कि 25 करोड़ प्रदेश वासियों की आकांक्षाओं को साकार स्वरूप प्रदान करना है। उत्तर प्रदेश की धरती अपने सांस्कृतिक वैभव गौरवशाली इतिहास और समृद्ध विरासत के लिए जानी जाती है। इस अवसर पर राजीव दीक्षित, दुलीचन्द गिहार, अंशुल, अफजाल अहमद, गौरव धारीवाल, जगत सिंह ,इरशाद, अनवर, राजू बादशाह, नौशाद, शाहनवाज, राजेन्द्र कुमार, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय 18वीं यूपी स्टेट 'रोल बॉल चैम्पियनशिप-2025' का समापन

*** आगरा व मेरठ ने जीता खिताब, मुरादाबाद और गाजियाबाद बनी उपविजेता**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मेरठ।** आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय 18वीं यूपी स्टेट रोल बॉल चैम्पियनशिप-2025 का सोमवार को भव्य समापन हुआ। मुख्य प्रायोजक




वेंकटेश्वरा ग्रुप एवं मुख्य आयोजक रोल बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 24 टीमों ने जोरदार प्रदर्शन किया।पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में टीम आगरा ने शानदार खेल दिखाते हुए टीम मुरादाबाद को 8-1 से हराकर चैम्पियनशिप अपने नाम कर ली, जबकि मुरादाबाद को उपविजेता ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। वहीं महिला वर्ग में टीम मेरठ ने टीम गाजियाबाद को एकतरफा मुकाबले में 10-2 से पराजित कर खिताब जीता।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजीव त्यागी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, किक बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं प्रतिकुलाधिपति, वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय) ने खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफियां प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि– ÷किसी भी प्रतिस्पर्धा में हार नाम की कोई चीज नहीं होती। जब हम किसी खेल में भाग लेते हैं तो या तो जीतते हैं या फिर सीखते हैं कि कहाँ सुधार की गुंजाइश है। विकसित भारत में युवाओं की भूमिका सर्वोच्च होगी।÷ श्री वेंकटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने अपने संदेश में खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि युवा वर्ग ही विकसित भारत के निर्माण की रीढ़ हैं। इस अवसर पर यूपी रोल बॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष पायलट राकेश त्यागी, जिला अध्यक्ष/सचिव कपिल कुमार, मुख्य कोच शुभम कश्यप, वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार विकास कौशिक, निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, मैनेजिंग मैनेजर बबीता कुमार एवं जिला सचिव आकांक्षा शर्मा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रतियोगिता स्थल पर खेल भावना और उत्साह का माहौल देखने को मिला। विजेता टीमों को सम्मानित कर कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## वरिष्ठ अधिवक्ता का निधन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता और उर्दू अखबार के कारी के. बी. माथुर का आज प्रातः 9ः30 बजे एशियन विवेकानंद हॉस्पिटल, मुरादाबाद में 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 4ः00 बजे स्वर्गधाम में किया जाएगा। उमेश दुबे के अनुसार माथुर मृदुभाषी, सरल स्वभाव के व्यक्ति थे और वकालत के क्षेत्र में नई पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहे। उनके सामाजिक एवं राजनीतिक संबंध भी अत्यंत मधुर और सुदृढ़ थे।कानूनी जगत एवं समाज के प्रति उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति दे

## बैंक स्वार का निरीक्षण किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** क्षेत्राधिकारी, स्वार द्वारा Bank of Baroda (BOB) बैंक स्वार का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान बैंक परिसर एवं आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए । निरीक्षण उपरांत क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा महिला सुरक्षा दल स्वार के साथ साइबर सुरक्षा अभियान एवं मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत उपस्थित नागरिकों/बैंक उपभोक्ताओं को साइबर अपराध से बचाव के उपायों एवं महिला सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई । अभियान के तहत जागरूकता पम्पलेट वितरित कर लोगों को जागरूक किया गया तथा बैंक स्टाफ को संदिग्ध व्यक्तियों/गतिविधियों के संबंध में तत्काल पुलिस को सूचना देने हेतु प्रेरित किया गया ।

## पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** थाना स्वार क्षेत्रान्तर्गत पीड़िता का अपने पति से विवाद होने के कारण पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर महिला थाना जनपद रामपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 24/20 किया गया था । उक्त प्रकरण मा0 परिवार न्यायालय, रामपुर में वाद सं0-494/22,350/23, 229/24, 74/25 धारा 125(3) द0प्र0सं0- बनाम मौ0 फारुख पुत्र अहमद नवी निवासी मिलक काजी थाना स्वार जनपद रामपुर के विरुद्ध भरण पोषण हेतु दायर किया गया । पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा महिला सम्बन्धित प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने हेतु प्रचलित अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में थाना स्वार पुलिस द्वारा पीड़िता को उचित न्याय दिलाये जाने हेतु मा0 न्यायालय द्वारा जारी वसूली वारण्ट में प्रभावी कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय द्वारा निर्धारित की गयी धनराशि 90000/- रुपये पीड़िता को दिलवाये गये । पीड़िता द्वारा भरण पोषण हेतु धनराशि को पाकर रामपुर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी ।

## साइबर सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुक किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 13.10. 2025 को साइबर सैल द्वारा थाना बिलासपुर क्षेत्रान्तर्गत न्यू ऐज पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं/ शिक्षकों को साइबर सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुक किया । इस अवसर पर साइबर सैल द्वारा थाना बिलासपुर अंतर्गत न्यू ऐज पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं/ शिक्षकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक निम्न जानकारी दी गईः-

1.किसी भी अनजान लिंक, कॉल या संदेश पर विश्वास न करें ।

2.ओटीपी, पासवर्ड या बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें ।

3.सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न करें ।

किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या ऑनलाइन अपराध होने पर तत्काल 1930 (साइबर हेल्पलाइन) या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें ।

## ग्लोबल हैंडवॉश डे मनाया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जैन इण्टर कॉलेज में ग्लोबल हैंडवॉश डे मनाया गया। प्रधानाचार्य हरीश डुडेजा ने छात्रों को स्वच्छता के विषय में बताया कि अगर हम अपनी शारीरिक और बाह्य स्वच्छता का पालन करेंगे तो बीमार कम पड़ेंगे। लालेन्द्र कुमार राय ने कहा कि प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे मनाया जाता है। इस दिन छात्रों को स्वच्छता विशेष रूप से हाथ धोने के महत्व को बताया जाता है।हिंदी प्रवक्ता मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि हाथ धोना अपने स्वभाव में लाना चाहिए क्योंकि हाथों के न धोने से डायरिया फ्लू निमोनिया जैसी बीमारियां फैलती हैं।उन्होंने कहा कि छात्रों को हाथ धोने की सही विधि बताना बहुत आवश्यक है।हाथी को कम से कम बीस सेकेंड तक साबुन से धोना चाहिए नाखूनों और उंगलियों के बीच के स्थान को अच्छी तरह से धोना चाहिए।साफ़ हाथ ही स्वस्थ जीवन की कुंजी हैं।इसलिए प्रत्येक छात्र को अपने हाथ साफ़ रखने चाहिए।सचिन सिंह ने कहा कि निरोगी रहने के लिए स्वच्छता अपनाना बहुत जरूरी है।इस अवसर पर सभी छात्रों को हाथ धोने का अभ्यास कराया गया।

## डॉ. नदीम अशरफ को दी बधाई




**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एंड एंटी करप्शन मिशन के प्रदेश महासचिव (मेडिकल प्रकोष्ठ) डॉ. नदीम अशरफ को अमेरिका की प्रतिष्ठित मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान किए जाने पर संगठन में हर्ष का माहौल है। प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद फैज़ान ने उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ÷डॉ. नदीम अशरफ ने समाज सेवा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो उल्लेखनीय योगदान दिया है, वह मिशन के लिए गर्व की बात है। उनका यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि संगठन के समर्पण और मानवता के प्रति किए गए कार्यों की भी पहचान है।

## लड़ाई राहुल गांधी ही लड़ रहे हैं : बब्लू



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के गांव काशीपुर में कांग्रेस ने %वोट चोर गद्दी छोड़% अभियान के तहत एक जनसभा का आयोजन किया। जनसभा में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व इस विधान सभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे मुतिउर्रहमान खां बब्लू ने कहा कि दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की लड़ाई राहुल गांधी ही लड़ रहे हैं। जनसभा में जुटी भीड़ को संबोधित करते हुए मुतिउर्रहमान खां बब्लू ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के बारे में बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों के हस्ताक्षर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान राहुल गांधी जी के नेतृत्व में देशभर में चलाया जा रहा है। यह 15 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें रैलियां, पुतला दहन, धरना प्रदर्शन और हस्ताक्षर अभियान जैसे कार्यक्रम शामिल हैं।

## पुलिस कार्यालय पर की जनसुनवाई



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** क्षेत्राधिकारी नगर, रामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं/ शिकायतों को सुना गया, जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## शिक्षकों के लिए जी का जंजाल बन रहा है स्मार्ट फोन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए स्मार्ट फोन जी का जंजाल बनता जा रहा है। स्कूल समय के अलावा शिक्षक घर पर पहुंचकर भी घंटों तक सूचनाएं देने में लगे रहते हैं। यदि सूचनाएं न दें तो विभागीय अधिकारी कार्रवाई करने के नाम पर धमकाते हैं। जब शिक्षक स्कूल में मोबाइल से ऑनलाइन सूचना देने लगते हैं तो बच्चों के अभिभावक कहते हैं कि शिक्षक पढ़ाते नहीं, हमेशा मोबाइल में लगे रहते हैं। इसके चलते शिक्षक बेचारा दो पाटों के बीच पिसकर रह गया है। सोमवार को शिक्षक संघ की बैठक में जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय मोबाइल और टेक्नोलॉजी का है। एक तरफ जहां मोबाइल ने लोगों की जिंदगी को आसान बनाया है तो वहीं यह शिक्षकों की जिंदगी में दुश्वारियां पैदा कर रहा है। विभाग द्वारा पहले से ही दर्जन भर से ज्यादा ऐप हैं, जिन पर ऑनलाइन सूचना देना, ट्रेनिंग करना आदि हैं।

## दीपावली 20 अक्टूबर को मनायी जाएगी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद में दीपावली का पर्व 20 अक्टूबर 2025 को मनाया जाना है। दीपावली से पूर्व 19 अक्टूबर 2025 को छोटी दीपावली एवं 18 अक्टूबर 2025 को धनतेरस का पर्व मनाया जायेगा। धनतेरस के दिन से ही दीपावली तक नगर के प्रमुख बाजारों में काफी सजावट की जाती है, जिस कारण बाजारों में काफी भीड़ रहती है और जन समुदाय द्वारा इन 03 दिवसों में बर्तनों, विविध सामान एवं आतिशबाजी आदि की खरीदारी की जाती है। जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर नगर क्षेत्र के भीड़ वाले बाजारों यथा बापू मॉल, बाजार सर्राफा, बर्तन बाजार, मिस्टनगंज एवं सिविल लाइन क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखे जाने एवं कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु 18 से 20 अक्टूबर 2025 तक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगायी गई है।

## वैश्य महासम्मेलन में डांडिया ग्रुप ने मचाया धमाल



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** नवरात्र के पवन स्तर पर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन ने मंथन होटल में डांडिया उत्सव का भव्य आयोजन किया पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं जब गर्व किला पर फिरकी तो पूरा वातावरण उल्लास और रंगों से सरोवर हो उठा कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना और दीप प्राजूलन के साथ हुआ अध्यक्ष पूनम गुप्ता के साथ प्रशाली मोक्षी पुष्पा गुप्ता दीपा और नामित सिंघल ने विविध दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया इसके बाद इस वंदना गेम्स डांस सरप्राइज किड्स हाउसिंग और फेस्टिवल्स क्वीन जैसे मनोरंजक कार्यक्रमों में दर्शकों को लगातार तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया अंशिका अग्रवाल ने मां दुर्गा के भजन पर शानदार प्रस्तुति दी तो वही श्वेता सोनी नेहा और दीप्ति ने डांडिया प्रस्तुति में माहौल में जोश भर दिया।

## व्यवस्थाएँ होंगी चाक-चौबंद



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र के साथ कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया और कार्यों को समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अधिवक्ताओं के पक्के चैम्बरों के निर्माण हेतु अध्यक्ष बार एसोसिएशन के साथ वार्ता की गई। इसमें चैम्बरों के शीघ्र निर्माण हेतु स्थल चयन और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएँ जल्द पूर्ण कराने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले नागरिकों और अधिवक्ताओं के लिए सुव्यवस्थित और सुचारू वातावरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ चाक-चौबंद की जाए।

## जनता की समस्या सुनेंगे और निस्तारण करेंगे

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी दिनांक 14/10/2025 को समय लगभग सुबह 10 बजे अपने कैंप कार्यालय पिरानपूर रोड तोपखाने पर जनता दरबार लगाकर जनता की समस्या सुनेंगे और उनका निस्तारण करेंगे तथा उसके बाद सांसद मोहिबुल्लाह नदवी जी समय 2ः00 बजे दोपहर बमनपुरी स्टेडियम में विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे इस दौरान जिला अधिकारी महोदय पुलिस अधीक्षक महोदय साथ रहेंगे यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी

## 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी स्वार महोदय के पर्यवेक्षण थाना स्वार पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत 01 नफर अभियुक्त गुड्डु पुत्र इब्ने अली निवासी ग्राम शिवनगर लोहारी बब्बरपुरी थाना स्वार जनपद रामपुर को लडाई झगडे मे आमाद होने पर अन्तर्गत धारा 170/126/135 मे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार शुदा नफर अभि0 को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## भगवान वाल्मीकि की शोभा यात्रा निकाली



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भगवान वाल्मीकि वाल्मीकि प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस भीम) के तत्वावधान में ग्राम पंचायत ककरोआ में भव्य भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ भगवान वाल्मीकि मंदिर से किया गया, जिसका उद्घाटन भावाधस भीम के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य जी ने फीता काटकर किया। और रामायण जैसे ग्रंथ पर प्रकाश डाला समाज से अपील की शिक्षित बानो संगठित रहो और संघर्ष करो शोभा यात्रा झांकियां लव कुश को शिक्षा देते भगवान वाल्मीकि .बाबा साहब अंबेडकर. शंकर पार्वती .घोड़ा पकड़ते हुए लव कुश .एवं अन्य को झांकी इस अवसर पर भावाधस भीम के जिला अध्यक्ष दिलीप वाल्मीकन शोभायात्रा का नेतृत्व किया।

## श्रमायुक्त कार्यालय पर की आकस्मिक छापामारी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र ने जनसुनवाई के दौरान आमजन द्वारा श्रम विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध की गयी शिकायत पर सहायक श्रमायुक्त कार्यालय पर आकस्मिक छापामारी की। शिकायतकर्ता द्वारा श्रम विभाग के कुछ अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर अनावश्यक रूप से आमजन को परेशान करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को न दिए जाने की शिकायत की गयी। छापामारी के दौरान जिलाधिकारी ने एक संदिग्ध व्यक्ति को कार्यालय परिसर से पकड़ा, जिसके पास से विभागीय अधिकारियों से संबंधित मोबाइल चैटिंग, सरकारी योजनाओं के आवेदन पत्र एवं अन्य दस्तावेज बरामद हुए। संदिग्ध द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर न देने पर उसे विधिक कार्यवाही हेतु थाना सिविल लाइंस पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

## पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 एवं साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 13.10.2025 को क्षेत्राधिकारी, टाण्डा द्वारा महिला सुरक्षा दल थाना टाण्डा द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत कस्बा टाण्डा में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया ।

जागरुकता के क्रम में महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।

## नगर में निकली भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस के तत्वावधान में नगर मसबासी निकाली गई भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। सोमवार को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की शोभायात्रा का नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल ने फीता काट कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी सम्पूर्ण सनातन धर्म के लिए पूज्यनीय है उनकी लेखनी रामायण से ही दुनिया में हिन्दू धर्म का प्रकाश हुआ भगवान वाल्मीकि द्वारा दिये उपदेशों को अपने जीवन में उतार अपने अन्दर के अंहकार व बुराईयों को मिटाकर सत्य के मार्ग चलें। यह भगवान राम ने सिद्ध कर दिखाया शोभा में आये सभी अतिथियों का शोभायात्रा के अध्यक्ष नितिन वाल्मीकि व सचिव करन वाल्मीकि ने पंगडी बांध कर स्वागत किया।

## स्वदेशी अपनाएं, देश को आत्मनिर्भर बनाएं



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद रामपुर के रोशन बाग पार्क में 09 से 18 अक्टूबर,2025 तक लगे यू.पी. ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 के पांचवें दिन 13 अक्टूबर को भजन संध्या एवं पुराने सदाबहार गीतों की संगीतमय शाम का आयोजन किया गया। साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज की छात्रा द्वारा बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया गया। लोगों ने संगीतमय शाम की खूब सराहना की। रविवार शाम मा. राज्यमंत्री श्री बलदेव सिंह औलख, उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग श्री सूर्य प्रकाश पाल जी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मोदी वाटिका के छोटे-छोटे बालक बालिकाओं द्वारा स्वदेश प्रेम प्रसंग पर आधारित गायन नृत्य एवं वक्तव्य प्रस्तुत किए गए।

## संगठन की आत्मा हैं बूथ अध्यक्ष : हरीश



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि बूथ अध्यक्ष संगठन की आत्मा हैं। उनका समर्पण ही पार्टी की नींव है। जब-जब भाजपा ने चुनावों में ऐतिहासिक विजय हासिल की है, उसके पीछे हर बूथ अध्यक्ष की मेहनत, पसीना और निष्ठा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने सोमवार को स्वार ग्रामीण मंडल के बूथ अध्यक्षों एवं सेक्टर संयोजकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका विशाल संगठन है और इस संगठन की सबसे मजबूत कड़ी है बूथ अध्यक्ष। अगर संगठन एक इमारत है, तो बूथ अध्यक्ष उसकी नींव हैं। कहा कि बूथ जीता, चुनाव जीता यह सिर्फ नारा नहीं है, भाजपा की रणनीति का मूल मंत्र है।

## बांटी गई खेल प्रोत्साहन सामग्री



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान मे आज मा0 मुख्यमंत्री जी के कर-कमलो से प्रदेश की राजधानी लखनऊ मे युवक एंव महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री वितरण कार्यक्रम की लाईव स्ट्रीमिंग के समय ही जनपदो मे मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जनपद रामपुर मे भी विकास भवन सभागार मे युवक एंव महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी के लाईव स्ट्रीमिंग के पश्चात् मुख्य विकास अधिकारी रामपुर श्री नन्द किशोर कलाल द्वारा मंगल दलों के पदाधिकारियों को प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई।

## छात्र-छात्राओं/ शिक्षकों को जागरुक किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 एवं साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 13.10.2025 को थाना साइबर क्राइम व थाना कोतवाली रामपुर पुलिस द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत श्री हरि इंटर कॉलेज आश्रम पद्धति में छात्र-छात्राओं/ शिक्षकों को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया। इस अवसर पर थाना साइबर क्राइम एवं थाना कोतवाली द्वारा थाना कोतवाली अंतर्गत श्री हरि इंटर कॉलेज आश्रम पद्धति में छात्र-छात्राओं/ शिक्षकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक निम्न जानकारी दी गईः-

1.किसी भी अनजान लिंक, कॉल या संदेश पर विश्वास न करें ।

2.ओटीपी, पासवर्ड या बैंक विवरण किसी के साथ साझा न करें ।

3.सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक न करें ।

किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या ऑनलाइन अपराध होने पर तत्काल 1930 (साइबर हेल्पलाइन) या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें ।

## निषेधाज्ञा 30 नवम्बर 2025 तक लागू

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) डॉ0 नितिन मदान ने बताया कि आगामी दिवसों में विभिन्न धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों/संस्थाओं/ व्यक्तियों आदि द्वारा जनपद के विभिन्न भागों में धरना, प्रदर्शन, जुलूस मार्च, पदयात्रा इत्यादि द्वारा अथवा अन्य प्रकार के अविधिक, असामाजिक, क्रिया-कलापों एवं कार्यक्रमों से शान्ति व्यवस्था भंग की जा सकती है। आगामी अवधि में दीपावली/नरक चतुर्दशी, गोवर्धन पूजा, भैयादूज/चित्रगुप्त जयंती, छठ पूजा, सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं आचार्य नरेन्द्र देव जयंती, गुरूनानक जयंती/कार्तिक पूर्णिमा, वीरांगना ऊदा देवी शहीद दिवस, गुरू तेग बहादुर का जन्म दिवस आदि त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में लोक व्यवस्था/कानून एवं शांति व्यवस्था तथा जन व्यवस्था बनाये रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद की सम्पूर्ण सीमा एवं इसके अन्तर्गत पड़ने वाले समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु निषेधाज्ञां 30 नवम्बर 2025 तक लागू की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद में पोलेट्री फार्म में कुक्कुट पक्षियों के सैम्पल पॉजिटिव पाये जाने एवं बर्ड फ्लू फैलने के दृष्टिगत शासन की मंशानुरुप जनमानस में बीमारी के फैलने से रोकने एवं ससमय रोकथाम हेतु पोलेट्री फार्म के 10 किलोमीटर की परिसीमा तक समस्त पोलेट्री फार्म/मुर्ग मांस एवं अण्डे की दुकानें पूर्णतया बन्द रहेंगी। इसके अतिरिक्त समस्त उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत पड़ने वाले समस्त पोलेट्री फार्म एवं मुर्ग मांस तथा अण्डे इत्यादि की दुकानों का नियमित रुप से पशु चिकित्साधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नियमित जाँच कराना सुनिश्चित करेंगें।एवं किसी भी प्रकार की सम्भावना/घटना परिलक्षित होती है तो इसकी सूचना जिलाधिकारी को दें।

# संक्षिप्त समाचार

## फीता काट कर किया उद्घाटन



**नरपतनगर।** रामपुर की नगर पंचायत नरपतनगर दूँदावाला में मेराब खाँ के मकान से पुलिया तक कच्चा रास्ता था,यह रास्ता बहुत ख़राब था गहरे गहरे गड्ढे और कीचड़ होने के कारण आए दिन वाहन फँस जाते थे ,बारिश के मौसम में निकलना दुश्वार हो जाता था ,आवागमन बाधित होता था ,शेखूपुरे के लोग इस रास्ते से बहुत परेशान थे ।शेखपुरा के लोगों की इस परेशानी को देखते हुए चेयरमैन खालिद अली ने 110 मीटर इंटरलॉकिंग रोड का रविवार को फीता काट कर उद्घाटन किया ,जिससे लोगों को ख़राब रास्ते से बहुत बड़ी निजात मिली ।

## सातवें दिन भी रहा रूट डायवर्सन




**रामपुर।** रामपुर ,से मुरादाबाद जाने वाले वाहनों का रूट डायवर्जेट सातवें दिन भी रहा जारी रामपुर में रूट डायवर्जेंट को लेकर यातायात पुलिसकर्मी लगातार अपनी ड्यूटी को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाते नजर आ रहे हैं फोटो चुंगी माल गोदाम कोली कट शहजानगर पॉइंट सहित सभी प्वाइंटों पर लगे यातायात पुलिस कर्मी यातायात नियमों का पालन करने के दौरान उन्हें सही रास्ते पर भेज रहे हैं रूट डायवर्जन का आज सातवे दिन पूरा हो चुका है और कुछ दिन के बाद रोहित डायवर्शन को खोल दिया जाएगा।

## मेडिकल एसोसिएशन की बैठक आयोजित



**बिलासपुर।**मेडिकल एसोसिएशन की सोमवार को एक अति आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष जीतेन्द्र सैनी ने की।बैठक में रामपुर फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन ने भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 3 अक्टूबर 2025 को जारी परामर्श के परिपत्रों तथा उत्तर प्रदेश औषधि प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में महत्वपूर्ण जनहित सूचना जारी की।इसके तहत बच्चों में खांसी-जुकाम की दवाओं के अंधाधुंध उपयोग पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई और केमिस्टों एवं आमजन को जागरूक करने हेतु कई ठोस निर्णय लिए गए।वहीं संदिग्ध सिरप स्टॉक को तत्काल अलग रखें और उसकी बिक्री तुरंत बंद करें।

## गैर जमानती वारंट के आधार पर वारंटी गिरफ्तार



**बिलासपुर।**कोर्ट से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। सोमवार को खजुरिया थाने में उप निरीक्षक सावन की टीम ने ग्राम सिसौना के रहने वाले तौफीक पुत्र मोहम्मद नबी को उसी के मस्कन से गिरफ्तार कर लिया।इस दौरान उसे संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।उप निरीक्षक ने बताया कि उक्त अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय ने वाद विचाराधीन है और वह तारीखों पर हाजिर नही हो रहा था।

## फरार चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार



**बिलासपुर/केमरी।** विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी कर कुट रचित फर्जी वीजा लेकर इक्कीस लाख रुपए की ठगी करने के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसका चालान भी कर दिया। सोमवार को थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने बताया कि पुलिस ने मुकदमें में वांछित चल रहे अमृतपाल को तीन पानी चौराहे से गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने बताया उक्त अभियुक्त सहित तीन लोगों पर बीते वर्ष की 30 मार्च को न्यूजीलैंड भेजने के नाम पर धोखाधड़ी कर कूट रचित फर्जी वीजा लेकर इक्कीस लाख रूपए ठगने,पैसे मांगने पर टाल मटोल करना,अमानत में ख्यानत कर वादी को जान से मारने की धमकी देने आदि धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था।

## रेल से कट कर हुई व्यक्ति की मौत

**रामपुर।** थाना सिविल लाइंस पुलिस को सूचना मिली कि कोई व्यक्ति रेलवे ट्रैक पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ है थाना सिविल लाइन क्षेत्र की पर्माडिया चौकी प्रभारी रामकुमार वशिष्ठ मौके पर पहुंच गए तो देखा है कोई व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है जिसके हाथ पर उसका नाम तुलसी लिखा है और ओम बना हुआ है जब इस मामले की जांच की गई तो पता चला कि कोई व्यक्ति ट्रेन में से गिर गया और इसकी मौत हो गई इस व्यक्ति की उम्र 32 वर्ष बताई जा रही है और इस व्यक्ति की अभी कोई सुनाकत नहीं की गई है चौकी प्रभारी ने बताया कि यह व्यक्ति पंवारिया क्रॉसिंग से आगे रेलवे ट्रैक रुद्रपुर की ओर जाने वाले रास्ते में पड़ा था।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**केमरी।** वादी कि लिखित तहरीर के आधार पर अभियुक्तगण द्वारा वादी को न्यूजीलैण्ड भेजने के नाम पर धोखाधडी कर कूट रचित (फर्जी) वीजा देकर 21,00000 / - (इक्कीस लाख) रूपये ठग लेना व वादी द्वारा दिये पैसे मांगने पर टाल मटोल करना ,अमानत में ख्यानत कर वादी को जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना केमरी पर मु0अ0सं0 63/2024 धारा 420/467/468/471/406/506 भादवि बनाम 1.अमृतपाल सिंह पुत्र लखविन्दर सिंह 2.रमनदीप कौर पुत्री लखविन्दर सिंह 3.लखविन्दर सिंह पुत्र नामालूम निवासीगण ग्राम मुकरन्दपुर थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत पंजीकृत किया गया ।

## 03 नफर वारण्टी गिरफ्तार



**स्वार।** थाना स्वार,रामपुर पुलिस द्वारा 03 वारण्टियों 1.आजम पुत्र नवीजान निवासी वार्ड नं0 04 पंजाबी कालोनी थाना स्वार जनपद रामपुर सम्बन्धित केस नं0 272/19 अ0सं0 540/19 धारा 60 श्वङ्क्षष्ट्ठ 2. युनूस पुत्र मौ0 शमी निवासी बांसो वाली मस्जिद मौ0 चक स्वार थाना स्वार जनपद रामपुर सम्बन्धित केस नं0 2256/21 अ0सं0 997/21 धारा 380/411 भादवि0 3. परगट सिंह पुत्र नौदा सिंह निवासी ग्राम घोसीपुरा पट्टीकलां थाना स्वार जनपद रामपुर सम्बन्धित केस नं0 916/24 अ0सं0 86/24 धारा 498ए/323/504 भादवि0 थाना स्वार को गिफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## 02 नफर वारण्टी गिरफ्तार



**अजीमनगर ।** थाना अजीमनगर,रामपुर पुलिस द्वारा 02 वारण्टीगण 1. आशेराम पुत्र खमानी नि0 ग्राम मिलक वगरव्वा थाना अजीमनगर रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या 409/24 मु0अ0स0 2. अभियुक्त प्रेमकिशोर पुत्र फूल सिहँ नि0 ग्राम दिलपुरा थाना अजीमनगर रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या आबकारी अधि0 को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

## 01 वारण्टी गिरफ्तार




**टाण्डा।** थाना टाण्डा, रामपुर पुलिस के द्वारा 01 वारंटी इफ्तेखार आलम उर्फ सूखा पुत्र मौ0 युनुस उर्फ सदर निवासी मौ0 भव्वलपुरी कस्बा व थाना टाण्डा जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्वयाही की गयी ।

# डंपर तले कुचलकर कादरपुर गांव के दो युवकों की दर्दनाक मौत

- बाइक पर सवार होकर अपने गांव जा रहे थे दोनों युवक
- मैदावास गांव रोड पर हुआ यह दर्दनाक हादसा

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** जिला के गांव मैदावास रोड पर एक डंपर तले बाइक सवार दो युवक कुचले गए। हादसा इतना भयावह था कि दोनों युवकों के सिर भी धड़ से अलग हो गए। हादसे का आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच-पड़ताल के बाद शवों को अस्पताल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार दो युवक एक बाइक पर सवार होकर मैदावास रोड से गांव जा रहे थे। जैसे ही वे मैदावास रोड पर लेमन ट्री होटल के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। दोनों बाइक समेत सडक पर गिर गए और डंपर उनके सिर के पास से गुजर गया। इस हादसे में दोनों के सिर धड़ से अलग हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों युवक कादरपुर गांव के रहने वाले थे, जिनकी पहचान राजीव कुमार (31) व कुशीनंद (30) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि कुशीनंद बाइक चला रहा था। वे मैदावास गांव की तरफ से कादरपुर की तरफ जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने जानकारी दी कि डंपर चालक काफी तेज गति से डंपर को चला रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही कादरपुर के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस इस घटना की जांच को लेकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। ड्राइवर की गिरफ्तारी के भी पुलिस प्रयास कर रही है।

# नगर निगम ने ठेकेदार पर की सख्त कार्रवाई, गुणवत्ता में लापरवाही पर लगी पेनल्टी, ब्लैकलिस्टिंग की चेतावनी

- मालिबु टाउन क्षेत्र में सड़क रिकार्पेटिंग कार्य में गुणवत्ता नहीं मिलने पर एजेंसी को अंतिम नोटिस जारी



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शहर में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी एजेंसी द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि किसी कार्य में त्रुटि या लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इसी दिशा में मालिबु टाउन क्षेत्र में सडकों की रिकार्पेटिंग कार्य में गुणवत्ता मानकों का पालन न करने पर निगम ने संबंधित एजेंसी के विरुद्ध सख्त कदम उठाया है। अधिकारियों के अनुसार, एजेंसी पर पैनल्टी लगाई गई है और उसे कार्य को दोबारा गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, यह चेतावनी भी दी गई है कि यदि एजेंसी ने दोबारा भी लापरवाही बरती, तो उसे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा तथा उसके रिस्क एंड कोस्ट पर कार्य किसी अन्य एजेंसी को सौंपा जाएगा।नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि मालिबु टाउन की सड़कों की रिकार्पेटिंग का कार्य देशवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी को सौंपा गया था, जिसकी लागत 5.75 करोड़ रुपये है। एजेंसी ने मानसून से पहले कार्य प्रारंभ किया था, लेकिन निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता असंतोषजनक पाई गई। निगम ने एजेंसी को पुनः कार्य करने के निर्देश दिए, किंतु मानसून के बाद दोबारा शुरू किए गए कार्य में भी गुणवत्ता मानकों की पूर्ति नहीं की गई। इसके परिणामस्वरूप निगम द्वारा कंपनी पर 10 प्रतिशत पेनल्टी लगाई गई है तथा अंतिम नोटिस जारी किया गया है।निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता नागरिकों को बेहतर और टिकाऊ इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि किसी भी एजेंसी को लापरवाही करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। गुणवत्ता के साथ समझौता करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।निगमायुक्त ने सभी इंजीनियरों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे विकास कार्यों का नियमित निरीक्षण करें और यदि किसी भी कार्य में अनियमितता या मानकों में कमी पाई जाए, तो तुरंत रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# मेयर ने सड़क निर्माण कार्य की रखी आधारशिला, सुनी लोगों की समस्याएं

- गांव नखड़ौला में पैच वर्क की हुई शुरूआत32 लाख रुपये खर्च करेगा निगम



**उत्तम भारत संवाददाता, मानेसर।** मानेसर नगर निगम की मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव ने सोमवार को गांव नखड़ौला में सड़क निर्माण के पैच वर्क कार्य की आधारशिला रखी। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर समाधान का आश्वासन दिया।मेयर डॉ इंद्रजीत कौर यादव के गांव नखड़ौला में पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। यहां पहुंचने पर मेयर ने गांव में बनी शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करके शहीदों को नमन किया। इसके बाद सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर आधारशिला रखी। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मेयर ने कहा कि ग्रामीण निगम से संबंधित किसी भी कार्य के लिए उनके पास आ सकते हैं। आमजन की सेवा के लिए उनके दरवाजें चैबीस घंटे खुले हैं। इस दौरान नखड़ौला के ग्रामीणों ने मेयर के समक्ष कम्युनिटी सेंटर की सफाई, सरकारी स्कूल में पानी और सीवर के कनेक्शन, टायलेट निर्माण संबंधित समस्याएं रखी। मेयर ने मौके पर मौजूद निगम अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। बता दें कि गांव नखड़ौला में किसी कारणवश सड़क निर्माण का करीब 300 मीटर का हिस्सा छूट गया था। यह सड़क आरसीसी की बनाई जाएगी। सड़क निर्माण पर नगर निगम लगभग 32 लाख रुपये खर्च करेगा।इस मौके पर उनके साथ पार्षद पिंकी, एसडीओ अमन राठी, जेई दिपेश यादव, राकेश यादव हयातपुर, हरि सिंह, देवेंद्र, चरण सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अहं ब्रह्मास्मि नव उद्घोष ने मनाया अपना द्वितीय वार्षिकोत्सव

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सामाजिक संस्था अहं ब्रह्मास्मि नव उद्घोष द्वारा राजकीय द्रोणाचार्य महाविद्यालय के हिंदी व संस्कृत विभाग के सहयोग से महाविलय के आरके ऑडिटोरियम परिसर में संस्था का द्वितीय वार्षिकोत्सव शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संस्था से जुड़े सदस्य, शिक्षाविद्, साहित्यकार, विचारक आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में साहित्यकार रामनिवास मानव व विशिष्ट अतिथि के रुप में महाविद्यलय की प्राचार्या डा. पुष्पा अंतिल, साहित्यकार मदन साहनी, प्रो. राकेश कुमार योगी, डॉ. शंभू पंवार, डॉ. अशोक बत्रा व राजपाल यादव शामिल हुए। संस्था की संस्थापिका अध्यक्षा दीपशिखा श्रीवास्तव दीप और कोषाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। महासचिव अंजलि श्रीवास्तव ने मां शारदे की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोकेश चौधरी, अंजू सिंह, रेणु मिश्रा, अंजलि श्रीवास्तव ऋतंभरा मिश्रा, वेद भारती व अंकित यादव आदि को सम्मानित किया गया। दीपशिखा श्रीवास्तव ने संस्था द्वारा गत 2 वर्षों में आयोजित हुई गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा तथा आगामी सत्र की योजनाओं की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि अगले वर्ष में संस्था साहित्यिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राष्ट्रीय चेतना के विभिन्न व विस्तृत क्षेत्रों में अपने कार्यक्रम सुनिश्चित करेगी। कवि मनोज कुमार मनोज, सुप्रतिष्ठित कवि आरसी शर्मा आरसी और युवा कवयित्री अपराजिता सिंह श्रेया की रचनाओं पर उपस्थित लोगों ने सराहना की। डॉ. अशोक दिवाकर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि साहित्य केवल अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि सामाजिक, राष्ट्रीय और पारिवारिक चेतना का संवाहक है। नव उद्घोष के प्रथम अंक का लोकार्पण किया गया। आयोजन में सविता स्याल, नीरज श्रीवास्तव, रेणु मिश्रा, अंजलि श्रीवास्तव आदि शामिल रही।



## समाचार

# गुरुग्राम पुलिस के हत्थे चढ़ा जयपुर से भगौड़ा घोषित, धोखाधड़ी का आरोपी

**-आरोपी पर जयपुर पुलिस ने रखा था 25 हजार रुपये का ईनाम**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** जयपुर से ईनामी भगौड़ा घोषित एक आरोपी को गुरुग्राम पुलिस ने काबू किया है। आरोपी पर 25 हजार रुपये का ईनाम रखा गया था। गुरुग्राम पुलिस उसे काबू करके इस ईनाम की हकदार बन गई है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने सोमवार को बताया कि रविवार को काबू किए गए आरोपी को जयपुर पुलिस को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार अपराध शाखा मानेसर जिला गुरुग्राम की पुलिस टीम ने कापड़ीवास गांव के निकट से जयपुर से वांछित अपराधी सौरभ उर्फ गोलू निवासी गांव गनियार जिला महेंद्रगढ़ (हरियाणा) को काबू किया गया। आरोपी सौरभ उर्फ गोलू पर राजस्थान पुलिस द्वारा 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया हुआ था। आरोपी के अपराधिक रिकॉर्ड से पता चला है कि उस पर धोखाधड़ी करने के तहत एक केस जिला रेवाड़ी में भी दर्ज है। अपराध शाखा मानेसर, गुरुग्राम की पुलिस टीम द्वारा आगामी कार्यवाही के लिए पुलिस थाना एचओजी जयपुर (राजस्थान) को सूचित किया गया। जयपुर पुलिस उसे गुरुग्राम से लेकर गई है।

# जयंती पर भी पर्दे में ढकी रही शहीद भगत सिंह की प्रतिमा

- नगर परिषद प्रशासन की लापरवाही ,शहरवासियों में रोष
- शहीद भगत सिंह की प्रतिमा से हटाओ पर्दा वरना शहरवासी हटा सकते कभी भी



**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना, सुभाष पुलानी।** सोहना का दिल कहे जाने वाला शहीद भगत सिंह फवारा चोक का सौंदर्यकरण तो कर दिया लेकिन नगर परिषद द्वारा स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर से पर्दा आज तक नहीं हटाया गया।जिसके चलते शहरवासियों में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। हालांकि नगर परिषद द्वारा सौंदर्यकरण के दौरान लाइट भी लगा दी और फवारा भी लगा दिया लेकिन लगातार 6 महीने से सब बंद पड़ा है लाइट भी कभी कभी जला देते हैं जब सोशल मीडिया पर नगर परिषद प्रशासन की किर किरी होती है तब। वहीं शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर से पर्दा नहीं हटाने को लेकर क्रप्शन फ्री इंडिया के जिला अध्यक्ष बिरजू अधाना , आखिल भारतीय हिंदू महासभा अध्यक्ष गोविंद खटाना ,आखिल भारतीय गुर्जर महासभा अध्यक्ष बिजेंद्र कंसाना, डाक्टर भूपेन्द्र सिंह, एडवोकेट विक्रम सिंह, गुरुग्राम प्रेसिडेंट संदीप फौगाट,, विभाग प्रमुख एडवोकेट तरूण सिंह,समाजसेवी राजेश राघव, समाजसेवी दीवान सैनी, महासे श्यामवीर खटाना, समाजसेवी सुरेंद्र भामला, समाजसेवी खेमराज दायमा, करमबीर खटाना,सरदार जोगिंदर सिंह,सरदार प्रेम सिंह,सरदार रत्न सिंह पूर्व उप चेयरमैन,व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी, अमित गर्ग,हेमंत जैन,रोहतास जैन ,तरुण लठ,,आदि का कहना है कि ऐसा अपने देश में पहली बार देखने को मिला जहां प्रशासन द्वारा किसी स्वतंत्रता सेनानी को लगातार 6 महीने तक पर्दे से ढका रहने देना प्रशासन पर प्रश्नचिन्ह पैदा करता है ।हालांकि कई बार सोशल मीडिया पर शहरवासियों द्वारा शहीद भगत सिंह की प्रतिमा को ढका रहने पर ट्रोल किया गया लेकिन अधिकारियों का मानना है कि ऐसे तो ट्रॉल करते रहते हैं इनसे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। वहीं आपको यह भी बता दें कि फवारा चोक पर सौंदर्यकरण को लेकर करोड़ों रुपए खर्च किए गए जिस में भ्रष्टाचार पर लगातार उंगली उठती रही और भ्रष्टाचार को लेकर एंटी क्रप्शन ब्यूरो को लिखित में भी शिकायत दर्ज कराई गई है ।उसके बावजूद भी की ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई। इससे लगता है यह विभाग भी भ्रष्टाचार अधिनियम की भेंट चढ़ गया ।जिससे आज तक कोई जांच नहीं हुई ।आपको बता दें कि भारत के महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंहकी जयंती हर साल 28 सितंबर को मनाई जाती है। यह दिन न केवल उनकी बलिदान और देशभक्ति को याद करने का अवसर है, बल्कि उनके क्रांतिकारी विचारों और इंकलाब जिंदाबाद के नारे की भावना को पुनर्जीवित करने का भी दिन है। इस महत्वपूर्ण दिन पर, हर भारतीय उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेता है। उनका जीवन मात्र 23 वर्षों का था, पर उन्होंने जो वैचारिक क्रांति की अलख जगाई, उसकी गूंज सदियों तक सुनाई देगी। अब देखना यह होगा कि क्या समाचार पत्र में प्रकाशित होने के बाद नगर परिषद इस पर गौर फरमाता है या ऐसे ही शहीद की प्रतिमा ढकी रहेगी।

# राजीव गांधी पार्क में बंदरों का आतंक,घूमने और सैर करने से कतराते हैं शहरवासी

**नहीं हो पा रहा बंदरों को पकड़ने का स्थाई समाधान, नगर परिषद लाचार।**

**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** सोहना के राजीव गांधी पार्क में बंदरों का इतना आतंक बढ़ गया कि शहरवासी सुबह और शाम सैर करने और घूमने से कतराने लगे हैं। बंदरों के बढ़ते आतंक से लोग दहशत में हैं। शहरवासियों ने कई बार अपने अपने वार्ड के पार्षदों के माध्यम से शिकायत भी दर्ज कराई है लेकिन नगर परिषद कोई ठोस समाधान नहीं निकाल पाया। हालांकि पिछले वर्ष बंदरों को पकड़ने के लिए नगर परिषद ने लाखों रुपए का टेंडर छोड़ा था जहां कुछ दिन क्लंदरो ने बन्दर पकड़े थे लेकिन कहां छोड़े उनका कही कुछ पता नहीं। अब लोगों को संदेह है कि उन्होंने बन्दर कहीं यही पहाड़ी एरिया में छोड़ दिए । जो फिर से शहर में घुसके लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। जिसको लेकर सरदार जोगिंदर सिंह ने बताया कि भाई राजीव गांधी पार्क का तो बहुत बुरा हाल है बंदरों से भरा हुआ है सुबह जिस टाईम सुबह 6 से 7 बजे सोहना बजार पार्क में बच्चे लेडीज बड़े बुजुर्ग आते है। ये उसी टाईम आकर पब्लिक पर हमला कर देते है। बताया कि पार्क में सभी लोग आते है कोई अपाहिज होता है कोई बीमार होता है बड़े बूढे सभी आते है कभी कहीं कुछ और हादसा ना करदे ।जिसको लेकर शहरवासियों ने विधायक तेजपाल तंवर से मांग की है इन बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाया जाए।

# सूदखोरी के पांच आरोपी काबू, 20 प्रतिशत ब्याज वसूलकर भी नहीं थे संतुष्ट

- 20 प्रतिशत ब्याज पर दिए थे रुपये
- गुरुग्राम पुलिस की सूदखोरों पर बड़ी कार्यवाही



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** स्थानीय पुलिस ने सूदखोरों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच सूदखोरों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने सात लाख रुपये ब्याज पर देकर 15 लाख रुपये वसूले। 20 प्रतिशत ब्याज पर उन्होंने रुपये दिए थे। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने सोमवार को बताया कि पुलिस थाना शिवाजी नगर में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार एक दिन पूर्व 12 अक्टूबर को पुलिस थाना शिवाजी नगर, गुरुग्राम की पुलिस टीम को एक शिकायत अवैध रुपयों की मांग करने, मारपीट करने और रकम न देने पर शिकायतकर्ता के परिवार को जान से मारने की धमकी देने तथा अवैध वसूली करने के संबंध में मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने और उसके भाई ने 30 अगस्त 2024 को ललित, नितिन, प्रवीण, हिमांशु, संजय और दो अन्य व्यक्तियों से 7 लाख रुपये उधार लिए थे। जिनके बदले वे 20 प्रतिशत ब्याज के साथ करीब 15 लाख रुपए वापस लौटा चुके हैं। फिर भी आरोपी 25 लाख रुपयों की अवैध मांग कर रहे हैं। रुपये ना देने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

सात सितंबर 2025 को आरोपियों ने इसकी (शिकायतकर्ता) दुकान पर आकर गाली-गलौच, मारपीट और 64,000 रुपये छीनने की कोशिश की व गोली मारने की धमकी दी। इन व्यक्तियों ने इसके पिता के एसबीआई बैंक खाते से तीन चेक (प्रत्येक 5 लाख के) और उसके व उसके भाई के खाली हस्ताक्षर वाले चेक जबरन रखे हुए हैं। उनके दुरुपयोग करने की भी धमकी देते है। प्राप्त शिकायत पर पुलिस थाना शिवाजी नगर, गुरुग्राम में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया।

पुलिस थाना शिवाजी नगर में जबरन वसूली करने वाले पांच आरोपियों कृष्ण उर्फ नितिन निवासी अजीत कॉलोनी रोहतक, हिमांशु (उम्र-25 वर्ष), संजय (उम्र-41 वर्ष), ललित (उम्र-27 वर्ष) व प्रवीन सभी निवासी गांव कबूलपुर जिला रोहतक को सोमवार को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे वर्ष 2022-23 से ब्याज पर पैसे देने का काम कर रहे हैं। जिसके चलते उन्होंने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।

# अवैध मादक पदार्थ बेचने के दो आरोपी गिरफ्तार

**-आरोपियों के कब्जा से 13.58 ग्राम एमडीएम बरामद**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** अवैध मादक पदार्थ (एमडीएमए) बेचने व उपलब्ध कराने वाले नाईजीरिया मूल के आरोपी सहित दो आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने सोमवार को बताया कि आरोपियों के कब्जे से 13.58 ग्राम नशीला पदार्थ एमडीएमए बरामद किया गया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया।जानकारी के अनुसार अपराध शाखा फर्रुखनगर जिला गुरुग्राम की पुलिस टीम ने बख्तावर चौक गुरुग्राम के नजदीक से एक युवक को अवैध नशीला पदार्थ एमडीएमए सहित काबू किया था। आरोपी की पहचान जुबैर इलाही (उम्र-35 वर्ष) निवासी मदनपुरी न्यू कॉलोनी गुरुग्राम के रूप में हुई। आरोपी के कब्जा से 13.58 ग्राम अवैध एमडीएमए बरामद होने पर उसके खिलाफ थाना सदर गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ



में पता चला कि अवैध मादक पदार्थ उसने दिल्ली से किसी नाइजीरियन व्यक्ति से 14 हजार रुपये में खरीदा था। मुनाफा कमाने के लिए छोटी-छोटी मात्रा में बेचने की फिराक में थे, परंतु गुरुग्राम पुलिस द्वारा इसे मादक पदार्थ बेचने से पहले ही मादक पदार्थ सहित काबू कर लिया।

अपराध शाखा फर्रुखनगर की पुलिस टीम ने इस केस में कार्रवाई करते हुए आरोपी जुबैर को अवैध मादक पदार्थ उपलब्ध कराने वाले आरोपी को भी 12 अक्टूबर को दिल्ली के महरौली से काबू करके गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान क्रिश आलीयास क्रिशचन जोल निवासी गांव पॉर्थोसिकॉर्ट बोने स्ट्रीट नाइजीरिया के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी जुबैर को यह अवैध मादक पदार्थ क्रिश आलीयास क्रिश्चियन जोल ने बेचने के लिए उपलब्ध कराया था। आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड से पता चला है कि क्रिश आलीयास पर एनडीपीएस एक्ट के तहत एक केस दिल्ली में पहले भी दर्ज है। पुलिस ने सोमवार को आरोपियों को अदालत में पेश किया।

# संतान की रक्षा व दीघार्यु के लिए महिलाओं ने रखा अहोई अष्टमी का व्रत

- कथा सुनकर की मां पार्वती की पूजा-अर्चना



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** संतान की रक्षा और दीघार्यु के लिए सोमवार को महिलाओं ने अहोई अष्टमी का व्रत रख माता पार्वती की पूजा अर्चना कर संतान की दीघार्यु की कामना की। महिलाओं ने प्रातः से ही व्रत की तैयारियां शुरू कर दी थी। पूरे दिन व्रत रखने के बाद महिलाओं ने सायं के समय आसमान में तारा को अर्ध्य देकर अपने व्रत का समापन किया। व्रतियों ने बड़ी बुजुर्गों महिलाओं से अहोई माता की कथा भी सुनी। अहोई माता की दीवार पर गेरु या लाल रंग से आकृति भी बनाई। चांदी के मोतियों की माला व जल से भरा हुआ कलश भी अहोई माता की आकृति के समक्ष रख कर अपने बच्चों की दीघार्यु की कामना की। अहोई पर्व को लेकर कई किवदंतियां प्रचलित हैं। जहां स्याहू वाली किवदंती प्राचीन मानी जाती है, वहीं मध्यप्रदेश के दतिया नगर के सेठ चंद्रभान का प्रसंग भी इस पर्व में आता है। बड़ी बुजुर्ग महिलाओं ने कथा का वर्णन करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश के दतिया नगर में सेठ चंद्रभान नाम का व्यक्ति सपरिवार रहता था। परिवार में कई संतानें हुई, लेकिन अल्पायु में ही उनकी अकाल मृत्यु हो गई। इन मौंतों के कारण परिवार में हताशा की भावना जागृत हो गई। चंद्रभान इस सबसे परेशान होकर अपना सबकुछ त्यागकर क्षेत्र के वन में चला गया और क्षेत्र के बद्रिका आश्रम के समीप बने कुण्ड के पास अन्न-जल त्यागकर बैठ गया। कहा जाता है कि वह इसी हालत में 6 दिन तक बैठा रहा। 7वें दिन आकाशवाणी हुई कि तुम्हें यह कष्ट पिछले जन्मों के कारण मिल रहा है। यदि इन कष्टों से छुटकारा पाना चाहते हो तो अहोई माता का व्रत रखो। अहोई माता तुमसे प्रसन्न होकर परिवार को संतान सुख और दीघार्यु होने का वर भी देगी। कहा जाता है कि सेठ चंद्रभान वन से अपने घर लौट आया और उसने अपनी पत्नी सहित अहोई माता के विधि-विधान से व्रत किए और पूर्व जन्म में किए गए अपने कार्यों का पश्चाताप करते हुए अहोई माता से क्षमा-याचना भी की। दंपत्ति की पूजा भक्ति से प्रसन्न होकर अहोई माता ने उन्हें संतान होने एवं उनकी दीघार्यु होने का वरदान भी दिया। कहा जाता है कि उसके बाद सेठ चंद्रभान के कई संतानें हुई, जो दीघार्यु रही। इस कथा से भी प्रेरित होकर महिलाएं प्राचीन काल से अहोई माता का व्रत रखकर अपनी संतान की दीघार्यु की कामना करती आ रही हैं।

# विश्व ब्राह्मण संघ ने स्व. पं. मांगे राम शर्मा की स्मृति में किया समारोह का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** विश्व ब्राह्मण संघ के संस्थापक एवं चेयरमैन स्व. पंडित मांगे राम शर्मा की पुण्य स्मृति में राजधानी के लोधी एस्टेट क्षेत्र स्थित एक आयोजन स्थल में स्मृति समारोह का आयोजन विश्व ब्राह्मण संघ दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष पंडित बलवीर शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों ने स्व. पं. मांगे राम शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हरियाणा राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण के चेयरमैन डॉ. आरसी मिश्रा ने पं. मांगे राम शर्मा को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सेवा, संगठन और संस्कारों के संवर्धन का उज्ज्वल उदाहरण है। उनका कार्य समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

संस्था के चेयरमैन पं. शशिकांत शर्मा ने कहा कि बाऊजी पं. मांगे राम शर्मा ने अपना संपूर्ण जीवन समाज उत्थान और ब्राह्मण एकता के लिए समर्पित किया। आज विश्व ब्राह्मण संघ का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके दिखाए मार्ग पर चल रहा है। समारोह में संस्था के सुखबीर शर्मा, केसी पांडे, आरएस गोस्वामी, कैलाशपति शर्मा, अम्बर स्वामी, मनोज गौतम विनोद पांडे आदि शामिल रहे।

आयोजन को सफल बनाने में संस्था के केसी शर्मा, रामलाल शर्मा, मनोज शर्मा, अमित शर्मा, अनिल शर्मा, राकेश वत्स, दिनेश वशिष्ठ आदि का सहयोग रहा।

# ह्यूमैन लीगल ऐड एण्ड क्राईम कंट्रोल संस्था ने मनाया दिवाली उत्सव

उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद। ह्यूमैन लीगल ऐड एण्ड क्राईम कंट्रोल संस्था ने सैक्टर-16 स्थित मैट्रो हॉस्पिटल कैंसर इंस्टीट्यूट के प्रांगण में संस्था के कार्यकर्ताओं तथा सदस्यों के द्वारा दिवाली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था की महिला सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की



प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीरेन्द्र सिंह वरिष्ठ समाजसेवी ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में संस्था को सर्वप्रथम दिवाली उत्सव को लेकर बधाई दी। उन्होंने संस्था के कार्यकर्ताओं को बताया कि आज के दौर में प्लास्टिक उत्पाद में मिलने वाले खाने के सामान से कैंसर काफी मात्रा में फैलता जा रहा है। समाज के सभी एनजीओ को कैंसर की रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ह्यूमैन लीगल ऐड एण्ड क्राईम कंट्रोल संस्था द्वारा आज का यह कार्यक्रम दिवाली मिलन के साथ-साथ कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करना एक अनूठी पहल है। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ नागपाल ने महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित जानकारियां महिलाओं को दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर ज्यादा संख्या में फैलता जा रहा है। ऐसे में हमें क्या क्या ऐतिहियात बरतनी चाहिए, को लेकर जानकारियां दी। कार्यक्रम की कड़ी में दिल्ली के प्रसिद्ध संगीत कलाकार कुमार दीपक ने पुराने गानों से समां बांध दिया। उन्होंने दिवाली के अवसर पर 'राम आयेंगे' का गाना गाकर लोगों को भक्ति से सराबोर कर दिया और फिर से अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की याद दिला दी। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश खटाना ने संस्था को कार्यक्रम की पहल पर साधुवाद दिया और संस्था की महिलाओं को लीगल ऐड से संबंधित ज्ञानवर्धक बातें साझा की। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय महासचिव राधिका बहल ने कार्यक्रम में आये सभी लोगों का धन्यवाद किया तथा सभी को दीपावली की शुभकामनायें दीं। कार्यक्रम के अंत में दीपावली के त्यौहार को लेकर दीप प्रज्जवलित कर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### लड़ाई झगड़े के मामले में पुलिस चौकी अग्रसेन की टीम ने पाँच आरोपियों को किया गिरफ्तार



उत्तम भारत संवाददाता, सुमित गोयल फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस द्वारा लड़ाई झगड़े के मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी में पुलिस चौकी अग्रसेन की टीम ने एक लड़ाई झगड़े के मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अमन वासी बल्लभगढ ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 8 अक्टूबर को वह रघुबीर कॉलोनी स्थित अपने दूसरे घर पर किराया लेने गया था। जब वह किरायेदार के साथ बात कर रहा था तभी पीछे से कुछ लोग आये, जिन्होंने उस पर हथौडे व राड से हमला कर दिया, जिसमें उसको गंभीर चोटे आई। जिस शिकायत पर थाना शहर बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस चौकी अग्रसेन की टीम ने कार्रवाई करते हुए हेमन्त गोस्वामी वासी भूदत कॉलोनी, सुमित, दीपक वासी रघुवीर कॉलोनी, अमन कौशिक वासी भगत सिंह कॉलोनी व सचिन वासी गांव मोहना बल्लबगढ को गिरफ्तार किया है।

### नहर पार सेक्टर एरिया और बीपीटीपी एरिया से 11 गौधन पकड़कर गौशाला पहुंचाए



उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद। नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त रेंद्र खड़गटा के दिशा-निर्देशों एवं हरियाणा सरकार के आदेशों की पालना करते हुए निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विशेष कार्रवाई की गई। नहर पार सेक्टर एरिया और बीपीटीपी एरिया से 11 गौधन सहित आवारा पशुओं को सड़कों से पकड़कर गौशाला पहुंचाने का कार्य किया गया है। यह कार्य लगातार विभाग द्वारा जारी है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नीतीश परवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मवई तथा अन्य क्षेत्रों से कुल 11 गौ वंशको पकड़कर गौशाला में सुरक्षित भिजवाया गया। यह कार्रवाई निगम की टीम द्वारा गौ मानव सेवा ट्रस्ट के सहयोग से की गई। डॉ परवाल ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा और सड़क पर आवारा पशु छोड़ने वालों पर निगम की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नगर निगम द्वारा गुप्ता होटल चौक से फ्रूट के फड व रेहडियो को हटाया



उत्तम भारत संवाददाता, बल्लबगढ़। शहर मे स्थित गुप्ता होटल चौक पर खाली पड़े प्लॉट में पिछले कई सालों से फल फ्रूट के फड व रेहडिया लगी हुए थी जिसको हटाने के लिए शुक्रवार को विधायक पंडित मूलचंद शर्मा जी ने रेहडी वालों को चौक पर बुलाकर सोमवार तक अपने फड व रेहडीयो को हटाने के लिए बोला था जिसको लेकर सोमवार को सुबह नगर निगम प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए सभी रेहडियो पर फडो को दोपहर 3:00 बजे तक हटवा दिया साथ ही दोबारा ना लगाने के आदेश दिए। पंडित मूलचंद शर्मा जी ने बताया कि एलिवेटेड पुल को लेकर शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए प्लॉट में से बाजार से ऊचाँ गाँव,मलेरना रोड व मोहना रोड पर आने-जाने के लिए रास्ता बनाया जाएगा।

# हरियाणा टेंट एसोसिएशन ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

## आए हुए अतिथियों को गुलदस्ता देकर व टीटू मटके वाले ने दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया

उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद। ओल्ड फरीदाबाद स्थित महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर 19 में ऑल हरियाणा टेंट डेकोरेटर्स एंड कैटर्स वेलफेयर ऑर्गेनाईजेशन ने दीपावली मिलन समारोह मनाया जिसमें हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल मुख्य अतिथि रहे। आपदा प्रबंधन के विषय विशेषज्ञ डॉ एमपी सिंह, दीपक मित्तल, बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंगला विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था के प्रधान ओमवीर नरवत ने आए हुए अतिथियों को गुलदस्ता देकर व टीटू मटके वाले ने दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया मुख्य अतिथि विपुल गोयल ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की और सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए टेंट ऑर्गेनाईजेशन की शिकायतों का निदान करने के लिए मुख्यमंत्री से बात करने को कहा। इस अवसर पर विशिष्ट शक्ति डॉ एमपी सिंह ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऑल हरियाणा टेंट डेकोरेटर्स एंड कैटर्स वेलफेयर एसोसिएशन को काफी समस्याओं



का सामना करना पड़ता है जिसमें वाहन का ओवरलोडिंग, सामान वाली गाड़ी में कर्मचारियों के बिठाने पर चालान, पाइप बाहर निकलने पर चालान, गोदाम के लिए अलग से जगह ना होने पर गली मोहल्ले वालों से झगड़ा आदि शामिल है। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन कर्मवीर शर्मा ने किया इस मौके पर संरक्षक बनवारी लाल, जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंगला और कन्वीनर दीपक मित्तल ने भी अपना उद्बोधन रखा इस अवसर पर मुकेश कुमार, बंटी, गुलियानी, तिलक बजाज, सुरेश शर्मा, धर्मसिंह चौहान, जुगल किशोर, अरुणगोविंद, गोलू, मनोज, गौरव, सोनू, मोनू गुलाटी, ट्विंकल, दीपक, दिलीप, दाताराम, नीरज, सचिन, शिवधार, संचित सचदेवा, दानिश, हारून, नितेश मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर चौक एवं बांके बिहारी मार्केट क्षेत्र में चला स्वच्छता अभियान

उत्तम भारत संवाददाता, नवीन शाह फरीदाबाद। नगर निगम फरीदाबाद द्वारा आज ग्राम भतोला (वार्ड 38) में शिव मंदिर चौक एवं बांके बिहारी मार्केट क्षेत्र में स्वच्छता अभियान तथा घरेलू डस्टबिन एवं कपड़े के थैलों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल ने जानकारी दी कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशों पर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिरिक्त नगर निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक का



योगदान आवश्यक है। उन्होंने निवासियों एवं दुकानदारों से अपील की कि वे अपने आस-पास सफाई रखें, गीला कचरा हरे डस्टबिन में, सूखा कचरा नीले डस्टबिन में डालें और प्लास्टिक की थैलियों के स्थान मार्किट अथवा सब्जी मंडी जाने के समय पर कपड़े के बैग का उपयोग करें। सफाई कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा शिव मंदिर चौक एवं बांके बिहारी मार्केट क्षेत्र की सफाई की गई। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय निवासियों को घरेलू डस्टबिन एवं कपड़े के बैग वितरित किए गए। यह कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन 2.0 तथा हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस मौके पर अजब चंदीला भाजपा जिला उपाध्यक्ष के अलावा स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे और निगम द्वारा बताए गए सुझावों को अमल लाने के लिए भी अधिकारियों को आश्वस्त किया।

# सेक्टरों को नगर निगम के अंतर्गत लाने की प्रक्रिया पर चर्चा



उत्तम भारत संवाददाता, राजेन्द्र सिंह फरीदाबाद। नगर निगम ग्रेटर फरीदाबाद के जॉइंट कमिश्नर विजय पाल यादव की अध्यक्षता में इढळढ और सेक्टर 75 से 89 के फ्हअ प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य था सेक्टरों को नगर निगम के अंतर्गत लाने की प्रक्रिया पर चर्चा करना और उससे संबंधित आवश्यक कदमों की रूपरेखा तय करना। बैठक में एडिशनल कमिश्नर ने बताया कि प्रबंधन ने सभी आवश्यक दस्तावेज नगर निगम में जमा कर दिए हैं। अब इन दस्तावेजों का अध्ययन किया जाएगा, जिसके बाद अगली बैठक 5 नवंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। साथ ही, को यह भी निर्देश दिया गया कि वे अपने प्रोजेक्ट्स में लंबित विकास कार्यों जैसे सड़क, सीवर, पानी और बिजली की पूर्ण रिपोर्ट नगर निगम के साथ साझा करें, ताकि निगम इन कार्यों को अपने नियंत्रण में लेने से पहले स्थिति का सही मूल्यांकन कर सके। बैठक में विशेष रूप से पार्षद मनोज वशिष्ठ (वार्ड नंबर 38), सेक्टर 76 फ्हअ अध्यक्ष विनोद नगर, उपाध्यक्ष शमशेर सिंह कादयान, उपाध्यक्ष रणवीर, तथा नगर निगम के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर अजय पांगल उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, सभी सेक्टरों के पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने-अपने सेक्टरों की समस्याओं और सुझावों को निगम अधिकारियों के समक्ष रखा। इढळढ के वरिष्ठ अधिकारी भी इस बैठक में मौजूद रहे और उन्होंने निगम अधिकारियों को आवश्यक जानकारियाँ उपलब्ध कराईं।

# तावडू में विकसित भारत बिल्डथोन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

उत्तम भारत संवाददाता तावडू। भारत सरकार द्वारा प्रायोजित विकसित भारत बिल्डथोन कार्यक्रम हरियाणा शिक्षा विभाग द्वारा सभी विद्यालयों में सोमवार को सम्पन्न हुआ।

यह कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी डाक्टर दीप्ति बोकन के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया।

दीप्ती बोकन ने इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम विकसित भारत मिशन के तहत आयोजित हुआ। जिसमें बच्चों को दैनिक जीवन की चुनौतियां, सर्जनात्मक सोच, विकसित भारत मिशन में कक्षा 6 से 12 के बच्चों की भूमिका रेखांकित की गई। जिसमें स्वदेशी, समृद्धि, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल मुख्य विषय रहे। खंड तावडू स्थित सभी माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 के बच्चों ने सुबह 10 से 12 बजे तक ऑनलाइन कार्यक्रम में भागीदारी की तथा विचारों का आदान प्रदान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यों व एबीआरसी के कार्य की सराहना की।

# खिलाडी कर रहे बडी-बडी उपलब्धियां हांसिल, फिर भी नहीं कोई खेल स्टेडियम, लोगों में रोष, बच्चों के होंसले को लेकर उत्साह

उत्तम भारत संवाददाता तावडू। उपमंडल के गांव बावला में स्थित एचएलजी गवर्नमेंट कॉलेज बीए द्वितीय वर्ष की प्रतिभाशाली छात्रा राखी ने सीनियर नैशनल जू-जित्सु चैंपियनशिप में अपना उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए 48 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मैडल जीतकर अपने शहर व क्षेत्र तथा गांव सूंध क सहित जिले और हरियाणा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर दिया है। राखी के कोच रमन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चार दिवसीय चैंपियनशिप जु-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तरफ से उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में पूरे भारत देश से लगभग साढे 5 सौ खिलाडियों ने भाग लिया। वहीं अपने क्षेत्र की राखी की जीत व मैडल की सूचना मिलते ही जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने पदक



विजेता को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। लगातार हमारे खिलाडि हर एक स्तर पर जा रहे हैं। जिले के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो रहे हैं। कॉलेज के प्रिंसिपल ऋषि कुमार जून ने आशीर्वाद देते हुए बताया कि राखी उनके कॉलेज की नियमित और बहुत ही होनहार छात्रा है। उन्होंने बताया कि खेल हमें अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की प्रेरणा देते हैं। उनका उद्देश्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल, कला और संस्कृति में भी बच्चों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने सभी बच्चों को एक अच्छा लक्ष्य निर्धारित करने और निरंतर अभ्यास करने की प्रेरणा दी। वहीं हरियाणा टीम की कोच रही मैडम दीपिका मान ने सभी टीम के खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन देखते हुए बताया कि आने वाले एशियन गेम्स में क्षेत्र के खिलाड़ी अपना हुनर दिखाने के लिए और अपनी पहचान बनाने में प्रयासरत हैं।

# नगर निगम ने कुंदन कालोनी की जोहड़ पर पड़ी गंदगी को करवाया साफ

उत्तम भारत संवाददाता, बल्लभगढ़। नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित खाली प्लॉटों पर पड़ी गंदगी की सफाई के लिए एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत, बल्लभगढ़ कुन्दन कालोनी में स्थित जोहड़ की भी नगर निगम की टीम ने पड़ी गंदगी को साफ करवाया और उसको स्वच्छ बनाने के लिए प्रयास किया। बल्लभगढ़ नगर निगम के संयुक्त आयुक्त करन भगोरिया ने बताया कि खाली प्लॉटों पर पड़ी गंदगी न केवल शहर की सुंदरता को खराब कर रही थी, बल्कि यह बीमारियों का एक बड़ा कारण भी बन रही थी। इसलिए नगर निगम ने इस समस्या का समाधान करने के लिए यह अभियान चलाया। उन्होंने



कहा कि यहां बच्चों के खेलने के लिए क्रिकेट एवं बैड मिनटेन कोर्ट बनाया जाएगा और जो भी यहां कूड़ा डालेगा उसका नगर निगम द्वारा चालान किया जाएगा।

लोगों ने इस अभियान के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए पार्षद दीपक यादव का भी धन्यवाद किया और कहा कि उनकी मेहनत और प्रयास से ही यह संभव हो सका है। हमें उम्मीद है कि नगर निगम आगे भी शहर की सफाई और सुंदरता के लिए इसी तरह के प्रयास करता रहेगा। इस मौके पर नगर निगम संयुक्तायुक्त करन भगोरिया, पार्षद दीपक यादव, बृजमोहन शर्मा, अनिल व स्थानीय लोग मौजूद रहे।



नगर निगम ने कुंदन कालोनी की जोहड़ पर पड़ी गंदगी की करवाई सफाई,बनाया जाएगा बच्चों के खेलने के लिए खेल का मैदान : नगर निगम संयुक्तायुक्त करन भगोरिया



नगर निगम पार्षद दीपक यादव ने बताया हमने जनता की मांगों को आगे रखा। जिस पर नगर निगम संयुक्त आयुक्त द्वारा संज्ञान में लिया गया और काफी समय से पड़ी गंदगी को नगर निगम प्रशासन ने हटाया है जल्द ही यहां बच्चों को खेलने के लिए मैदान बनाया जाएगा।

# तावडू में डंपर ने गाडी को मारी टक्कर, कई घायल, मामला दर्ज

उत्तम भारत संवाददाता तावडू। उपमंडल के गांव खेडी के समीप एक तेजरफ्तार डंपर ने एक गाडी को टक्कर मार दी। इस सडक दुर्घटना में गाडी में सवार युवक व उसका परिवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल के पिता की शिकायत पर डंपर के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव खेडकी निवासी लीलुराम ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसका लडका विक्रम गत एक अक्टूबर को अपनी पत्नी प्रियंका व अपनी मां प्रमिला व दो बच्चो को साथ लेकर गांव से गंगवानी में माता मन्दिर मे दर्शन करने के लिए गए थे। राजेश निवासी गंगवानी गाडी चला रहा था। जब वह माता के दर्शन करके घर वापिस आ रहे थे, तो सायं 7 बजे के लगभग एक होटल के नजदीक पहुंचे। उसी समय सामने से एक डंपर चालक तेज गति व लापरवाही से चलाकर लाया और उनकी गाडी में सामने से सीधी टक्कर मार दी। जिससे गाडी पलट गई व गाडी में बैठे लडके विक्रम की कुल्हे की हड्डी टुट गई। इस सडक दुर्घटना में गाडी में बैठे सभी को गंभीर चोटे आई। डपंर चालक डंपर को मौका पर छोड़ कर भाग गया। पुलिस ने लीलूराम की शिकायत पर डंपर के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल तावडू में व्यवहार परिवर्तन सत्र का भव्य आयोजन छात्राओं ने कृस्वच्छता अपनाने का लिया

उत्तम भारत संवाददाता तावडू। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका तावडू द्वारा आज गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल तावडू में छात्राओं के लिए एक विशेष व्यवहार परिवर्तन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और दैनिक जीवन में स्वच्छ आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम का संचालन जिला आईईसी एक्सपर्ट आदिल हुसैन द्वारा किया गया। जिन्होंने छात्राओं को स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय और घर दोनों स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखना



प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। इस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक तेजपाल शास्त्री द्वारा किया गया। उन्होंने पूरे सत्र के दौरान छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अपने व्यवहार में स्वच्छता को शामिल करने की प्रेरणा दी। श्री शास्त्री ने कहा कि छात्राएं समाज का भविष्य हैं। यदि वे आज से ही स्वच्छता की आदत अपनाएंगी तो आने वाला कल निश्चित रूप से स्वच्छ और स्वस्थ होगा। सत्र के दौरान छात्राओं के साथ इंटरएक्टिव गतिविधियां और प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं समस्त शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सत्र विद्यार्थियों में न केवल स्वच्छता की भावना को मजबूत करते हैं, बल्कि उनमें सामाजिक जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना भी विकसित करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं नगर पालिका टीम से नमन मंहेदीरता, मुकीम बिलावत, विकास आनंद व इमरान खांन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को नगर पालिका तावडू की एक प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# मानव जीवन परमात्मा की सर्वोत्तम संरचना : सुमेधानंद जी महाराज

उत्तम भारत संवाददाता, बल्लभगढ़। गोपाल मंदिर ट्रस्ट जगदीश कॉलोनी द्वारा आयोजित राम कथा के 47वे वार्षिक उत्सव के समापन पर वृंदावन से पधारे स्वामी सुमेधानंद जी महाराज ने बताया कि मानव जीवन परमात्मा की सर्वोत्तम संरचना है, सृष्टि में मानव जीवन में ज्ञान की प्रधानता है। मानव शरीर पाकर मानवता को प्राप्त करना चाहिए। सत्संग से विवेक की प्राप्ति होती है। विवेक से मनुष्य जीवन में निखार आता है। एक क्षण के सत्संग से हमारी सोई चेतना जागृत होती है सत्संग वह लाभ है। जिसमें कोई मूलधन नहीं लगाना पड़ता है। उत्तरोत्तर लाभ ही लाभ होता है। इससे हानि नहीं होती और पूर्ण रूपी जमा पूंजी का निरंतर



विकास होता है, सत्संग चलता फिरता तीर्थराज प्रयाग है। भक्ति ज्ञान और कर्म की पावन त्रिवेणी प्रवाहित होती है। जीवन में सत्संग की प्राप्ति भगवान के प्रत्यक्ष कृपा का फल है मनुष्य जीवन मनुष्यता और मुमक्षता एवं महापुरुषों का संग ही सत्संग है। संत सम्मेलन में उदासीन साधु आश्रम के महंत स्वामी कामेश्वरानंद जी महाराज व बनवारी लाल, पंडित राजकिशन ने अपने व्यक्तित्व कहे अंत में आरती व प्रसाद वितरण हुआ। श्रोताओं में गोपाल शर्मा एडवोकेट, राव राम कुमार, राजेश कुकरेजा, गोविंद अरोड़ा, हितेश सचदेवा, अनिल भारद्वाज, दीपक यादव, विष्णु गोयल, सुरेश मास्टर, राकेश मास्टर, होशियार सिंह, बलदेव जुनेजा, अमित मदान, गिरधारी लाल जुनेजा व अन्य श्रोता गण मौजूद रहे। सुमेधानंद जी महाराज के द्वारा जन कल्याण सेवा न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित गोयल के सुपुत्र दीक्षांत गोयल को पटका पहन कर श्री महाराज जी द्वारा आशीर्वाद दिया गया। भंडारे के साथ कथा रुपी यज्ञ का समापन हुआ।

# तावडू में महिलाओं ने संतान की लंबी आयु के लिए रखा व्रत

उत्तम भारत संवाददाता तावडू। शहर व क्षेत्र में कार्तिक मास की अष्टमी तिथि कृष्ण पक्ष व पुष्य नक्षत्र में सोमवार को महिलाओं ने अहोई माता का व्रत संतान की लंबी आयु और सुखमय जीवन की कामना के लिए श्रद्धापूर्वक रखा।

उल्लेखनीय है कि करवाचौथ के ठीक 4 दिन बाद अष्टमी तिथि को देवी अहोई माता का व्रत महिलाओं द्वारा संतान प्राप्ति और संतान व पूरे परिवार के सुखमय जीवन के लिए रखा गया। अहोई माता पूजा करके उन्हें दूध, चावल का भोग लगाया गया और एक पाटे पर जल भरा लौटा रखकर कथा सुनी गई। अहोई माता से मनोकामना पूर्ति हेतु महिलाओं द्वारा प्रार्थना की गई। इस अवसर पर शहर के वार्ड नंबर 14 में स्थित साईं धाम मंदिर में नेहा साईं, प्रिति, लवली, बिमला, सरोज, गंगा, जमुना, सरला आदि महिलाओं ने पूजा अर्चना की।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की पश्चिमी उत्तर प्रदेश मंडलवार समीक्षा बैठक संपन्न

**उत्तम भारत संवाददाता/ मुरादाबाद।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की पश्चिमी उत्तर प्रदेश मंडलवार समीक्षा बैठक सोमवार को मुरादाबाद जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल, जिला, विधानसभा, ब्लॉक, महानगर सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।बैठक का संचालन राष्ट्रीय




सचिव एवं प्रवक्ता, प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश दयाराम भार्गव ने किया, जबकि प्रदेश अध्यक्ष सुजीत बंजारा ने मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठनात्मक मजबूती तथा जनसंपर्क अभियानों को गति देने पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी जिलाध्यक्षों ने अपने-अपने जिलों की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की और भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य कर रही है। पार्टी का उद्देश्य सामाजिक न्याय, समान अधिकार और जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना है। कार्यकताओं से कहा गया कि वे घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाएं।बैठक में प्रमुख रूप से मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह, जिला अध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि रवि चौधरी, संभल जिला अध्यक्ष अर्पण सक्सेना, अमरोहा जिला अध्यक्ष सतपाल तोमर, रामपुर जिला अध्यक्ष विनोद पटेल, बिजनौर जिला अध्यक्ष अशोक बंजारा, बरेली जिला अध्यक्ष भारतेंदु सोनकर तथा बदायूं जिला अध्यक्ष राजेश कश्यप सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्राम मल्हपुर नजराना का शमशान घाट जर्जर स्थिति में

**उत्तम भारत संवाददाता/ छजलैट।** काफी समय से ग्राम मल्हपुर नजराना के निवासी शमशान घाट की मांग करते चले आ रहे थे लेकिन 6 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य द्वारा शमशान घाट का निर्माण कराया गया था लेकिन 2 वर्ष के बाद ही वह क्षतिग्रस्त हो गया।

6 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य ने सरकार की योजनाओं के अंतर्गत शमशान घाट बनाया गया था लेकिन 2 वर्ष के बाद ही क्षतिग्रस्त हो गया। शमशान घाट पर पहुंच रहे पार्थिव शरीर को लेकर ग्राम वासियों का कहना है कि जिस भी व्यक्ति के द्वारा शमशान घाट का निर्माण कराया गया, उन्हें अच्छी गुणवत्ता की सामग्री नहीं लगाई। जिसके कारण यह 2 वर्ष में ही क्षतिग्रस्त हो गया था। मजबूर होकर नदी किनारे पार्थिव शरीर का संस्कार किया जा रहा है। ग्राम वासियों कहना है कम से कम मुक्ति द्वार में तो अच्छी सामग्री लगानी चाहिए थी क्योंकि एक न एक दिन सभी को ईश्वर के पास जाना है। जो भी सरकार की निधि लगाई गई है अगर वह पारदर्शिता के साथ शमशान घाट पर लग गई होती तो यह इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त नहीं होता। दोनों गांव के ग्राम वासियों ने सरकार से आग्रह किया है कि तत्काल जांच कर शमशान घाट की मरम्मत कराई जाए। ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम प्रधान ने शमशान घाट को सही कराने का आश्वासन दिया था जो केवल हवाई साबित हुआ है। मांग करने वालों में धर्मवीर सिंह, राजेंद्र सिंह ,वीरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह ,शीशपाल सिंह ,मनोज कुमार ,महेंद्र सिंह ,गजेंद्र सिंह, हाकिम सिंह ,राजवीर सिंह भारी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।



# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

**दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

**उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 15.11.25 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 16.11.25 तक |
| 02253 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 17.11.25 तक |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.11.25 तक |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जं. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जं. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर जं. | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुलतानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुलतानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे जं. | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे जं. | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.25 तक |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 17.11.25 तक |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.25 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 30.11.25 तक |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 01.12.25 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.25 तक |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 26.12.25 तक |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 27.12.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं. | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं. | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं. | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं. | 14:50 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:35 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 15.10.25 से 02.11.25 |
| 04124 | हज़रत निजामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | | वीरवार, सोमवार | 16.10.25 से 03.11.25 |
| 09003 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | शकूर बस्ती | 08:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 15.10.25 से 31.10.25 |
| 09004 | शकूर बस्ती | 10:15 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | | | 16.10.25 से 01.11.25 |
| 09425 | साबरमती जं. | 08:50 | हरिद्वार जं. | 05:30 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 15.10.25 से 29.11.25 |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:40 | साबरमती जं. | 21:30 | | वीरवार, रविवार | 16.10.25 से 30.11.25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

P-11:28 paga09_jhn.qxd 10/13/2025 9:33 PM Page 1



## शिवसेंट जोसेफ कालेज में एफएआई परीक्षा में प्रथम आने वाले छात्रों को आरआरएस प्रांत प्रमुख ने किया समानित

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** आरएसएस उत्तराखंड प्रांत प्रमुख व दक्षिणेश्वरी काली पीठ बाजपुर के प्रमुख महंत का नगर के शिवसेंट जोसेफ इण्टर कालेज में प्रथम बार आगवन पर शिक्षको और छात्र-छात्राओं



ने फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। आरएसएस उत्तराखंड प्रांत प्रमुख व दक्षिणेश्वरी काली पीठ बाजपुर के प्रमुख महंत विकासनाथ महाराज सोमवार को नगर के मोहल्ला काशीपुर चुंगी स्थित शिव सेंट जोसेफ इण्टर कालेज में पहुंचे। जहां पर कालेज शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने कक्षाओं के भ्रमण के दौरान फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान एफएआई परीक्षा में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को प्रांत प्रमुख विकासनाथ महाराज ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। श्री महाराज ने बताया कि आज बच्चों को संस्कार देना जरूरी हो गया है। साथ ही कालेज के छात्रों की सराहना करते हुए प्रधानाचार्य रजनीश प्रताप के बारे में कहा कि बच्चों द्वारा दिए गए सम्मान से काफी प्रसन्न हूं। कभी मेरी जरूरत होगी तो मैं आश्वय आऊंगा। इस दौरान प्रांत प्रमुख का कालेज की एमडी रेखा रानी ने बच्चों को हौंसला अफजाई करने पर आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन के बापू सभागार में मा. मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अनुसार राजस्व एवं विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अपने विभागीय योजनाओं में रुचि लेकर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुधार न होने की दशा में संबंधित अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में आईजीआरएस शिकायतों का प्रभावी ढ़ंग से निस्तारण न होने, शिकायतकताओं से जनसंवाद न होने तथा कई माह के बाद शिकायत



का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से न किए जाने के कारण जनपद की रैकिंग खराब हो रही है। अधिकारी पूर्ण मनोयोग से शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे खाद्य पदार्थों से संबंधित दुकानों का औचक निरीक्षण करते रहें। खाद्य पदार्थो में किसी भी प्रकार की शिकायत न मिलें। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए आबकारी, मण्डी, पूर्ति, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) आदि की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने किसानों का अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान यथाशीघ्र सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अतिरिक्त ऊर्जा, कृषि, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दिव्यांग पेंशन, समाज कल्याण, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, नियोजन, पंचायतीराज, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण विभाग, उद्योग, सहकारिता, सिंचाई आदि विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विकास कार्यो में प्रगति लाकर ए कैटेगरी में बने रहने के निर्देश दिए। अतिरिक्त ऊर्जा विभाग की पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना में जनपद डी कैटेगरी में होने पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को योजना के क्रियान्वयन में सक्रियता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाए। विद्युत बिलों में गडबड़ी की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की भवन निर्माण योजना बी केटेगरी में होने पर जिलाधिकारी ने आंगनवाडी केन्द्रों और कोषागार भवन के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को दिए। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की जल जीवन मिशन हर घर जल योजना सी कैटेगरी में होने पर भी जिलाधिकारी ने इसका कारण जाना तो अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने बताया कि भुगतान नहीं होने के कारण कार्य प्रगति धीमी है।

# भाजपा कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल एवं महानगर अध्यक्ष ग्रीस भंडूला रहे मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान भारत को सामाजिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की राष्ट्रीय पहल है इसका उद्देश्य हर नागरिक को आत्मनिर्भर के संकल्प से जोड़ा, हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी की भावना को सशक्त करना और वोकल फॉर लोकल का संदेश जन-जन तक पहुंचना है आत्मनिर्भर भारत के पांच पिलर अर्थव्यवस्था, इंक्रीमेंट चंजेज, इंफ्रास्ट्रक्चर आधुनिक भारत की पहचान, सिस्टम टेक्नोलॉजी ड्रिवन सबसे बड़े लोकतंत्र की वाइब्रेंट डेमोग्राफी एवं डिमांड और सप्लाई चौन का पूरी क्षमता से उपयोग, व्यापारी प्रकोष्ठ और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से दुकान दुकान जाकर व्यापारियों और उद्यमियों के बीच




स्वदेशी उत्पादों का प्रचार प्रसार करना और स्टीकर लगाना प्रमुख प्रोफेशनल वर्ग जैसे डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक उद्योगपति, अधिवक्ता आदि से संवाद करना, व्यापारियों से केवल स्वदेशी उत्पाद बेचने का संकल्प पत्र भरवाना उन्हें प्रमाण पत्र देना और उनके दीवार पर प्रदर्शित करना प्रोफेशनल से स्टार्टअप कम्युनिटी प्रोजेक्ट में मेंटरशिप का संकल्प करवा कर उन्हें आत्मनिर्भर राष्ट्र निर्माण प्रमाण पत्र से सम्मानित करना सरकारी योजनाओं को कम दिए गए जीएसटी के जरिए व्यापारियों को सीधे आर्थिक लाभ और आत्मनिर्भर भारत का सहस्त्र संदेश देना, कॉलेज में इस तरह स्वदेशी संकल्प सेमिनार करवाना जिसमें मुख्य रूप से युवा मोर्चा एवं युवा जनप्रतिनिधि सहयोग करेंगे इस सेमिनार में स्वदेशी बनाम विदेशी जैसे विषयों पर डिबेट और मॉक संसद आयोजित करना हर कॉलेज से आत्मनिर्भर भारत कॉलेज एम्बेसडर चुनकर उन्हें कैंपेन लीडर वोकल फॉर लोकल चौलेंज चलाना जिसमें छात्र एक हफ्ते केवल स्वदेशी उत्पादों का उपयोग कर सोशल मीडिया पर अनुभव साझा करेंगे महानगर अध्यक्ष ग्रीस भंडूला ने कहा कि व्यापारी प्रकोष्ठ और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से स्वदेशी मेला आयोजित करना जिसमें अधिक से अधिक व्यापारी व उद्यमियों के स्वदेशी उत्पादों का स्टाल लगवाना इसमें सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वदेशी मेले से स्वदेशी उत्पाद खरीद कर व्यापारियों को प्रोत्साहित करना तथा मेले में आत्मनिर्भर भारत सेल्फी प्वाइंट लगवाना और प्रतिभागियों की वहां फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर साझा करवाना, मेले में अभियान की ब्रांडिंग करना, मेले की गतिविधियों को स्वदेशी मेला और घर-घर स्वदेशी के साथ-साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करना होगा एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंस को सम्मेलन स्थल पर आमंत्रित करके आत्मनिर्भर भारत यूथ एंबेसडर बनना और उनसे स्वदेशी उत्पादकों का प्रचार करवाना, सरकारी योजनाओं मुद्रा उज्जवलता स्टार्टअप इंडिया कौशल विकास आदि की जानकारी देकर महिलाओं और युवाओं को सीधे लाभ से जोड़ना प्रतिभागियों से सम्मेलन स्थल पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प सिग्नेचर बॉल पर मैं केवल स्वदेशी अपनाऊंगा लिखवा कर हस्ताक्षर करवाना, स्थानीय शिल्पकार और आर्टिसन के कार्य स्थल पर जाकर उनकी कलाकारी और स्वदेशी उत्पादों पर प्रचार प्रसार करना।

## महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज मुरादाबाद में विकसित भारत बिल्ड थॉन का लाइव प्रसारण

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** लाइव प्रसारण कार्यक्रम को देखने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे, बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में चकित चौधरी जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद उपस्थित रहे। इस लाइव प्रसारण में 2047 का विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत किस



प्रकार का होगा इस विषय पर चर्चा हुई। इस लाइव प्रसारण को देखने के लिए छात्र-छात्राओं में जबरदस्त जोश था। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला, मेजर राजीव ढल, सुशील चंद्र गुप्ता, सुमित कुमार शर्मा, पुनीत कुमार गुप्ता, ग्रंथ सिंह, गुलजारी सिंह, खुशीराम, राजीव कुमार गुप्ता, हेमंत कुमार, सलोनी शर्मा, नविदा गुल, सुखलाल, सुरेश कुमार, राहुल कुमार, सुभाष कुमार, आदित्य कश्यप, ओंकार सिंह सहित समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पाकवड़ा दिल्ली हाईवे पर सड़क हादसे में युवक की मौत

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र दिल्ली हाईवे पर सड़क हादसे में बदायूं के रहने वाले एक युवक की मौत हो गई, युवक की मौत की खबर लगते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया है।हादसे की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि बदायूं जनपद का रहने वाला अमितोष रॉबर्ट पुत्र अमित रॉबर्ट बरेली से बीए की पढ़ाई कर रहा था। अमितोष अपनी कार से कहीं जाने के लिए निकला था, की मुरादाबाद जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र दिल्ली हाईवे पर उसकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, इस



हादसे में अमितोष गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया और उसके शव को मोर्चरी में रखवा दिया। पाकबड़ा थाना पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक के परिवार को दी और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं युवक की मौत की खबर जब उसके परिवार को लगी तो उसके परिवार में कोहराम मच गया और मृतक के परिजन मुरादाबाद पहुंच गए। वहीं हादसे के बाद दिल्ली हाईवे पर काफी देर तक जाम की स्थिति भी बनी रही।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत कृष्णा इंटरनेशनल कॉलेज में महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और जेंडर मुद्दों पर संवाद

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति कृष्णा इंटरनेशनल कॉलेज की प्रतिबद्धता को नए आयाम प्रदान करते हुए सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी आशिष प्रताप सिंह ठाकुरद्वारा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और जेंडर मुद्दों पर संवादह्व का भव्य आयोजन कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, ठाकुरद्वारा में किया गया। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह, पुलिस



क्षेत्राधिकारी आशिष प्रताप सिंह एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल ने मिशन शक्ति अभियान की प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि अब पुलिस केवल कानून-व्यवस्था की नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की भी वाहक बन रही है। कॉलेज में विद्यालयों में सुरक्षा से संबंधित मुद्दों को लेकर क्षेत्र के इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्यों की संगोष्ठी भी आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों से लेकर शिक्षकों व प्रधानाचार्य तक के सुरक्षा संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में कृष्णा इंटरनेशनल कॉलेज के प्रबंधक नरेश सिंह चौहान, चेयरमैन गौरव चौहान, डायरेक्टर वरुण राय, प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार शर्मा, ज्ञान प्रकाश चौहान, सहित अन्य इंटर कॉलेजों के सम्मानित प्रधानाचार्य गण एवं कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल के समस्त छात्र छात्राएं व स्टाफ उपस्थित रहे।

## धान की क्रॉप कटिंग कर तत्काल रिपोर्ट जमा कराएं लेखपाल: एसडीएम

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** शासन के निर्देश पर एसडीएम कांठ ने राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपाल के साथ धान की फसल की क्रॉप कटिंग करवाई। शासन ने धान की फसल के क्रॉप कटिंग करने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए थे। जिस पर एसडीएम कांठ संत दास पवार राजस्व निरीक्षक, एवं लेखपाल को साथ लेकर छजलैट एवं ग्राम रसूलपुर चौराह के जंगल में पहुंचे। वहां उन्होंने धान की फसल जो कट रही थी उसकी क्रॉप कटिंग कर जांच की। इसके साथ ही एसडीएम ने लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिए कि क्षेत्र में जितनी भी धान की फसल हैं, किस मानक की पैदावार फसल की निकल रही है इसका आंकलन करें।



इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने तहसील में आकर सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाकर धान की फसल की क्रॉप कटिंग कर उसका आंकलन कर रिपोर्ट तहसील कार्यालय में जमा कराएं। उन्होंने कहा कि इस बार खादर क्षेत्र में धान की फसल का नुकसान हुआ है। जो ऊंचे स्थानों का जंगल है, उसमें अच्छी पैदावार है नीचे के खेतों की फसल अधिक पानी के चलते कमजोर हो गई है। इसलिए सभी लेखपाल अपने-अपने क्षेत्र के ग्रामों की क्रॉप कटिंग कर तत्काल रिपोर्ट प्रेषित करें। एसडीएम संत दास पवार ने बताया कि अभी धान गीला है। इसका सही आंकलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन किसानों की धान की फसल में क्षति हुई थी। ऐसे सभी किसानों को चिन्हित कर उचित मुआवजा ऑनलाइन दिला दिया गया है। इस मौके पर लेखपाल मोहित शर्मा सौरभ चौधरी आदि राज्स्व टीम मौजूद रही।

## महिलाओं व बालिकाओं को किया उनके अधिकारों के प्रति जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत नगर के हॉवर्ड कान्वेंट सीनियर सेकेंड्री स्कूल में महिला सुरक्षा टीम थाना कांठ द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। सोमवार को मिशन शक्ति अभियान फेज द्द 5.0 के अंतर्गत हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में एवं ग्राम कुचावली में महिलाओं व बालिकाओं के साथ गोष्ठी की गई। मिशन शक्ति केंद्र मिशन शक्ति साइबर हेल्प डेस्क को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वूमेन पावर लाइन-1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा -112, स्वास्थ्य सेवा- 102, 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर क्राइम 1930 आदि के बारे में जागरूक किया। इस दौरान साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरण किए गए। इस दौरान उपनिरीक्षक गौरव, सोनम, प्रीति आदि उपस्थित रहे।

# महिलाओं को किया खतौनी का वितरण

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को खतौनी वितरण की गई और पिछले दिनों बाढ़ में सराहनीय कार्य करने पर तहसील के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

तहसील सभागार कांठ में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही कुछ महिलाओं को अविवादित विरासत दर्ज कर उन्हें खतौनी वितरण की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक कांठ राजेश कुमार चुन्नू ने कहा कि भाजपा की प्रदेश और केंद्र सरकार समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत उनके अधिकारों के प्रतीक जागरूक किया जा रहा है जिससे कोई भी उनका उत्पीड़न ना कर सके। इसके साथ उन्होंने महिलाओं से भी आह्वान किया कि वह अपने




अधिकारों के प्रति जागरूक हो और सरकारी योजनाओं का लाभ भी महिलाओं को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रहे हैं जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। इस अवसर पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर राजस्व निरीक्षक करतार सिंह, लेखपाल डिंपल पाल, अंकित सक्सेना, अली हसन को पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू एवं एसडीएम संत दास पवार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता हुकम सिंह, तहसीलदार राजकुमार एवं अन्य भाजपाई एवं तहसील कर्मी उपस्थित रहे।

## निजी हॉस्पिटल में चोरी करते पकड़े गए तीन युवकों को दी तालिबानी सजा

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर में कमालपुरी रोड स्थित एक हॉस्पटल में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। निजी हॉस्पिटल में तीन युवकों को चोरी करते हुए पकड़ लिया गया। गार्ड ने कानून व्यवस्था को अपने हाथो में लेते हुए पुलिस को बुलाने के बजाय खुद ही कानून अपने हाथ में ले लिया और तीनों को लाठी डंडों से पीटने और मुर्गा बनाकर सजा दी। जिसकी वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। नगर के कमलापुरी मार्ग पर स्थित निजी हॉस्पिटल का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान तीन युवक हॉस्पिटल परिसर से लोहे का सामान चोरी करने की कोशिश कर रहे थे। तभी वहा पर मौजूद गार्ड ने तीनों को रंगे हाथों पकड़ लिया और पुलिस को सूचना देने के बजाय उन्हें कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद उसने तीनों की डंडों से जमकर पिटाई की और मुर्गा बनाकर सजा दी। वीडियो में गार्ड युवकों को बेरहमी से पीटते हुए देखा जा सकता है।

### समाचार

## पंजीकृत निर्माण श्रमिक अपने पंजीयन कार्ड का 15 अक्टूबर तक करायें नवीनीकरण

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ के अन्तर्गत श्रम विभाग मुरादाबाद में निर्माण कार्य में लगे हुए श्रमिकों द्वारा अपना पंजीकरण कराया गया है। श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही हैं। उप श्रमायुक्त दीप्तिमान भट्ट ने बताया कि योजनाओं से लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकृत निर्माण श्रमिक सर्वप्रथम अपने पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र के माध्यम से करायें। इसके अतिरिक्त श्रम विभाग द्वारा समय-समय पर तहसील दिवस, लेबर अड्डों एवं अन्य स्थानों पर कैम्प लगाकर पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को उनके श्रमिक पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण कराये जाने हेतु जागरुक किया जा रहा है। श्रमिकों द्वारा अपने श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण न कराने के कारण वे श्रमिक बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का हितलाभ प्राप्त करने के लिए वे अपने श्रमिक पंजीयन कार्ड का दिनांक 15 अक्टूबर तक नवीनीकरण करा लें। उन्होंने बताया कि ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्होंने अपने श्रमिक पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण विगत 04 वर्षो से नहीं कराया है उनका श्रमिक पंजीयन कार्ड पोर्टल पर निष्क्रिय कर दिया जायेगा।

## तीन बच्चों के गायब होने की गुमशुदगी दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव सिहाली उर्फ गनीमत नगर से मैट्रो में बैठकर गांव गोधी में स्थित दीनी मदरसे को शिक्षा हासिल करने जा रहे तीन किशोर रास्ते में ही गायब हो गए। पुलिस ने ग्रामीण की तहरीर पर किशोरों की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मुरादाबाद टिहरी हाइवे के किनारे स्थित थाना क्षेत्र के गांव गोधी में दीनी मदरसे में गांव सिहाली उर्फ गनीमतनगर निवासी ग्रामीणों रईस पाशा उर्फ भूरा का बेटा मोहम्मद रजा एवं अशरफ अली के दो बेटे हसनैन व मोहम्मद रजा दीनी तालीम हासिल करते हैं। जुम्मे के दिन साप्ताहिक छुट्टी में तीनों अपने घर को आए थे। रविवार की सुबह को 9 परिजनों ने तीनों को गनीमतनगर चौराहे पर मैट्रो में बैठाकर मदरसे को भेजा था। शाम तक किशोर मदरसे नही पहुंचे तो परिजनों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि रिश्तेदारों एवं उनके सहपाठी किशोरों से गायब छात्रों की जानकारी जुटाई पर उनका कहीं पता नहीं चला। रविवार को गायब किशोरों के पिता ने प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को बच्चों के गायब होने की तहरीर दी। इस पर पुलिस ने तीन बच्चों के गायब होने की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। परिजन भी अपने स्तर से गायब छात्रों का पता लगाने में जुटे हैं।

## दहेज में पांच लाख की मांग, पति समेत पांच पर तीन तालाक का मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** पुलिस ने मोहल्ला फतेहपुरी निवासी विवाहिता की तहरीर पर पति सास-ससुर समेत पांच के खिलाफ दहेज में पांच लाख की मांग करने को लेकर प्रताड़ित करने एवं तीन तालाक देकर घर से बाहर निकाल देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में मोहल्ला फतेहपुरी निवासी विवाहिता सीमा पुत्री इस्माइल ने बताया है कि दो वर्ष पहले कोतवाली ठाकुरद्वारा के गांव बंकावाला निवासी आजम से लव मैरिज की थी। ससुराल वाले विवाह से खुश नहीं थे। वह पिता के घर से पांच लाख रुपए नकदी लाने की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। कुछ दिनों पहले पति आजम, सास भूरी, देवर अयान, ननद शबाना और बिजनौर के गांव शहादतपुर निवासी ननदोई शकील ने एक राय होकर मारपीट की। पति ने उनका साथ देते हुए तीन तालाक देकर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराने को कहा तो उसने यह कहते हुए मेडिकल परीक्षण कराने से मना कर दिया की उसके कोई आंतरिक एवं बाह्य चोट नहीं है। केस की विवेचना उप निरीक्षक बृजपाल सिंह कर रहे हैं।

## गोदरेज कम्पनी द्वारा उपभोक्ता के साथ धोखा

**उत्तम भारत संवाददाता/अगवानपुर।** गोदरेज कम्पनी द्वारा उपभोक्ता के साथ धोखा अगवानपुर के पुरानी पुलिस चौकी स्थित महिला शबाना ने 27 अक्टूबर 2024 को एक डबल डोर गोदरेज कम्पनी का फ्रिज रिलायंस डिजिटल रिटेल शाप कांठ रोड पीएसी मुरादाबाद से एक वर्ष की वारंटी पर 27 हजार 65 रुपए में नकद पेमेंट पर खरिदा था जनवरी 2025 को फ्रिज को उपयोग में लाया गया कुछ ही दिन बाद फ्रिज खराब हो गया जिसकी शिकायत गोदरेज कम्पनी के टोल फ्री नंबर पर और रिलायंस डिजिटल रिटेल शोरूम कांठ रोड मुरादाबाद पर तीन माह से लगातार शिकायत की गई। शिकायत पर गोदरेज कम्पनी से तीन बार इलैक्ट्रीशियन आए और रिलायंस डिजिटल रिटेल शोरूम से भी चार बार मैकेनिक भेजे गये किंतु फ्रिज सही नहीं हो पाई पिछले एक महीने से उपभोक्ता को गुमराह किया जा रहा है कि इसका क्या समाधान होगा 27 अक्टूबर 2025 को वारंटी का समय समाप्त हो रहा है ऐसा प्रतीत हो रहा है की गोदरेज कम्पनी और रिलायंस डिजिटल रिटेल शोरूम मालिक दोनों वारंटी का समय निकालना चाहते है मजबूरन उपभोक्ता महिला ने उपभोक्ता फोरम में जाने का मन बनाया है।

## 40 कुंतल धान बेचाने वाले किसान का एसडीएम ने किया सम्मानित

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** मंडी समिति कांठ में धान खरीद केंद्र पर सीजन के शुरू में पहले किसान ने 40 कुंतल धान बेचा जिसपर एसडीएम कांठ ने माला पहनाकर किसान का स्वागत किया और धान खरीद केंद्र के प्रभारी को किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

मंडी समिति कांठ में 1 अक्टूबर से धान खरीद केंद्र खोले गए हैं परंतु धान खरीद केंद्रों पर धान खरीद के पर्याप्त इंतजाम एवं सुविधाएं अभी तक पूरी नहीं हुई है। जबकि 13 दिन धान खरीद केंद्र खुले हुए हो गए हैं। सोमवार को मोहल्ला पट्टी वाला निवासी किसान विनोद बिश्नोई नंबरदार अपना 40 कुंतल के करीब धान लेकर अपने छोटे भाई संजय के साथ धान खरीद केंद्र पर पहुंचे, वहां उन्होंने देखा तो पर्याप्त मात्रा में सुविधांए नहीं थी परंतु धान बेचना था। धान खरीद केंद्र के प्रभारी ने एसडीएम तहसीलदार को बुलाया। एसडीएम कांठ संत दास पवार, तहसीलदार राजकुमार धान खरीद केंद्र पर पहुंचे, वहां उन्होंने विधिवत रूप से पहली बार धान खरीद केंद्र पर धान बेचने पहुंचे किसान विनोद बिश्नोई नंबरदार का माला पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। इसके साथ ही एसडीएम ने धान खरीद केंद्र के प्रभारी को निर्देश दिए कि किसानों को सरकार द्वारा जो सुविधा धान क्रय केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही है, वह सभी सुविधाएं किसानों को मिलनी चाहिए और समय से उनका भुगतान होना चाहिए। उन्होंने अधिक से अधिक पंजीकरण कराकर लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीद करने के निर्देश धान खरीद केंद्र के प्रभारी को दिए हैं। इस अवसर पर तहसील कर्मी, किसान और धान खरीद केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे। समिति प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में 5 धान क्रय केंद्र संचालित है। किसान सभी करे केंद्रों पर प्रात 9.00 बजे से सायं 6 बजे तक अपने धान बिक्री कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि यदि पंजीकरण कराते हुए किसानों को कोई समस्याएं आती हैं तब वह तुरंत धान केंद्र पर संपर्क करें। उन्होंने एसडीएम के निर्देश पर किसानों को सभी सुविधाएं उपलब्ध के कराने का आश्वासन दिया है।